लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 193, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
अयोध्या, रविवार, 18 फरवरी 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......2

**आज का मौसम**
26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान
आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी।
सूर्योदय 05 : 44
सूर्यास्त 18 : 02

## गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा


रामभद्राचार्य


गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

### 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

### 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

**अमृत विचार** : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

### मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

### उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।




# पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

### गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने पहली पाली की परीक्षा के बाद 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। इनकी बायोमेट्रिक मैच नहीं हुई। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

- एसटीएफ और जिला पुलिस की कार्रवाई में डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद

**अमृत विचार** : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी ओर सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शह-मात के इस खेल में फिलहाल एसटीएफ और जिला पुलिस कामयाब हैं।

शनिवार और रविवार को होने वाली सीधी भर्ती की इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है। पहले दिन डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद लखनऊ में इंतजाम का जायजा लिया।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि एसटीएफ ने पेपर लीक करने में कैंट से छह को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के पास से ब्लूटूथ डिवाइस के साथ सिमकार्ड रीडर भी मिला। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में एसटीएफ और कल्याणपुर पुलिस ने पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर को बैठाने वाले गिरोह के चार लोगों को अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। इसमें ज्यादातर बिहार के रहने वाले हैं।

इसी तरह नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था। गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

## कार सवार नाबालिगों ने दवा कारोबारी को कुचला, गई जान



**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार स्टंट करते हुए चली आ रही थी।

## कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने 'एक्स' पर अपने परिचय से हटाया कांग्रेस



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे। पिछले कुछ दिनों से छिंदवाड़ा के दौरे पर थे, जहां से वह नौ बार सांसद रहे हैं। उनके पुत्र नकुलनाथ वर्ष 2019 में इस सीट से निर्वाचित हुए।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं।

### दिग्विजय ने बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि मैंने कल रात साढ़े 10 या 11 बजे कमलनाथ से बात की, वह छिंदवाड़ा में हैं। सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे ।

### एक नजर

#### गर्भवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद किया आग के हवाले

**मुरैना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। अंबाह थाने के पुलिस निरीक्षक आलोक परिहार ने बताया कि पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

#### मणिपुर में गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि सुगनू में पिछले तीन दिन से हथियारबंद लोग लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार रात पहाड़ी इलाकों से गोलीबारी की।

#### कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

**नोएडा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा
**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण
**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है।

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## लोस चुनाव में विकास केंद्रित होगा भाजपा का अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी

### राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है।

## देवर ने भाभी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट, खुद पहुंच गया थाने

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- बोला-बेइज्जती का लिया बदला, कटघर थाना क्षेत्र में हुई वारदात
- महिला ने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से किया था विवाह

> हत्यारोपी गुलफाम मृतका फहरीन का सगा देवर था। एक दिन पहले फरहीन का अपनी सास से विवाद हुआ था। इसी गुस्से में गुलफाम ने चाकू से भाभी फरहीन पर वार किए। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। गुलफाम को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।
> –अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी

**अमृत विचार** : कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की उसके देवर ने शनिवार सुबह चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। महिला की तीन महीने पहले दूसरी शादी हुई थी। उसने अपने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से शादी की थी। हत्यारोपी देवर का कहना है कि भाभी ने काफी बेइज्जती करा दी थी, इसलिए उसे मौत के घाट उतार दिया।

थाना कटघर क्षेत्र में करुला गली नंबर-7 शफीनगर में रहने वाली फरहीन (28) की शनिवार सुबह लगभग छह बजे उसके देवर गुलफाम ने गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय महिला और उसके दो छोटे बच्चे घर पर थे।

जबकि पति काम पर गया था। इसी बीच देवर गुलफाम घर में घुसा और फरहीन के गले और पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने के बाद गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गुलफाम मौके से भाग गया और चाकू लेकर कटघर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

# किसान बोले, एमएसपी पर अध्यादेश लाए सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी


पटियाला जिले की शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई

पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है। उन्होंने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैंकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

**विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप**

**बुसान (कोरिया), एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। फिर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन हरमीत देसाई ने इसी लय को जारी रखते हुए गुस्तावो गोमेज को हरा दिया। जी साथियान को ओलिवारेस फेलिप के खिलाफ पहले गेम में थोड़ी चुनौती मिली लेकिन उन्होंने जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) के पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

### अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सेट में बेहतर खेला। उसका स्तर थोड़ा नीचे चला गया, साथ ही उसकी सर्विस खराब हो गई। फाइनल में जगह बनाने के लिए अलकराज का शनिवार को चिली के निकोलस जैरी या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी से मुकाबला होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 284 रन से दी मात

**पर्थ, एजेंसी।** द. अफ्रीका की दूसरी पारी में डेल्मी टकर और क्लो ट्राइटन की जुझारू पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एक पारी और 284 रनों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की। यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और 140 रनों को पीछे छोड़ दिया था। यह पारी के अंतर से उनके दूसरे सबसे बड़ी जीत भी थी। वाका में एलिसा हीली ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। डार्सी ब्राउन ने प्रोटियाज के पांच बल्लेबाजों को आउट कर उन्हें मात्र 76 रन पर रोक दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में द. अफ्रीका की महिलाओं का अब तक का सबसे कम स्कोर था। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी (78) और एलिसा हीली (99) के अर्द्धशतकों के साथ अपनी बल्लेबाजी पारी पर नियंत्रण कर लिया जबकि एनाबेल सदरलैंड के शानदार दोहरे शतक ने मेजबान टीम को आगे बढ़ने में मदद की।

### एफआईएच प्रो लीग: भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें पहले मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमशः 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन आयरिश रक्षा ने गोल से रोक दिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

# जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

## तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**



भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। इस बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव से रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। भारत की कोशिश विकेट बचाते हुए बढ़त में इजाफा की थी क्योंकि अभी काफी समय बचा है। रविवार को टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने के बाद भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त इतनी ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की भागीदारी निभाई। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने रविचंद्रन अश्विन की अनुपस्थिति में अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 84 रन देकर 4 विकेट झटके जबकि कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। अश्विन ने शुक्रवार देर रात परिवार में चिकित्सीय आपात स्थिति के कारण टेस्ट से हटना पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर लंच के बाद बड़ा विकेट दिया। अगली गेंद पर बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उनकी 151 गेंद की पारी में 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे। यह 21 पारियों में नौवीं दफा है जब बुमराह ने इंग्लैंड के इस बल्लेबाज का विकेट लिया।



### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट | 104 | 133 | 9/5 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 65 | 120 | 6/2 |
| रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 03 | 16 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

**इंग्लैंड (पहली पारी) 319/10 (71.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 153 | 151 | 23/2 |
| ओली पोप पगबाधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट का जायसवाल बो बुमराह | 18 | 31 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 04 | 0/0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा | 41 | 89 | 6/0 |
| बेन फोक्स का रोहित बो सिराज | 13 | 37 | 2/0 |
| रेहान अहमद बो सिराज | 06 | 13 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का जुरेल बो जडेजा | 09 | 17 | 2/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 04 | 03 | 1/0 |
| जेम्स एंडरसन बो सिराज | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

### भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे। बीसीसीआई ने कहा कि टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर की याद में बांह पर काली पट्टी पहनेगी।

## अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस



**राजकोट, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है। बीसीसीआई चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार को अपना हार्दिक समर्थन देता है। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य और भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। बयान में कहा गया कि बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकतानुसार समर्थन देने के लिए संचार के रास्ते खुले रखेगी। टीम इंडिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान प्रशंसकों और मीडिया की समझ और सहानुभूति की सराहना करती है। अश्विन ने दूसरे दिन जैक क्रॉली का विकेट लेकर टेस्ट क्रिकेट में अपना 500वां विकेट मनाया। वह टेस्ट इतिहास में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले नौवें गेंदबाज बन गए और अनिल कुंबले के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं।

# महिला टीम पहली बार पहुंची चैंपियनशिप के फाइनल में

## सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया, स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**



**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीदें जीवंत हैं। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी ने पहला युगल, दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गईं। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

### अनमोल शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है : गोपीचंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में अनमोल खरब के शानदार प्रदर्शन के बाद मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि वह निर्भीक और समझदार खिलाड़ी है जो शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है। फरीदाबाद की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने जापान के खिलाफ निर्णायक मैच में दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार इस फाइनल में पहुंचाया। अनमोल दिसंबर 2023 में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन बनी थीं। उन्होंने बुधवार को अपने ग्रुप मैच में चीन की वु लुओ यु पर तीन गेम में रोमांचक जीत हासिल की थी। यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

# दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**रणजी ट्रॉफी**



**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में हो रहे रणजी मैच के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ संजीत ने 202 तो कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रनों की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने पहली पारी में 414 रनों का स्कोर खड़ा किया। उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों में 332 गेंदों पर 212 रन की साझेदारी की। अमनदीप ने 151 गेंद पर 114 रन (15 चौके और 1 छक्का) बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था, तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच कराया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 202 रन बनाए।

### सौरभ कुमार के 300 विकेट

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेट लेने का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने 70वें मैच तक अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। आकिब खान ने 3, अटल बिहारी और यश दयाल ने 1-1 विकेट लिए।

### सौरभ और नितीश ने संभाला मोर्चा

उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 40 रन के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों स्कोर 110 रन तक ले गए। खेल खत्म होने तक सौरभ 55 और नितीश 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने 2, आशीष चौहान ने 1 विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

### कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है।सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

### वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

### घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

### शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

### कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### रेशु जैन ने संभाला नायब तहसीलदार का पद



अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : नायब तहसीलदार मवई के पद पर तहसील बीकापुर से स्थांतरित होकर आई रेशु जैन ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया। छह माह पहले नायब तहसीलदार मवई रहे वीरेंद्र कुमार के तहसीलदार पद प्रोन्नत होने के बाद से नायब तहसीलदार मवई की कुर्सी खाली चल रही थी। नवागत नायब तहसीलदार ने कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता होगी। बार और बेंच के मध्य सामंजस्य स्थापित कर राजस्व वादों का निस्तारण का प्रयास रहेगा।

### हादसे में बाइक सवार पिता की मौत, बेटा गंभीर

अयोध्या। अमृत विचार : लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर बाइक सवार बाप-बेटे को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिला अस्पताल से रेफर किये जाने के बाद लखनऊ में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटे का वहीं पर उपचार चल रहा है। लखनऊ के टेढ़ी पुलिया थाना क्षेत्र के गुडम्बा का रहने वाला सुधीर कुमार गौड़ (55) पुत्र राधेलाल अपने बेटे आकाश गौड़ (22) के साथ शुक्रवार देर रात बाइक से लखनऊ हाईवे स्थित एक होटल जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाप-बेटे को रात 2.05 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया। दोनों को भर्ती कराने वाली नेहा ने बताया कि पति सुधीर की हेड इंजरी के चलते मौत हो गई। बेटे का केजीएमयू में इलाज चल रहा है।




# अभी तो मास्टर प्लान में ही फंसा पड़ा है सड़कों के जाल का प्रस्ताव


**एयरपोर्ट निर्माण के दौरान ही प्राधिकरण ने बनाया था प्रस्ताव एयरपोर्ट से सीधे जुड़ जाता अयोध्या और लखनऊ मार्ग**

**स्वीकृत मास्टर प्लान के बाद भी अभी नहीं शुरू हो सकी है कोई कवायद**

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से अयोध्या - सुल्तानपुर हाईवे को जाम से निजात दिलाने के लिए सड़कों का जाल का बिछाए जाने के लिए बनाया गया मास्टर प्लान करीब एक साल बाद भी मूर्त रूप नहीं ले सका है। नतीजतन एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद से अयोध्या - सुल्तानपुर रोड ही नहीं अयोध्या को जोड़ने वाले अन्य मार्ग के साथ ही आसपास के गलियां भी जाम की गिरफ्त में हैं।

प्रस्ताव में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने खुद इस बात का जिक्र किया था कि देश - विदेश के पर्यटकों को कनेक्टिविटी देने के लिए एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा है। यह भी उल्लेख किया गया था कि एयरपोर्ट संचालन के बाद अयोध्या - सुल्तानपुर मार्ग पर ट्रैफिक समस्या होगी। इसके समाधान के लिए फिरोजपुर से गंजा होते हुए हांसापुर गांव को क्रॉस करते हुए घाटमपुर के पास लखनऊ फोरलेन से जोड़ते हुए और एयरपोर्ट से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछा कर भविष्य में लगने वाले जाम से निजात दिलाई जा सकती है। प्राधिकरण बोर्ड ने इस प्रस्ताव को बाकायदा पारित कर मास्टर प्लान में शामिल किया है। सड़कों के इस जाल को लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन के साथ ही अयोध्या और अंबेडकरनगर को जोड़ने की योजना का ले-आउट बनाया गया था। मास्टर प्लान के मुताबिक करीब 45 मीटर चौड़ी सड़क का प्रस्ताव मास्टर प्लान शामिल किया गया। प्रस्तावित मास्टर प्लान के तहत करीब 13 से अधिक मार्गों के निर्माण को इसमें शामिल किया गया है।


प्राधिकरण द्वारा बनाया गया मास्टर प्लान।

### मास्टर प्लान तो बना, सड़कों के निर्माण में बजट का रोड़ा

जाम से निजात के लिए साल भर पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनाया गया मास्टर प्लान अभी शुरू नहीं हो सका है। बजट न मिलने की वजह से प्रस्तावित सड़कों का जाल फैलाने की योजना जहां की तहां अटकी पड़ी हुई है। प्राधिकरण सूत्रों के अनुसार इसके लिए आगणन बना कर शासन में भेजा गया है लेकिन वित विभाग की ओर से बजट अभी तक नहीं स्वीकृत हुआ है। बजट कब मिलेगा और निर्माण कब शुरू होगा अभी भविष्य के गर्भ में है।

### मास्टर प्लान में इन - इन क्षेत्रों में फैलाया जाना है सड़कों का जाल

अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से बनाए गए मास्टर प्लान में एयरपोर्ट संचालन पर भविष्य में होने वाले सड़क जाम के समाधान को प्रमुखता से शामिल किया गया था। प्रस्ताव में स्पष्ट कहा गया है कि एयरपोर्ट शुरू होने के बाद ही सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग पर ट्रैफिक समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसके समाधान के लिए फिरोजपुर से होते हुए गंजा और मलिकपुर उसके बाद पूरे हुसैन खां और चांदपुर हरिवंश के बीच से एयरपोर्ट, राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज, सीआरपीएफ न्यू कैंप के मार्ग को जोड़ते हुए सड़क निर्माण प्रस्तावित किया गया था। इसके अलावा हांसापुर और गद्दोपुर के मध्य से, आगे बढ़कर बनबीरपुर और जगदीशपुर के मध्य से होते हुए हाजीपुर सिंहपुर के बाद भिखनपुर और घाटमपुर से निकलकर लखनऊ-गोरखपुर फोरलेन को जोड़ने के लिए 45 मीटर चौड़ी सड़क का प्रस्ताव भी मास्टर प्लान में है।

### फोरलेन से जुड़ने थे मार्ग, रिंग रोड को लांघती प्रस्तावित सड़क

एयरपोर्ट को लखनऊ फोरलेन से जोड़ने वाला एक मार्ग है तो दूसरी दिशा में एयरपोर्ट से रिंग रोड को क्रॉस करते हुए अम्बेडकरनगर जाने वाले मार्ग है। यदि योजना रंग लाती है तो अयोध्या के लिए भी यह मार्ग सरल हो जाएगा। बता दें कि लखनऊ के मार्ग पर यह रोड जाकर कुंवर चंद्रावती डिग्री कॉलेज के पास से निकलती है।


सुल्तानपुर रोड पर रोजाना लगता है जाम।

> एयरपोर्ट संचालन के बाद जाम को दृष्टिगत रखते हुए सड़कों के जाल का प्रस्ताव मास्टर प्लान में है। इसका पूरा ले-आउट भी तैयार कर लिया गया है। बजट मिलते ही योजना पर कार्य शुरू हो जायेगा। **-सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण**





श्रीराम जन्मभूमि परिसर में आयोजित रागोत्सव में प्रस्तुति देतीं हेमा मालिनी व अभिनंदन करते ट्रस्ट के सदस्य और कार्यक्रम संयोजक।

# रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरत नाट्यम की प्रस्तुति

**श्रीराम की स्तुति के साथ किया प्रारम्भ, 40 मिनट तक निवेदित की श्रद्धा**


**राग उत्सव में शामिल हुईं सांसद हेमा मालिनी का किया गया स्वागत**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया।

करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम... की प्रस्तुति दी। अंतिम में उन्होंने भरत नाट्यम की विधा तिल्लाना की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रही। रामलला के दरबार में प्रस्तुति देकर हेमामालिनी अभिभूत नजर आईं। उन्होंने कहा कि रामलला के दरबार में उनके सम्मुख नृत्य सेवा करने का अवसर मिला है। यह जीवन का परम सौभाग्य है। मैं राममंदिर के हर एक सेवक का धन्यवाद करती हूं। संयोजक यतींद्र मिश्र को रागोत्सव की परिकल्पना के लिए बधाई भी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र की ओर से अभिनंदन किया गया।

### अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन


होटल में प्रशंसकों के बीच अभिनेता पंकज धीर।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

# प्रयागराज से साइकिल से पहुंचा 25 डॉक्टरों का दल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रयागराज से साइकिल से चल कर शनिवार को चिकित्सकों का एक दल जय श्री राम का उद्घघोष करते अयोध्या धाम पहुंचा। 25 सदस्यों वाले चिकित्सकों का यह दल रविवार को सामूहिक रूप से रामलला के दर्शन करेगा।

प्रयागराज के चिकित्सकों का यह दल शनिवार को सुबह तेलियरगंज पेट्रोल से चल कर प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर होता हुआ अयोध्या पहुंचा है। जय श्री राम की पट्टे पहने दल के अधिकतर सदस्य इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य हैं। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता ने साइकिल चलाते हुए एक वीडियो संदेश बनाया है। उन्होंने कहा, श्रीराम के दर्शन करने के लिए हम लोग साइकिल से अयोध्या जा रहे हैं। साइकिल चलाना सेहत के लिए भी लाभकारी है। पीआरओ डॉ अनूप चौहान ने बताया अयोध्या से वापसी में दूसरे साधनों से होगी।

अयोध्या धाम पहुंचा प्रयागराज के डाक्टरों का दल।



**साइकिल यात्रा में शामिल हैं ये डॉक्टर**

डायबिटीज स्पेशलिस्ट व एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुबोध जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल शुक्ल, एसोसिएशन के सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. मोहित जैन, डॉ. उत्सव सिंह, आशीष द्विवेदी, डॉ. हिमांशु भूषण, डॉ. क्षितीज श्रीवास्तव, डॉ. पंकज खत्री, रानू विक्रम सिंह, डॉ. सौरभ गुजराती, डॉ. प्रशांत त्रिपाठी, डॉ. राजीव गौतम, मयंक अवस्थी, डॉ. बीके सिंह, डॉ. सौरभ चंद्र वर्मा, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. सीएस गुप्ता, डॉ. अभिषेक सरन, डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. सपन श्रीवास्तव, डॉ. कुमार कीर्ति सिंह शामिल हैं।

# परिषदीय स्कूलों में लगाए जाएंगे सोलर पैनल

**पहले चरण के लिए शासन की ओर से पांच लाख 37372 रुपये की धनराशि अवमुक्त**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बिजली की समस्या खत्म होने वाली है। शासन की तरफ से स्कूलों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके लिए शासन की ओर से 5, 37, 372 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जिले में कुल 1792 परिषदीय विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में सरकार की ओर से से बिजली, पानी समेत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। तमाम विद्यालयों में विद्युतीकरण नहीं होने से अभी बिजली नहीं पहुंच सकी है। बिजली के अभाव में पंखे शोपीस बने हैं। गर्मी के दिनों में इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे व शिक्षक काफी परेशान रहते हैं। इन सब समस्याओं को देखते हुए शासन ने स्कूलों में सोलर पैनल की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में जिले के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें करीब तीन लाख 76 हजार 160 रुपये ऊर्जा विकास अभिकरण को अवमुक्त कर दिए गए हैं। सोलर पैनल लगाने की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारी नेडा को दी गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि प्रथम चरण के लिए स्कूलों को चिन्हित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### सिन्धु एकता मंच की जिलाध्यक्ष बनीं मुस्कान


मुस्कान सावलानी का स्वागत करते सिंधी समाज के लोग।

अयोध्या, अमृत विचार : सिन्धु महिला परिवार की अध्यक्ष मुस्कान सावलानी को सिन्धु एकता मंच महिला इकाई का जिला अध्यक्ष बनाया गया। यह घोषणा शनिवार को एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष वाराणसी से आए सुरेश सत्या ने मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी के मौजूदगी में की। मुस्कान सावलानी ने कहा कि जुलाई में एकता मंच का अंतराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन अयोध्या में होना है। होली के बाद कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर मुस्कान का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी, हरीश सावलानी, उमेश संगतानी, अशोक मदान, गोपी आडवाणी, अशोक आडवाणी, सुरेश सावलानी आदि ने मुस्कान के अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया।

### वार्षिकोत्सव के जरिए बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा


वार्षिकोत्सव पर नाटक की प्रस्तुति देते छात्र - छात्राएं।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सपा नेता अनूप सिंह ने कहा कि शिक्षा से न केवल निजी तौर पर अपितु एक अच्छे इंसान का निर्माण होता है। विशिष्ट अतिथि कवियित्री आद्विका भारद्वाज ने शुभारंभ किया। सपा जिला महासचिव बख्तियार खान ने मेधावियों और अध्यापकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन बच्चों आशुतोष तिवारी, सोनाली यादव, अयज्ञा तिवारी, अंजली सिंह, आकर्ष पाल एवं सुशांत पांडेय ने किया। इस दौरान गायत्री देवी, केएम शुगर मिल के जीएम एएन सिंह, पवन तिवारी, पंकज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय प्रबंधक ने दिए कारवाई के निर्देश

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : विभागीय समीक्षा बैठक में डिपो क्षेत्र में कम डीजल औसत और लोड फैक्टर को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने नाराजगी जताई है। समीक्षा बैठक के बाद शनिवार को सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर कार्रवाई का निर्देश दिया है। क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से कार्रवाई के निर्देश के बाद अयोध्या डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश ने कम लोड फैक्टर वाले 28 परिचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है कि क्यों न उनकी संविदा समाप्त कर प्रतिभूति राशि जप्त कर ली जाए। साथ ही बिना सूचना ड्यूटी से गैर हाजिर रहने के आरोप में दो चालक और चार परिचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### घाट पर महिला से मारपीट, लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली के सरयूघाट पर दिल्ली निवासी एक अधेड़ महिला से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। महिला ने घाट के एक पंडे पर काम दिलाने का वास्ता देकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। हलांकि अभी कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी है। दिल्ली के उत्तम नगर निवासी लगभग 45 वर्षीय महिला का कहना है कि शुक्रवार को वह अपने लड्डू गोपाल (मूर्ति) के साथ अयोध्या आई थी। पुराने घाट पर उसकी मुलाकात एक पंडा से हुई। पंडे ने उसको काम दिलाने का वादा कर रोक लिया और रात में मदद का वास्ता देकर शारीरिक शोषण की कोशिश की। विरोध करने पर बांस के डंडे से हमला बोल दिया और पिटाई की। जिससे हथेली फट गई और कई टांके लगवनाने पड़े। महिला का कहना है कि वह बेसहारा है और यहां बाकी की जिंदगी गुजारने आई थी। इस बाबत अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। जानकारी पर जाँच शुरू कराई गई है। प्राथमिक जाँच में मारपीट का मामला सामने आया है।

### खाना बनाने आए बावर्ची की बाइक चोरी

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : वैवाहिक समारोह में खाना बनाने आए बावर्ची की बाइक को चोरों ने उड़ा दी। घटना हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार मजरे कुरैयाभारी का है। रामचंद्र वर्मा के पुत्री की शादी में सुल्तानपुर जिला गांव लोहरामऊ मिसिरपुर थाना कोतवाली देहात निवासी संदीप कुमार गुप्ता अपने साथियों के साथ खाना बनाने आया था। इसी दौरान बाइक चोरी हो गई। एसओ मो अरशद ने बताया तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।


दुकान पर खरीदारी करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

अयोध्या। अमृत विचार : भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।

# बार और बेंच के सामंजस्य से ही होगा समस्याओं का समाधान

**दीवानी न्यायालय में अदालतों का प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने किया निरीक्षण**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सभी समस्याओं का समाधान बार और बेंच के सामंजस्य से ही होगा। अगर दोनों में सामंजस्य नहीं है तो समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। यह बातें उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति तथा जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष माथुर ने कहीं।

वे शनिवार को कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में अधिवक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला जज और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने समस्याओं के बारे में बताया है, इसके बावजूद आप सभी सरलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। यह बड़ी बात है। उन्होंने नए न्यायालय भवन में लिफ्ट की समस्या को ठीक करवाने का आश्वासन दिया। कहा कि लिफ्टमैन का प्रबंध जल्द किया जाएगा ताकि लिफ्ट में फंसने की दशा में लोगों को फौरन मदद मिल सके। प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने जिले के पीठासीन अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था पर भी बात करने को कहा। उन्होंने जिले में न्यायिक कर्मचारी के रिक्त पड़े पदों की समस्या भी जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व उन्होंने दीवानी न्यायालय प्रांगण में स्थित समस्त अदालतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें फास्ट्रैक कोर्ट संचालन का स्थान छोटा लगा, इसे उन्होंने बड़े न्यायालय कक्ष में स्थापित करने का सुझाव दिया। पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह ने ग्राम न्यायालय को तहसीलों में स्थापित किए जाने तथा नए न्यायालय भवन की लिफ्ट ठीक करवाने और लिफ्ट संचालन के लिए लिफ्ट मैन की मांग भी की। अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने न्यायमूर्ति का माल्यार्पण कर व राम मंदिर का चित्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने भी न्यायमूर्ति और जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज कुलदीप सिंह, सीजेएम भव्या तिवारी, मंत्री विपिन कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


प्रशासनिक न्यायमूर्ति को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**व्यवस्था** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को आरती भोग के बाद बंद हुआ मंदिर का कपाट, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सात बजे से 10 बजे तक खुल रहा था मंदिर

# पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शनिवार का दोपहर 12 बजे की आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया जाएगा। इस दौरान करीब 50 मिनट तक रामलला को विश्राम कराया गया। मंदिर का कपाट एक बजे के करीब फिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। बता दें कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु का रेला उमड़ा तो मंदिर को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक खोलना पड़ा। उसके बाद रामलला को दोपहर में विश्राम नहीं कराया जा रहा था।

### दोपहर की आरती में शामिल हुए 200 पास धारक

रामलला के दोपहर में भोग आरती के दौरान लगभग 200 भक्त शामिल हुए। राम मंदिर में एक बार फिर से आरती में श्रद्धालुओं को पास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए श्रद्धालुओं को ऑनलाइन और काउंटर के मध्याम से पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पहले दिन दोपहर में 12 बजे पास धारकों को राम मंदिर में प्रवेश दिया गया।


रामपथ से पूजित गंगा जल लेकर पहुंचे राम मंदिर के ट्रस्टी विश्व प्रसन्न तीर्थ।


राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंडपोत्सव में शामिल श्रद्धालु।

### पूजित गंगा जल से रामलला की रजत प्रतिमा का किया गया अभिषेक

अयोध्या। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में चल रहे 45 दिवसीय मंडपोत्सव में शनिवार को भीष्माष्टमी पर पूजित गंगाजल से रामलला की उत्सव मूर्ति का अभिषेक किया गया। माघ शुक्ल अष्टमी को राममंदिर के ट्रस्टी जगद्गुरु विश्वप्रसन्न तीर्थ ने प्रमोदवन स्थित अपने आश्रम में गंगाजल से युक्त कलश की विधिविधान पूजा-अर्चना की। इसके बाद पैदल कलश लेकर रामजन्मभूमि परिसर पहुंचे। जहां यज्ञस्थल का गंगाजल से अभिषेक किया गया और कलश स्थापना कर पूजन हुआ। पूजन के बाद इसी जल कलश से रामलला का अभिषेक किया गया।

# पहले दिन 96 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा


## 1626 रहे गैरहाजिर, मजिस्ट्रेट और सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हुई दो दिवसीय पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर भर्ती के लिए दो दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार को मजिस्ट्रेट और सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में 36188 अभ्यर्थियों ने जिले के 38 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी, कुल लगभग चार फिसदी 1626 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। पहले दिन कुल 37824 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था। परीक्षा केंद्र में कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट समेत अन्य सामान ले जाने की मनाही थी। जिलाधिकारी और एसएसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। केंद्र के बाहर मौजूद अभ्यर्थियों से बातचीत की।

दो-दो पालियों में आयोजित इस दो दिवसीय पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए जिले से 75 हजार 648 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए बनाये गए कुल 38 परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ सभी में केंद्र व्यवस्थापक के साथ सहायक और कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशासन की ओर से नकल विहीन परीक्षा के लिए 15 मजिस्ट्रेट और पांच उड़न दस्ता गठित किया गया था, जो शनिवार को घूमघूमकर निगरानी में जुटा रहा। परीक्षा केंद्रों पर उपनिरीक्षक के साथ पुलिस बल मुस्तैद रहा वहीं अधिकारी व एजेंसियों निगरानी में जुटी रहीं।

परीक्षा के प्रशासनिक नोडल अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को पहली पाली में 18912 में से 18113 (95.78 फीसदी) उपस्थित और 799 (4.22 फीसदी) गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में 18912 में से 18075 (95.57 फीसदी) अभ्यर्थी उपस्थित व 837 (4.42 फीसदी) गैर हाजिर रहे। कुल 36188 ने परीक्षा दी है। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गई।


मनोहर लाल इंटर कॉलेज में कक्ष का निरीक्षण करते डीएमऔर एसएसपी। अमृत विचार

### डबल लॉक से निकला प्रश्नपत्र सुरक्षा घेरे में पहुंचा केंद्र

आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों को कोषागार के डबल लॉक में रखा गया था। सुबह अधिकारियों की मौजूदगी में इसको डबल लॉक से निकलवाया गया और कड़े सुरक्षा घेरे के बीच अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया। निर्धारित प्रोटोकाल के तहत प्रश्नपत्रों के बंडल समिति के समक्ष खोले गए। शहर के सुकन्या देवी इंटर कॉलेज पर बिना फिंगर रिकग्नीशन के अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिए जाने का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने फिर से लाइन लगवाई और प्रक्रिया का पालन करवाया।


मनोहर लाल इंटर कॉलेज में परीक्षा के लिए प्रवेश करते अभ्यर्थी। अमृत विचार


आशीष कुमार वर्मा


मौसम शुक्ला


रेखा कुमारी


अनिरुद्ध सिंह

### परीक्षार्थियों ने कहा-प्रश्नपत्र तो आसान था, कथन व निष्कर्ष ने उलझाया

पुलिस आरक्षी परीक्षा में पहली पाली के परीक्षार्थियों ने कहा कि भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र तो आसान था, लेकिन कथन व निष्कर्ष ने थोड़ी उलझन जरूर पैदा की। गणित के सवाल भी उलझे हुए थे। परीक्षार्थी आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रश्नपत्र में सामान्य ज्ञान से सवाल ज्यादा पूछे गए। कथन और निष्कर्ष से जुड़े कुछ सवाल तो मशक्कत करने के बाद हल हो गए लेकिन कुछ का सही परिणाम नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा होने के चलते कट ऑफ मेरिट ज्यादा होने की उम्मीद है। छात्रा मौसम शुक्ला ने बताया कि प्रश्नपत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली और व्यवहार से जुड़े सवाल भी पूछे गए थे। पूछ गया था कि कुछ धार्मिक रीति-रिवाज व पूजा स्थलों में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद अगर ऐसे हालात समाने आते हैं तो उसको कैसे निपटाया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़ा सवाल भी आया था। परीक्षार्थी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की भांति पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में राम और राम मंदिर से जुड़ा सवाल तो नहीं था, लेकिन कृष्ण की जन्मभूमि और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़ा सवाल पूछा गया। रेखा कुमारी ने बताया कि प्रश्नपत्र में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, संविधान सभा के अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से किये गए नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के मुख्यालय के शुभारंभ से जुड़ा सवाल आया था। साथ ही साइबर क्राइम से जुड़े फिशिंग और धान व मक्के के खेती के दौरान होने वाले लोक नृत्य के बारे में पूछा गया था।


## कर्मचारी होता है किसी संस्था की रीढ़ : अभय

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** डॉ. राम प्रसन्न मणिराम महाविद्यालय सरायराशी में शनिवार को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक व सेमिनार का समापन हुआ। मुख्य अतिथि गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह ने कहा विश्वविद्यालय व कॉलेजों के कर्मचारी ही संस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा उच्च शिक्षा के विकास के लिए प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी और उनके संगठनों की महती भूमिका होती है। उन्होंने पुरानी पेंशन प्रणाली को सही ठहराया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं कॉलेज महासंघ के अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह ने कहा कि संस्था की प्रगति में कर्मियों का विशेष योगदान होता है। सेमिनार में विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालय एव कॉलेजों के संगठन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव, ग्राम प्रधान अनीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह, विश्वजीत सिंह, रणधीर सिंह लल्ला आदि मौजूद रहे। संचालन रणधीर सिंह ने किया व आयोजक डॉ. आरबी सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## छात्रों को एनईपी के तहत डिग्री मिलेगीः डॉ. आलोक चौबे


मुख्य अतिथि का स्वागत करते शिक्षक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन में परिचर्चा कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता इग्नू के रजिस्ट्रार डॉ. आलोक चौबे ने बताया कि इग्नू के छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप केवल चार वर्ष में स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त हो सकेगी। समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि इग्नू के छात्रों के लिए आगे भी शिक्षा के मार्ग खुले है। संचालन सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशुतोष पाण्डेय द्वारा किया गया।


कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित मंथन में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## 14 वर्षों में भारत में बढ़ा 33 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन : कुलपति

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पर्यावरण के लिए जीवन शैली विषय पर यूजीसी युवा मंथन कार्यक्रम शनिवार को हुआ। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में बायोटेक्नॉलजी विभाग में यह आयोजित किया गया। चर्चा के दौरान कुलपति ने कहा कि विकसित राष्ट्रों द्वारा किया गया प्रकृति का दोहन हमेशा से अभिलेखन से बाहर रहा है। 14 वर्षों में भारत का कार्बन उत्सर्जन रिकॉर्ड 33 प्रतिशत की गति से बढ़ा है। मंथन में पशुपालन महाविद्यालय के पुष्पित जोशी प्रथम, कृषि महाविद्यालय के विनित गिरी दूसरे एवं सामुदायिक महाविद्यालय की आरुषी पांडेय ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर यूएनओ मॉडल कॉप के प्रतिनिधि विनीत गिरी, वैष्णवी, सुयुक्ती मल्होत्रा, उत्कर्ष सिंह एवं एआईपीपीएम के प्रतिनिधि अजीत सिंह, आरुषी मिश्रा, दिव्यांश त्रिपाठी, पुष्पित जोशी आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डीके दिवेदी, कुलसचिव डॉ. पी.एस प्रमाणिक, कार्यक्रम समन्वयक डॉ.नवाज अहमद खान, डॉ. संजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

**युवा मंथन में ग्लोबल वॉर्मिंग, जलवायु, प्रदूषण पर हुई चर्चा**

## हिंदुत्व भाजपा की पहचान, फिर आयेगी सत्ता में : सुब्रह्मण्यम स्वामी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने पहुंचे राज्यसभा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी ने कहा कि हिंदुत्व भाजपा की पहचान है। वह लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल कर फिर से सत्ता में आयेगी। उन्होंने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और समाज पार्टी पर भी कटाक्ष किया।

रामलला के दर्शन के बाद राज्यसभा सांसद का श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय और सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने स्वागत किया।उन्होंने प्रमोदवन स्थित शाखा कांचीकाम कोट मंदिर में भी दर्शन पूजन किया।

**प्राण प्रतिष्ठा में सोनिया गांधी को नहीं बुलाया जाना चाहिए था**

उन्होंने कहा कि भाजपा एक व्यापक पार्टी के रूप में उभर कर आई है। राष्ट्र के लिए जो भाजपा ने सवाल उठाया है उसमें जनता प्रसन्न है। ज्ञानवापी प्रकरण पर कहा कि सपा को अब मुस्लिमों को बोल देना चाहिए वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर के ऊपर बनी है उसको हटाकर पूरा मंदिर बनाएंगे, अगर वह मस्जिद दूसरी जगह बनाना चाहते हैं तो मदद करेंगे। विपक्ष को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर बुलाये जाने पर कहा कि नहीं बुलाते तो हंगामा करते। कहा कि सोनिया गांधी को नहीं बुलाना चाहिए था क्योंकि वह ईसाई हैं।

## सरयू पुल के समानान्तर बनेगा दो लेन का एक और पुल

अयोध्या कार्यालय

**शनिवार को जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया, बताया धर्मपथ की चौड़ाई होगी अब 60 मीटर**

**अमृत विचार :** अयोध्या में सरयू पुल के समानान्तर दो लेन का एक और पुल बनेगा। इसके साथ ही लता चौक से रेलवे अंडर ब्रिज तक धर्मपथ की चौड़ाई और बढ़ाकर 60 मीटर की जाएगी। अभी यह केवल 46 मीटर चौड़ा है। इसके साथ ही इस बेहद खूबसूरत और उपयोगी पथ पर पब्लिक यूटिलिटी की सुविधाएं और बेहतर की जाएगी। इसे लेकर शनिवार को जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया और खुद के सामने नपाई भी कराई।


नपाई कराते और निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### उदया व मोहबरा ओवरब्रिज के दो और लेन तीन दिनों में होंगे शुरू

जिलाधिकारी ने बताया उदया और मोहबरा के दो ओवर ब्रिज के दो लेन चल रहे हैं। शेष दो तीन दिनों के भीतर आरंभ हो जाएंगे। अप्रैल-मई तक अयोध्या में 5 रेलवे ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा दो और ओवर ब्रिज के निर्माण पर काम चल रहा है। हमारा प्रयास है कि अयोध्या और राम मंदिर की हर ओर से कनेक्टविटी बेहतर हो। एयरपोर्ट से हाईवे को जोड़ने के लिए एक और मार्ग बनाया जाएगा।

### लता चौक से सरयू पुल तक 22 मीटर चौड़ा होगा मार्ग

डीएम नीतिश कुमार ने बताया कि लता चौक से सरयू के पुराने पुल तक भी सड़क को चौड़ा कर उससे सरयू स्नानघाट के दोनों छोर से बेहतर ढंग से जोड़ा जाएगा। जहां धर्मपथ 14 मीटर है उसे चौड़ा करके 22 मीटर किया जाएगा। यह क्षेत्र लता चौक से सरयू पुल तक का एरिया होगा। इससे लोग भीड़ के दौरान सरयू स्नानघाटों पर बेहतर ढंग से पहुंच सकेंगे।

### नयाघाट से दशरथ समाधि तक फोर लेन मार्ग बनाया जाएगा

लक्ष्मण पथ राजघाट से गुप्तारघाट और दशरथ समाधि को जोड़ने के लिए नयाघाट से दशरथ समाधि तक फोर लेन मार्ग बनाया जाएगा। कहा कि अयोध्या को गोरखपुर, सुल्तानपुर आदि हर ओर से बेहतर कनेक्टविटी देने पर काम तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान लोनिवि प्रान्तीय खंड के अधिकारी मौजूद रहे।


**फुटपाथ बना पार्किंग**

रामपथ का निर्माण लोगों की सहूलियत के लिए हुआ लेकिन यहां भी गजब ढाया जा रहा है। रामपथ पर सुंदर ढंग से पैदल चलने वालों के लिए बना फुटपाथ अब पार्किंग सरीखा बनता जा रहा है। नतीजा पैदल चलने वाले मुख्य मार्ग पर चलने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में दुर्घटना हो तो कौन जिम्मेदार होगा, कृपया जागरुक नागरिक बनें। ● अमृत विचार

## मौसम में बदलाव से किसान खुश फसलों के लिए बताया वरदान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मौसम में हो रहे बदलाव का असर पर खेती-किसानी पर पड़ेगा। लगातार धूप निकलने से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। किसानों का कहना है कि कोहरा व शीतलहर का प्रकोप थमने से फसलें अब प्रभावित नहीं होंगी बल्कि उनकी उपज में बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही फसलों में कीट व रोग लगने की संभावना अब न के बराबर हो गई है। उम्मीद है कि इस बार फसलों की पैदावार अच्छी होगी।

पूराबाजार संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के किसानों राम नयन पांडेय, सुरेंद्र पांडे, प्रिंस पांडे, गिरजा शंकर राय, शिव शंकर आदि का कहना है कि लगातार धूप निकलना खेती के लिए लाभदायक है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह मौसम बना रहा तो सरसों, चना, मटर व गेहूं की फसलों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। हालांकि उनका कहना है कि अगर पछुवा हवा चलती है पछैती बोई गई गेहूं की फसल को प्रभावित होगी और पैदावार कम होने की संभावना है।

**बोले- नहीं लगेंगे कीट व रोग, फसल भी होगी अच्छी**

### धूप की तपिश ने लोगों को दिलाई ठंड से राहत

पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मौसम अब साफ होने लगा है। लगातार धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि सुबह-शाम की गुलाबी ठंड को लेकर थोड़ा एहतियात बरत रहे हैं। लोगों का कहना था कि इसी तरह से धूप रही तो इस बार भीषण गर्मी पड़ने के आसार है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 26 .5 जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति एक किमी. प्रति घंटा रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना जताई है।



## सार-संक्षेप

### सोशल मीडिया में जन भागीदारी के अपार अवसरः प्रो. गोविंद


अवध विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता व छात्र-छात्राएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग एवं बचपन एक्सप्रेस लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सोशल मीडिया में बढ़ती असहनशीलता, कारण एवं समाधान पर कार्यशाला हुई। प्रमुख वक्ता विभागाध्यक्ष जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ प्रो. गोविंद जी पाण्डेय रहे। उद्घाटन सत्र में प्रो. गोविंद जी पाण्डेय ने बताया कि सोशल मीडिया एक अनियंत्रित वैश्विक प्लेटफार्म है। जिसमें असंख्य लोगों के द्वारा विचारों की अभिव्यक्ति की जाती है। सोशल मीडिया में जन भागीदारी के अपार अवसर है और इसी सूचना क्रांति ने पूरी दुनिया को बदल कर रख दिया है। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ. महेन्द्र कुमार पाधी ने कहा कि सोशल मीडिया ने नागरिक पत्रकारिता को जन्म दे दिया है। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ. लोकनाथ ने बताया कि सोशल में साक्षरता की बात की जा रही है। समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कार्यशाला का संचालक किया। स्वागत विभाग के शिक्षक डॉ.आर एन पाण्डेय व डॉ. अनिल कुमार विश्वा द्वारा किया गया।

### पूर्वी उत्तर प्रदेश की भावी कार्य योजना पर मंथन आज

**अयोध्या अमृत विचार :** भारत संचार निगम लिमिटेड के पूर्वी उत्तर प्रदेश की भावी कार्ययोजना पर चिंतन-मंथन के लिए अधिकारियों का जनपद पहुंचना शुरू हो गया है। रविवार को विभागीय प्रगति और आगे की रणनीति पर चर्चा होनी है। जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश सर्किल के सभी 18 महाप्रबन्धक समेत अन्य आला अधिकारी शिरकत करेंगें। बीएसएनएल के निदेशक इंटरप्राइजेज और मुख्य प्रधान प्रबंधक जनपद पहुँच गए हैं। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों तथा उनके मंत्रिमंडल समूह के सदस्यों के अलावा विभिन्न प्रदेशों से श्रद्धालुओं और विशिषटजनों का रामनगरी आगमन जारी है, इसी दूरसंचार क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी बीएसएनएल ने इस वर्ष की पूर्वी उत्तर प्रदेश की उच्च स्तरीय बैठक अयोध्या में करने का निर्णय लिया है। यह बैठक रविवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल के सभागार में होनी है, जिसके लिए निदेशक इंटरप्राइजेज वी रमेश और मुख्य महाप्रबन्धक शनिवार को जनपद पहुंच गए। महाप्रबन्धक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बैठक में सर्किल के सभी 18 महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगें।

### दो वार्डों से जुड़े 300 लोगों को मिला कंबल


नगर पंचायत खिरौनी में हुआ कंबल वितरण। अमृत विचार

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** खिरौनी सुचित्तागंज में शनिवार को पंचायत मुख्यालय पर कंबल वितरण हुआ। वितरण के क्रम में वार्ड 14 व 5 के पात्रों को 300 कंबल वितरित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। सभासद फरीद अहमद और अंकुर गौतम के साथ चेयरमैन प्रतिनिधि राम सुमेर भारती मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि रुकी विकास योजनाओं को भी जल्दी ही धरातल पर लाया जाएगा।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलती है भगवत कृपा


कथा कहते आचार्य धरणीधर।

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** सोनबरसा माफी बनखोदवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य धरणीधर ने अजामिल उद्धार, भक्त प्रहलाद चरित्र एवं नरसिंह अवतार का प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि अभिमान शून्य हृदय ही प्रभु को वंदन कर सकता हैं।अभिमान त्यागने की चीज हैं, किन्तु भक्ति दर्शन कहता हैं कि यदि अभिमान को नहीं छोड़ सकते तो वह अभिमान प्रभु के चरणों से जोड़ दे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से भगवत कृपा हासिल होती है। इस मौके पर राम अभिलाष मिश्र, कुलदीप मिश्र, संदीप मिश्र, पंडित अनिरुद्ध मिश्र, आचार्य सच्चिदानंद मिश्र आदि मौजूद रहे।

**रामोत्सव**

**कठपुतली ने गाए राम भजन, कथक नृत्य नाटिकाओं से दिखे रामचरितमानस के प्रसंग, विविध प्रस्तुतियों ने छोड़ी छाप, जय श्रीराम के घोष से गूंजा पंडाल**

# गीत, संगीत और नृत्य का संगम श्रद्धालुओं को कर रहा सराबोर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव में राम कथा पार्क में गीत, संगीत और नृत्य का संगम श्रद्धालुओं को सराबोर कर रहा है। कथा व्यास उज्ज्वल शांडिल्य महाराज ने शनिवार को दोपहर मानस के प्रसंगों को सुना कर सबको भाव विभोर कर दिया। वहीं अवध के शिवम मिश्र ने अपने दल के साथ इक बार जो रघुबर की कृपा हो जाए... गाकर रामलला की प्रतिष्ठा को स्वर दिया। तेरा रामजी करेंगे बेड़ा पार... और श्रीराम जानकी बसे है मेरे मन में... गाकर विभोर किया। वाइब्रेंट आर्ट कल्चर सोसाइटी के कलाकारों ने श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन पर स्तुति करने के बाद अवध में मिथिला की होली पर लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

इसके अलावा लोकविधा कठपुतली के माध्यम से श्रीनारायण श्रीवास्तव और उनके दल ने भारतीय लोक कला की समृद्धता को सिद्ध कर दिया। सूत्रधार के माध्यम से गणेश वंदना करने के बाद भजनों को श्रंखला पर कठपुतलियों का अभिनय,संचालन,संवाद ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तिमय वातावरण में डॉ.रचना श्रीवास्तव ने अवधी लोक गायन और लोक नृत्य प्रस्तुत किए। अंशिका, सोनम, जाह्नवी, सत्यम सिंह के साथ जनक जी के दरबार का प्रसंग "राजा जनक जी के द्वारे बड़ी भीड़,वीर सब आए" प्रस्तुत किया।

लखनऊ से आई इशिका त्रिपाठी के दल ने रामकथा की प्रस्तुति नृत्य नाटिका के माध्यम से किया। राम सीता का विवाह होते ही पांडाल जय सियाराम के घोष से गूंजने लगा। पंजाब से आए शैलिका कंबोज के दल ने पारंपरिक "लूटी" नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकार मनजोत ने पंजाब की जुगनी गाकर सभी के दिलों को जीत लिया। उर्मिला पांडे के दल ने अपनी नृत्य नाटिका के माध्यम से रामजी के अयोध्या आगमन तक के प्रसंग प्रस्तुत किए। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी ने सभी कलाकारों का सम्मान स्मृति चिह्न देकर किया।कार्यक्रम समन्वयक अतुल, विशाल सिंह, आरती, अरुण सोनकर, दिलीप शर्मा रितिका, दीपशिखा आदि मौजूद रहीं।


रामकथा पार्क में राम प्रसंग पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार।



सीता स्वयंवर प्रसंग पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

## एक नजर

### सकुशल संपन्न हुई पुलिस भर्ती की परीक्षा

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न इंटर कॉलेज में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में सकुशल संपन्न हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार पटेल इंटर कॉलेज लालपुर, न्यू लाइट इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन, संत कबीर इंटर कॉलेज सैदपुर में पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था के चलते बिना किसी अप्रिय घटना के परीक्षा संपन्न हुई। राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन की प्रथम पाली परीक्षा में 480 परीक्षार्थियों में 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कराए जा रहे सुलह-समझौते के क्रम में शुक्रवार को महिला सहायता प्रकोष्ठ 1090 महिला उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और महिला आरक्षी पूनम शर्मा के प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद जोड़े आपस में साथ रहने के लिए राजी हो गए।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अभियुक्त लालजी पत्रु बिसुनकांत तिवारी निवासी हज्जीपुर थाना जहांगीरगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 19 को शायरों का जमावड़ा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** 19 फरवरी को रात्रि में नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित अखाड़ा परिसर में जश्न सरकार-ए-वफा में शायरों और उलमाओं का जमावड़ा होगा। कार्यक्रम में मंजर ऐलिया, वसीम अमरोही, बेलाल काजमी, मंजर मेरठी, दिलशाद इलाहाबादी, जैगम सिरसिवी, सागर बनारसी, अजहर कायमी, अंसर जलालपुरी, अनीस जायसी, वारिस जलालपुरी, डॉ. कुमैल, मशहद जलालपुरी समेत दर्जनों शायर कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक रजी इमाम ने दी है।

# जनपद में 39 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**▶ 1, 659 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित, 39 केंद्रों पर हुई परीक्षा ▶ डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण**

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान कक्ष का निरीक्षण करते डीएम व साथ में एसपी।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ. कौस्तुभ।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के तहत लगातार जनपद के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। शनिवार को जनपद के 39 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। दोनों पालियों में 41 हजार 472 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 39 हजार 813 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया। वहीं 1 हजार 659 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

पहली पाली में पंजीकृत 20,736 परीक्षार्थियों में 19,914 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 822 अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में पंजीकृत 20,736 परीक्षार्थियों में 19,899 अभ्यर्थी उपस्थित और 837 अनुपस्थित रहे। प्रथम और द्वितीय पाली की लिखित परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बीएन इंटर कॉलेज, सीवी सिंह लॉ कॉलेज, बिंदेश्वरी महा विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त पाई गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, परीक्षा में फर्जीवाड़ा, नकल पर पूर्णतरू रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और सीओ के अलावा थानाध्यक्ष भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी में लगे रहे।

### आज भी आयोजित होगी परीक्षा

रविवार को जनपद के 39 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रथम पाली में 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगा। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। स्टैटिक मजिस्ट्रेटों और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### परीक्षा केंद्रों पर ये वस्तुएं रहीं प्रतिबंधित

पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉलेट, सनग्लासेस, कैप, ज्वेलरी, फूड आइटम्स, मोबाइल, यूएसवी ड्राइव, कैमरा, वाच, किसी भी प्रकार की चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र पर प्रतिबन्धित हैं।

# प्रधान पति ने विद्यालय में किया हंगामा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

- 7 माह से एमडीएम की कनवर्जन कास्ट की बकाया धनराशि नहीं मिलने से प्रधान पति थे नाराज
- भियांव शिक्षा क्षेत्र के माधवपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय का है मामला


माधवपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में हंगामा करते प्रधान पति माखन लाल निषाद।

**अमृत विचार।** कई माह से एमडीएम की कनवर्जन कास्ट की बकाया धनराशि नहीं मिलने से नाराज विद्यालय पहुंचे प्रधान पति जिला पंचायत सदस्य ने जमकर हंगामा किया। जिससे विद्यालय में पठन-पाठन व्यवस्था ठंप रही। मामला भियांव शिक्षा क्षेत्र के माधवपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय का है।

बता दें कि शनिवार को बीते सात माह से मध्यान्ह भोजन की खाता में पड़ी धनराशि को खाना बनाने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस बीच लगभग 60 हजार रुपए प्रधान पति जिला पंचायत सदस्य माखन लाल निषाद ने अपने जेब से खर्च किया है। जब भुगतान नहीं मिला तो माखन लाल बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र भेज बकाया धनराशि भुगतान दिलाने की मांग की। अधिकारियों को पत्र देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। जिससे नाराज प्रधान ने बीते गुरुवार और शुक्रवार को एमडीएम बनवाना बंद कर दिया। शनिवार को प्रधानाध्यापक ने निजी खर्च से भोजन बनवाना शुरू किया। जब भोजन बनने की जानकारी प्रधान पति को हुई तो वह विद्यालय पहुंचे और रोक के बावजूद भोजन बनता देख क्रोधित हो गए। प्रधान पति माखनलाल निषाद ने बताया कि भुगतान में प्रधानाध्यापक बाधक बने हुए है। राशन कोटेदार और प्रधानाध्यापक के बीच गेंहू और चावल को लेकर विवाद है। लगातार भोजन बनवाने के बाद लगभग 60 हजार रुपए कनवर्जन कास्ट का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी भियांव से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

# बेटे ने पिता को फावड़े से काट डाला, गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर।**

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** कलयुगी बेटे ने फावड़े से पिता पर कई प्रहार किए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला टांडा कोतवाली क्षेत्र के पूरा विश्राम गांव का है।

बता दें कि टांडा थाना क्षेत्र के बेल्दहां में ईंट भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर संदीप बीती रात नशे में धुत होकर घर आया और किसी बात को लेकर अपने पिता अनिल मांझी से विवाद करने लगा। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि कलयुगी बेट ने अपने पिता की फावड़े से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दिया। मृतक अनिल मांझी पुत्र प्रभु मांझी निवासी नोनरा कुर्मा जनपद नेवादा बिहार का रहने वाला था। वह टांडा क्षेत्र में ईंट भट्ठे पर मजदूरी का काम कर जीवन यापन करता था। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी युवक को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### एसपी बोले

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### कवि तारकेश्वर ने बढ़ाया जनपद का गौरव


तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु, कवि।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** दुनिया के सबसे बड़े कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा कर जनपद के कवि साहित्यकार डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु ने जनपद का नाम रोशन किया है। बुलंदी संस्था द्वारा विश्व हिंदी दिवस से प्रारंभ हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिंदी के अनवरत कवि सम्मेलन को हार्वर्ड रिकॉर्ड द्वारा विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है। उक्त आयोजन में दुनिया के 55 देशों के हिंदी कवियों सहित 1205 कलमकारों ने प्रतिभाग किया। यह आयोजन 220 घंटे अनवरत आयोजित हुआ। हार्वर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा सबसे ज्यादा देशों की सहभागिता सहित अनवरत 220 घंटे आयोजित होने पर यह आयोजन विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है। उक्त आयोजन में काव्य पाठ के लिए जनपद के चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु को संस्था के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी और संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा आमंत्रित किया गया था।

### स्कूल से प्राप्त ज्ञान सकारात्मक दिशा में लगाएं छात्र : विधायक


राज इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सपा विधायक त्रिभुवन दत्त व अन्य।

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विदाई मनुष्य के जीवन की प्रमुख कड़ी है जिसके तहत भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने कि लिए स्थान परिवर्तन आवश्यक है। उक्त बातें सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने राज इंटर कॉलेज मल्लूपुर राजेसुल्तानपुर में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि छात्रों को विद्यालय में प्राप्त ज्ञान को सकारात्मक दिशा में लगाना होगा, जिससे उनका भविष्य बेहतर होगा। कार्यक्रम के मौके पर सपा विधायक त्रिभुवन दत्त ने छात्रों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक राज बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रों को अपने करियर का निर्धारण करके आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को रणविजय सिंह, ओंकार मिश्रा, छात्र सभा के अभिजीत यादव, विजय प्रकाश पटेल, सूर्यनाथ पांडेय, जसवीर सिंह, अमित दुबे समेत कई अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर राजकुमार जायसवाल, महेंद्र प्रसाद मिश्र, रामप्यारे निषाद, रामचंद्र वर्मा, अजय एडवोकेट, नायबे आलम, सुगंधा सिंह, अंबिका समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में तीन लोगों पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक धाराओं में तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दिया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षी प्रीतम और प्रेम निवासी सोहगूपुर निखिल निवासी कुसुम खोर थाना जैतपुर एक मनबढ़ और दबंग किस्म के लोग हैं। जो बीते 15 फरवरी को रात में घर का दरवाजा तोड़कर घुस गए और हाथ खींचने लगे। जिससे शोर शराबा सुनकर परिजन पुराने घर से आ गए। विपक्षी धारदार कुल्हाड़ी और लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करते हुए बुरी तरह से पीटने लगे। जिसमें पिता के सिर में कुल्हाड़ी से वार करते हुए सर फोड़ दिया, जिससे गंभीर चोट आई। बीच बचाव करने पहुंची माता को भी चोटे आई और शोर शराबा सुन जब तक ग्रामीण एकत्रित होते तब तक हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है।

### अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका पुलिस ने एक युवक को मुखबिर की सूचना पर चाकू के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है। कटका थाने के उपनिरीक्षक कमलेश यादव अपने हमराही योगेंद्र यादव, हरिबल यादव, प्रवीण कुमार यादव के साथ थाने से रवाना होकर क्षेत्र की देखभाल के लिए निकले थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली एक युवक अवैध चाकू लेकर हाफिजपुर पुलिया के पास मौजूद है जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में पहुंच कर घेरकर उसे पकड़ लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुभाष निषाद निवासी भियांव थाना कटका बताया है। वहीं मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि युवक को महिला से छेड़छाड़ के आरोप में डायल 112 के द्वारा हिरासत में लेकर थाने लाई थी। लेकिन उसे छेड़छाड़ के मामले में आरोपित न करते हुए चाकू में कार्यवाही की गई है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

# किसी भी विभाग में नहीं होना चाहिए डिफाल्टर: डीएम


समीक्षा करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।**

- डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश, शिकायतकर्ता से संबंधित अधिकारी निस्तारण से पूर्व करें वार्ता

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार ऑनलाइन, मुख्यमंत्री संदर्भ समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विभाग में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। आईजीआरएस का निस्तारण ससमय गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए और भविष्य में ध्यान रखा जाए कि डिफाल्टर संदर्भ न होने पाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिया कि आख्या अपलोड करने से पहले आप सभी स्वयं से देखें, बिना देखें कोई आख्या अपलोड न किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संबंधित अधिकारी निस्तारण से पूर्व वार्ता करें। आइजीआरएस रैंकिंग में माह जनवरी में प्रदेश के 75 जनपदों में जनपद को प्रथम स्थान मिला है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर जनपद स्तरीय समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आगे भी टीम भावना के साथ इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला की धनराशि अब 25 हजार


अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के लिए अभिलेख की संख्या कम की गई है और योजना के आवेदन पत्र क्षेत्रीय कार्मिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से भरवाना है। बता दें कि कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने और समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की क्रूप्रथा रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से 2019 में प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना संचालित किए जाने के लिए दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में 30 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम इस योजना के सभी 6 श्रेणीयों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि को 15 हजार रुपए से बढ़कर 25 हजार रुपए किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार आवेदन पत्र में कतिपय अभिलेख की संख्या भी कम की गई है। जिसकी विस्तृत जानकारी जिला प्रोवेशन कार्यालय विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव नगर विकास को लिखा पत्र

**जलालपुर, अंबेडकरनर**

**अमृत विचार।** लिपिक को नियम विरुद्ध अधिशासी अधिकारी द्वारा निलंबित कर उसे जनपद कार्यालय में संबंध करने का मामला गहराता जा रहा है। नगर पालिका की अध्यक्ष खुर्शीद जहां ने प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र लिखकर अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र भेज कर मांग किया है।

मामला जलालपुर नगर पालिका में कार्यरत लिपिक राम प्रकाश पांडेय से संबंधित है। जानकारी के अनुसार एक टेंडर में समय से ओटीपी नहीं देने के आरोप में अपर जिलाधिकारी के निर्देश के बाद अधिशासी अधिकारी यदुनाथ ने उन्हें निलंबित कर दिया था। जबकि लिपिक की नियुक्ति नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा की जाती है। शासनादेश के अनुसार नियुक्त प्राधिकारी ही अपने अधीनस्थ को निलंबित कर सकता है। लेकिन इसके विपरीत अधिशासी अधिकारी ने अपने पद का नाजायज दुरूपयोग करते हुए अध्यक्ष को प्रदत्त शक्तियों का अतिक्रमण किया गया है। जब पत्रावली अध्यक्ष के पास गयी तो वह सन्न रह गई और उन्होंने नगर विकास सचिव समेत निदेशक स्थानीय निकाय आयुक्त अयोध्या, जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी को इसकी छाया प्रति भेजा है।

### ईओ बोले

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका यदुनाथ ने बताया कि जो कार्रवाई की गई है वह कानूनी प्रकिया के तहत की गई है। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार है।

# सीबी सिंह लॉ कॉलेज में आत्मरक्षा के सिखाए गुर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


कार्यशाला को संबोधित करते सीबी सिंह लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप।

**अमृत विचार।** सीबी सिंह लॉ कालेज में एक दिवसीय आत्मरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीबी सिंह लॉ कालेज के छात्र-छात्राओं को आत्म संरक्षण संबंधी विधिक और संवैधानिक प्राविधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं से भारतीय दण्ड संहिता 1860 अध्याय 4 में उपबन्धित प्राविधान की धारा 96 से 106 पर लगभग बीस छात्रों नें अपना संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। कब और किन-किन परिस्थितियों अपने शरीर व सम्पत्ति की प्रतिरक्षा में मृत्यु तक कारित की जा सकती है। इससे सम्बन्धित धारा 100 ऐसा हमला जिसमें मृत्यु कारित होने की सम्भावना प्रबल है। घोर उपहति की स्थिति में बलात्कार की स्थिति में, अपाहरण व्यापहरण की स्थिति में, आप्रकृतिक सम्बन्ध में, सदोष परिरोध, अवरोध की स्थिति में और धारा 103 डकैती की स्थिति में, रात्रि गृह आतिचार, भवन में विस्फोट पदार्थ लगाकर क्षतिग्रस्त करने की स्थिति में, चोरी की स्थिति में, भारतीय दण्ड संहिता 1860 पर विस्तृत चर्चा परिचर्या सम्पन्न हुई। और इस पर यह बल दिया गया कि उपरोक्त परिस्थितियों में कोई भी किसी की भी मृत्यु तक कार्य कर सकता है। कार्यकम का संचालन सीपी तिवारी, मुख्य वक्ता डॉ. सुभाषचन्द्र, डॉ. शरद कुमार, डॉ. जेपी, डॉ. मयंक देव, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, अशोक कुमार, दीपमाला, सूर्य शेखर, सन्तोष प्रताप, सदानन्द उपस्थिति रहे। कार्यकम का समापन प्राचार्य सीबी सिंह लॉ कालेज डॉ. उदय प्रताप ने किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना संख्या 08-TMC-POH-DGS-BRM-23-24 दिनांक 16.02.2024**

उप मुख्य इन्जीनियर/टीएमसी/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित करते है।

**बीसीएम, एफ आर एम मशीनों पर स्क्रीन मेश पुरा सेट एवं स्ट्रीप बनाकर आवश्यकता अनुसार लगाना**

क्र.सं. 1:- खुली निविदा संख्या तथा खुलने की तिथि:**08-TMC-POH-DGS-BRM-23-24,** खोलने की तिथि: 11.03.2024, **सक्षिप्त विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के डीजीएस-365 एवं बीआरएम(पीबीआर)-400-आर-25 ट्रैक मशीन के शेड्यूल पिरिऑडिक ओवरहालिंग (पीओएच) का कार्य संलग्न शेड्यिुल के अनुसार। आवश्यक मात्राः संलग्न शेड्यिुल के अनुसार, प्रेशितिः टीएमसी वर्कशॉप गोरखपुर छावनी पर कार्य। परिदान अवधिः 04 माह, अनुमानित निविदा मूल्य (रू0): ₹ 1,28,51,958.06, बयाना राशि (रू0): ₹ 2,14,300/-

नोटः-1. उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट खुली निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर निविदा बन्द होने की तिथि को 15.00 बजे तक रहेगी। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की की अपना IT Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाईट पर पंजीकृत करायें। 3. दर, फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। 4. संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। 5. बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा। 6. जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्तें जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तों से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो उन शर्तों का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से-पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्तें देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summarily Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा। 7. निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। 8. यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।

1.अधि0अभि0/टीएमसी-I-9794845264
2.सीसेई/(टीएमसी)-9794840293


अधि0अभि0/टीएमसी
मुजाधि/डब्लू-545 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**मौका** विकास खंड भीटी में रोजगार मेले का किया गया आयोजन, चयनितों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

# रोजगार मेले में 205 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 156 हुए चयनित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**


रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ मौजूद चयनित छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के बीना सॉफ्ट कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र पर विकास खंड भीटी में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 205 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 156 अभ्यर्थियों का चयनित कर उन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

रोजगार मेले में मुख्य अतिथि राणा वीर सिंह ब्लॉक प्रतिनिधि विकास खंड भीटी, विशिष्ट अतिथि कुलदीप सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, अमर नाथ सिंह प्रबंधक प्रशिक्षण केंद्र, प्रबंधक शिव पूजन सिंह और कौशल विकास मिशन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थिति रहे। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कौशल प्रबंधक कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जिला कौशल प्रबंधक कौशल विकास मिशन ने उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पुरुषों के लिए 15 से 35 आयु वर्ग और महिलाओं के लिए 15 से 45 आयु वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन परिवार के युवाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना और आर्थिक दृष्टि से स्वालम्बी बनाकर कुशल श्रमशक्ति में सम्मिलित करना है। सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवकों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को बीना सॉफ्ट कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केंद्र पर विकास खंड भीटी में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 205 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 156 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

### रोजगार मेले में अधिक से अधिक करें प्रतिभाग

जिला कौशल प्रबंधक ने बताया कि जनपद में इसी प्रकार से हर एक विकास खंडों में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में जो प्रशिक्षित लाभार्थी है वो अधिक से अधिक प्रतिभाग करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके उपरान्त जिला कौशल प्रबंधक द्वारा कार्यकम का समापन किया गया। जो आयोजित रोजगार मेला दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना है।

# जनपद में 19 को होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर समिति 2023 के सफल आयोजन के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन पर जनपद के जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में आयोजित किया जा रहा है। आगामी 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में 14 हजार से अधिक एमओयू शामिल हैं। शासन के निर्णय के अनुसार जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व में 19 को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन जनपद में भी किया जा रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधि सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। जनपद मुख्यालय पर शिवाय लान में इसके सफल आयोजन की जिम्मेदारी उपयुक्त उद्योग और विधानसभा के अंतर्गत अन्य अधिकारियों को जिलाधिकारी ने नोडल के रूप में नामित किया है।

## एक नजर

### बकाया भुगतान के लिए वाहन स्वामी करें आवेदन

**गोंडा कार्यालय:** विधानसभा चुनाव 2017 में परिवहन विभाग की ओर से अधिगृहित किए गए भारी वाहनों के भुगतान के लिए शासन ने बजट भेजा है। विभाग ने सभी पात्र बकायादारों से आवेदन मांगा है। एआरटीओ बबिता वर्मा ने बताया कि कुल बकायदार 192 वाहन स्वामियों के सापेक्ष इस मद में 5 लाख 47 हजार मिले है। उन्होंने सभी पात्र वाहन स्वामियों से आवेदन आमंत्रित किए है ताकि समय रहते भुगतान की विभागीय कार्रवाई पूरी की जा सके। बताया कि सिर्फ 2017 विधानसभा के बकाएदार 192 वाहन स्वामियों को ही भुगतान के निर्देश है।

### पूर्व प्रधान के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत असिधा की पूर्व प्रधान नंदिनी पांडेय 85 का निधन हो जाने पर उत्तर प्रदेश ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी व श्री रघु बाबा आरोग्य सेवा संस्थान घुघुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की है। दोनों लोगों ने उनके घर जाकर उनके पुत्र प्रधान मदन मोहन पांडेय को अपने स्तर से सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया है।

### जर्जर बिजली का तार बदलवाने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया के शुक्ल कौड़िया गांव में लगे जर्जर तार व खंभो को बदले जाने की मांग ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है। उनके इस मांग पर विधायक ने आवश्यक कार्रवाई कराई जाने का आश्वासन दिया है।

### कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बिशनपुर बेलभरिया में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश मिश्र की देखरेख में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं को ग्राम प्रधान अफसर अली ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। ओम प्रकाश यादव, अनुपा तिवारी, संतोष दुबे, सर्वेश सोनी, प्रमदंद पांडेय, नोमान अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### मनकापुर में बिना परमिट हरे पेड़ पर चला आरा

**मनकापुर, गोंडा:** तहसील मनकापुर के वन रेंज क्षेत्र सादुल्लानगर में बिना परमिट के हरे-भरे प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बिना वैध परमिट के काटे जा रहे है। तहसील मनकापुर के सादुल्लाहनगर रेंज के चुवाड गांव में एक एक ईंट भट्ठा के पास खेत में लगे लगभग 60 पेड़ व संगवा गांव में स्कूल के पास लगभग 50 पेड़ सागौन के बिना परमिट के काट डाले गये हैं। इससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है।

# अब खाद्यान्न के साथ मिलेगा पीएम की फोटो वाला कैरी बैग

## राशनकार्ड धारकों को चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व हर हाल में कैरी बैग के वितरण का है निर्देश

गोंडा कार्यालय




**अमृत विचार:** केंद्र सरकार अब राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न के साथ कैरी बैग भी देगी। इस बैग पर पीएम मोदी की फोटो के साथ योजनाओं का नाम भी लिखा होगा। सरकार के निर्देश के क्रम में इसी माह कैरी बैग वितरण प्रारंभ होगा। अफसरों का कहना है कि इससे उपभोक्ताओं को खाद्यान्न लेने में सुविधा होगी। हालांकि जानकार इसे लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं तक अपनी सीधी पहुंच बनाने की कोशिश को रूप में देख रहे हैं।

जिले में करीब छह लाख अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारक हैं। प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत भारत सरकार राशन कार्ड धारकों को बिल्कुल निशुल्क प्रत्येक माह खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। सरकार योजनाओं को प्रचार प्रसार को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ रही है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री अन्न योजना के प्रसार को लेकर कार्ड धारकों को लोकसभा चुनाव से पहले राशन के साथ कैरी बैग दिए जाने की योजना बनाई गई है। कैरी बैग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो छपी है। शासन की मंशा है कि इस चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व इसी माह राशन वितरण के साथ कार्ड धारकों को कैरी बैग भी दे दिया जाए। रसद विभाग की ओर से जिले के पूर्ति अधिकारियों को निर्देश भी आ चुका है। इस निर्देश के मुताबिक फरवरी माह में खाद्यान्न वितरण के साथ-साथ राशन कार्ड धारकों को कैरी बैग दिया जाएगा। कैरी बैग मिलने से लाभार्थियों को खाद्यान्न लेने में सुविधा होगी। कैरी बैग का वितरण हर हाल इस माह हो जाए, इसको लेकर सक्रियता साफ दिखाई दे रही है। आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग जीपी राय की तरफ से उप महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम को भेजे गए पत्र में भी चुनाव आदर्श आचार संहिता के पूर्व कैरी बैग वितरण का जिक्र किया गया है। जीपी राय अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग ने भारतीय खाद्य निगम के उप महाप्रबंधक को पत्र भेज कर 18 फरवरी तक उपलब्ध करवाने को कहा है,लेकिन अभी तक जिले में कैरी बैग नहीं आया है।

> राशनकार्ड धारकों को कैरी बैग दिए जाने की जानकारी मिली है। लेकिन अभी तक कैरी बैग की उपलब्धता जनपद में नहीं हो पाई है। जिले में करीब छह लाख राशनकार्ड धारक हैं। सभी राशन कार्ड धारकों को कैरी बैग दिया जाना है। कैरी बैग के उपलब्ध होने पर कोटेदारों के माध्यम से सभी राशन कार्ड धारकों को कैरी बैग उपलब्ध करा दिया जाएगा।
> -कृष्ण गोपाल पांडेय, जिलापूर्ति अधिकारी



रोजगार मेले में मुख्य अतिथि जगदेव को मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित।

## 39 युवा रोजगार के लिए चयनित

**मनकापुर, गोंडा:** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत द्वितीय चरण के रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी ने किया। मेले में 110 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। आठ कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 39 युवाओं को चयनित किया गया। मेले में यजाकी इंडिया, ग्रेट रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड, वर्ल्ड मोबाइल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर प्राइवेट लिमिटेड, एस एस प्राइवेट लिमिटेड, इन्टास प्राइवेट लिमिटेड, इंटस बायोटेक हेल्थ केयर आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने रिक्तियों के सापेक्ष 39 युवाओं का साक्षात्कार कर चयन किया।

# पेट्रोल पंप मैनेजर ने हेरफेर कर 11.95 लाख रुपये हड़पे

## पोल खुलने पर नौकरी छोड़कर भागा, रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** परसपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर स्थित शिवादीप आटो फ्यूल सेन्टर के मैनेजर ने अमानत में खयानत करते हुए 11.95 लाख रुपये हड़प लिया। पंप मालिक ने जब अभिलेखों की जांच पड़ताल की तो मैनेजर को करतूत की पोल खुल गयी। पोल खुलते ही मैनेजर मौका पाकर भाग निकला। पीडित पंप मालिक ने आरोपी मैनेजर को खिलाफ थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस आरोपी मैनेजर की तलाश में जुटी है।

तरबगंज थाना क्षेत्र के भिखारीपुर कला गांव के रहने वाले श्याम सुन्दर सिंह सेवानिवृत्त सैनिक हैं। परसपुर करनैलगंज मार्ग पर बसंतपुर शिवादीप आटो फ्यूल सेन्टर के नाम से उनका पेट्रोल पंप है। स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होने पंप की जिम्मेदारी अपने रिश्तेदार अजय सिंह निवासी चौहानपुरवा लिलोई कलां थाना उमरीबेगमगंज को सौंप रखी है। अजय सिंह चौहान का कहना है कि उन्होंने बसंतपुर आटा थाना परसपुर निवासी राधेश्याम प्रजापति को पंप पर सेल्स मैनेजर के रूप में नियुक्त किया था। पूरे पंप के हिसाब किताब की जिम्मेदारी उसी के पास थी। इस दौरान उसने अभिलेखों में हेरफेर करते हुए 11.95 लाख रुपये का गबन कर लिया। जब उन्होने अभिलेखों की जांच पड़ताल की तो पता चला कि मैनेजर राधेश्याम ने अक्टूबर 2022 से अब तक 11.95 लाख रुपये का हेरफेर किया है। जब इस संबंध में उन्होने राधेश्याम से पूछताछ की तो उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए उन्हे पूरी धनराशि का चेक दे दिया। अजय का कहना है कि जब उन्होने बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इस दौरान मौका पाकर मैनेजर राधेश्याम भाग निकला। मामले में अजय सिंह ने आरोपी मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है।थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी है।



परसपुर के बसंतपुर स्थित शिवादीप ऑटो फ्यूल सेंटर। अमृत विचार

### मंडलायुक्त करेंगे नगरपालिका की जांच

**गोंडा कार्यालय:** नगर पालिका मे ढाई करोड़ से होने वाले 43 विकास कार्यों की टेंडर फ़ार्म खरीद के लिए सिर्फ एक दिन का समय दिया गया। आनन फानन मे सारी ठेका प्रक्रिया तब पूरी भी करा दी गई जब अधिशासी अधिकारी गैर जनपद भेजे गए थे। मामले की शिकायत की गई तो जांच ईओ को ही दे दी गई। असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं ने पोर्टल पर फिर से शिकायत की तो इस बार मामले की जांच मंडलायुक्त को दी गई है। शिकायत कर्ता मुजीब आलम और अनस खान ने जन शिकायत पोर्टल पर इसे लेकर शिकायत की थी। मामले की जांच नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ही सौंप दी गई जबकि शिकायतकर्ता ने शिकायत में चेयरमैन, ईओ और लिपिक की भूमिका को संदिग्ध बताया था। फिर से शिकायत की गई तो इसबार जांच मंडलायुक्त को दी गई है। डीएम नेहा शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत कर्ता मुजीब आलम को जानकारी दी कि अब मामले की जांच मंडलायुक्त स्वयं करेंगे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** फैजाबाद रोड स्थित सेठ एमआर जयपूरिया स्कूल मे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आगाज़ - 2. 0 का आयोजन किया गया। शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन से किया गया । नगर पालिका अध्यक्ष उज़्मा राशिद मुख्य अतिथि रहीं. बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक जीवन भी आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुवात गणेश वंदना से हुई।

बच्चों के शानदार प्रदर्शन ने सबका मन मोह लिया। अभिभावकों ने कार्यक्रम को खूब सराहा। कार्यक्रम पोटली बाबा ने खूब सराहना की गयी।

डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता, अशोक गुप्ता, इंदु गुप्ता, रिंकी गुप्ता, प्रधानाचार्य सुप्रिया शर्मा, वंदना सिंह और गौतम पांडेय, डॉक्टर अनिता मिश्रा उपस्थित रहे। बच्चों ने विक्रम बत्रा, ब्रदर एनथम, श्रवण कुमार, गांधीजी, नीरजा, एकलव्य, सामूहिक नृत्य का मंचन कर खूब तालियां बटोरी। वार्षिक उत्सव में नरेंद्र मिश्रा, दीपिका पांडेय, रोहित मिश्रा, प्रियंका जायसवाल, अजय कृष्णा त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, शशांक तिवारी, आदित्य तिवारी, अमन अग्रवाल, राजेश, रंजीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

# बिल निकलवाने आए युवकों ने कंप्यूटर ऑपरेटर को पीटा

**गोंडा कार्यालय:** अंबेडकर चौराहे पर स्थित बिजली विभाग के दफ्तर में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर को बिल निकलवाने आए लोगों ने पीट दिया। घटना दफ्तर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित ऑपरेटर की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी है। अंबेडकर चौराहे के बगल स्थित विद्युत वितरण उपखंड द्वितीय का कार्यालय है। कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर गौरव शुक्ला के मुताबिक शुक्रवार को दो युवक बिल निकलवाने दफ्तर आए थे। लेकिन सर्वर में खराबी के कारण बिल निकलने में देर हो रही थी। इस पर दोनों बबूला हो गए और उसके साथ धक्कामुक्की करते हुए मारपीट की। मारपीट और गुंडागर्दी की यह वारदात दफ्तर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित ने आरोपी युवकों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एक कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ दो युवकों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# सांख्य शास्त्र के प्रवर्तक हैं कपिल मुनिः रामकुमार

**नवाबगंज गोंडा:** महंगूपुर गांव में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने कपिल मुनि के जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि विष्णु को पुत्र रूप में प्राप्त करने को ऋषि कर्दम ने घोर तप किया था। तत्पश्चात् विष्णु ने अपना पांचवा अवतार कपिल मुनि ऋषि दम्पति कर्दम देवहुत की दसवें संतान के रूप में लिया और संसार को सांख्य शास्त्र की शिक्षा दी। माता देवहुत को प्रकृति के भेदों का ज्ञान कराया। दर्शन शास्त्र में सबसे प्राचीन सांख्य है। इसके ज्ञान से जीव ब्रम्हांड में अपने शरीर को पंच तत्वों में विभाजित कर पुनः जोड़ सकता है। कलियुग में जहां अत्याचार बढ़ा है तो वहीं इसके अपने गुण भी हैं। अन्य युगों में मनुष्य को ईश्वर की कृपा पाने के लिए वर्षो तक कठिन तप करने पड़ते थे। लेकिन कलियुग में क्षण मात्र का सुमिरन ही समस्त व्याधियों को मिटाकर प्रभु कृपा प्रदान करने वाला है।

कथा व्यास ने कहा बच्चों में बढ़ रहे कुसंस्कारों के प्रति अभिभावकों को भी सचेत रहना चाहिए। और व्यास जी ने सती चरित्र,नरसिंह अवतार का भी श्रोताओं को रसपान कराते हुए सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाद में कथा को विश्राम देते हुए प्रभु की आरती उतारी गई।

## सार-संक्षेप

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**बभनान, गोंडा:** बभनान रेलवे स्टेशन के गेट संख्या 222 ए के समीप एक लगभग 40 वर्षीय युवक का शव शनिवार की सुबह जीआरपी मनकापुर ने बरामद किया है। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोग शौच के लिए रेलवे ट्रैक किनारे निकले तो उनकी नजर ट्रैक किनारे पड़े शव पर पड़ी । थोड़ी देर में ही यह बात फैल गई और वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई । इसी बीच किसी ने घटना की जानकारी गौर पुलिस को दे दी। चौकी इंचार्ज बभनान मौके पर पहुंच गए । मामला जीआरपी के होने के नाते बाद में स्टेशन अधीक्षक बभनान ने जीआरपी मनकापुर को सूचित किया । मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त में जुट गई। शिनाख्त नगर पंचायत बभनान के पटेल नगर निवासी लव कुश के रूप में की गई। स्वजनों ने बताया कि मृतक रविवार की शाम को ही बस्ती से दवा लेने की बात कह कर घर से निकला था।

### घर पर काम करने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

**परसपुर, गोंडा:** युवक को दबंगों के घर काम करने से मना करने पर उसकी जमकर पिटाई करते हुए जान माल की धमकी दी गयी। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लाला पुरवा परेटा निवासी पवन कुमार गौतम ने बताया कि उनके गांव निवासी मनोज कुमार, श्रवण कुमार गुप्ता, अमन गुप्ता द्वारा गत मंगलवार को अपने घर पर काम करने के लिए बुलाये थे काम करने से मना किया तो इसी बात को लेकर बुधवार को समय करीब आठ बजे रात गांव में ही राजेन्द्र गौतम के घर के पास जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते तथा गाली गलौज के साथ मुक्का थप्पड़ लाठी से मारने लगे। शोर करने पर गांव के कुछ लोग मौके पर आकर बीच बचाव किये। तब उपरोक्त लोगों ने जान माल की धमकी देते हुए चले गये। इस बारे में थाना प्रभारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष बने त्रिलोकी



**गोंडा कार्यालय:** मालवीय नगर स्थित केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड के संचालक मंडल की बैठक हुई। जिसमे भंडार अध्यक्ष रहे शत्रुघ्न मिश्रा के आकस्मिक निधन पर दुख जताया गया। संचालक मंडल ने दो मिनट का मौन रखकर संवेदना प्रकट किया।इसके बाद सभी संचालक मंडल ने उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ तिवारी को केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महेंद्र सिंह, दीपक अग्रवाल मुरलीधर, गायत्री तिवारी, श्रीकृष्ण चंद्र सिंह सहित समस्त संचालकगण उपस्थित रहे। यह जानकारी गोंडा केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड के सचिव सुनील यादव ने दी।

### सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव बने राघवेंद्र पांडेय रन्नू



**बालपुर, गोंडा:** परसपुर विकासखंड के सेमरी गांव निवासी राघवेन्द्र पाण्डेय रन्नू को समाजवादी पार्टी छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। राघवेन्द्र पाण्डेय पिछले 10 सालों से लखनऊ मे इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। वह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के नेता भी रह चुके है। राघवेंद्र को सपा में छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है जिससे लोगों ने खुशी जताई है।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

**इटियाथोक, गोंडा:** शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण शिविर विकास खंड सभागार में आयोजित किया गया।शिविर में आठ दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया गया। दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर,कैलीपर्स व जूते दिये गये।तकनीकी सहायक कन्हैया लाल ने बताया जो दिव्यांग आज शिविर में नहीं पहुंच सके हैं वह 21 फरवरी को विकास भवन के शिविर में कृत्रिम अंग प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान कैंप कोआर्डिनेटर एसपी बंसल, मोहनलाल मीना, विजय कुमार तिवारी, एडीओ आईएसबी अजय तिवारी, एडीओ कृषि मजहर हुसैन, केके राव अटल तिवारी मौजूद रहे।

### दिव्यांगों को वितरित किए गए उपकरण



दिव्यांगों को उपकरण देते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल। अमृत विचार

**बभनजोत, गोंडा:** नि :शुल्क दिव्यांग सहायता उपकरण वितरण समारोह, विधानसभा गौरा अंतर्गत विकासखंड बभनजोत मुख्यालय पर आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत जीवन सहायता उपरांत वितरण किया गया समारोह में वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम में 150 लोगों को निशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल रहे। उन्होंने बताया जब से भाजपा की सरकार बनी है सभी वर्गों तथा हर क्षेत्र में साहसी कार्य हुआ है। इस मौके पर सोहरथ वर्मा, विक्रम वर्मा, आईटीसेल, सुरेंद्र सिंह, अमरनाथ एलिम्को, अमरनाथ पांडेय प्रधान, महबूब हसन, मधुप सिंह, राजेन्द्र वर्मा, हुकुम सिंह, एडीओ पंचायत बभनजोत आदि मौजूद रहे।

# फर्जी हस्ताक्षर मामले में एसडीएम को सौंपी जांच

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर तत्कालीन बोर्ड अधिवक्ता के राय के विपरीत कार्य करते हुए नजूल भूमि के बैनामा को गृह कर रजिस्टर में दर्ज करने की शिकायत पर मंडलायुक्त ने मामले की जांच उप जिला अधिकारी करनैलगंज को सौंपी है। यह शिकायत नगर के श्री नारायण भट्ट की तरफ से की गई है। जिसका संज्ञान लेते हुए मंडल आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को दिए गए आदेश में कहा है कि श्री नारायण भट्ट निवासी मोहल्ला बालूगंज करनैलगंज के प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के फर्जी हस्ताक्षर बना कर तत्कालीन बोर्ड अधिवक्ता को राय के विपरीत नजूल भूमि के बैनामा के संबंध में दोषी कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया गया है। प्रार्थना पत्र में उल्लिखित तथ्यों की जांच करके नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध कराएं।

# किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन

**नवाबगंज, गोंडा:** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी तथा सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय किसान गोष्ठी शनिवार को विकासखंड नवाबगंज के दुर्जनपुर गांव में संपन्न हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि वेद प्रकाश दुबे विधायक मनकापुर प्रतिनिधि द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि डॉ शिवशंकर चौधरी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने मिलावटी उर्वरकों की पहचान के बारे में जानकारी दी। डॉ रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने जायद में दलहनी फसल की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, हरी खाद की खेती, नैनो उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव, मोटे अनाज की खेती, प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। डॉ दिनेश कुमार पांडेय कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने सूरन की खेती, प्रवीन कुमार प्रभारी राजकीय बीज भंडार नवाबगंज ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, रोहित कुमार सहायक कृषि विकास अधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अन्न भंडारण हेतु कोठरी,कृषि रसायन डाइथेन एम 45 व क्लोरपाइरीफास, जैव फफूंदीनाशक ट्राइकोडर्मा एवं ब्युवेरिया बैसियाना आदि अनुदान पर उपलब्ध है। वीरेंद्र कुमार यादव बीटीएम कृषि विभाग ने बताया कि कृषि विभाग की वेबसाइट यूपी एग्रीकल्चर डाट काम पर कृषि यंत्रों के अनुदान हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, इफको, गन्ना विकास विभाग, एग्रो स्टार से कमलेश चौधरी, एग्रीजंक्शन इफको से मोहम्मद शकील अहमद, पारलेजी से तिलकराम गुप्ता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि ने प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर कृषकों एवं कृषक महिलाओं को खेती से सम्बंधित जानकारी दी। इस मौके पर दीपक सिंह, मोहम्मद इलियास आदि मौजूद रहे।



किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

# बच्चों ने शिक्षा जागरूकता पर प्रस्तुत किया नाटक



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में रंगोली बनातीं छात्राएं। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव में बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक व अभिभावक। अमृत विचार

**मसकनवां, गोंडा:** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसकनवा में वार्षिकोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ग्राम प्रधान रानीजोत के प्रतिनिधि सुमित कुमार व प्रधानाध्यापक पूरन गुप्ता ने किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अनपढ़ नेता, शिक्षा जागरूकता पर नाटक व गीत प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में सीमा, मानसी की टीम को प्रथम महक, संध्या की टीम को द्वितीय, तथा उमेश विनीत की टीम को तृतीय स्थान मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विनीत, लकी, ललिता, अंसू, की टीम को प्रथम, सोनिका, करिश्मा व प्रियदर्शिनी शहजादी, सुमन, की टीम को द्वितीय पलक, प्रिया, बबिता, उमेश, सुधांशु, नितेश की टीम को तृतीय स्थान मिला।

खेल कूद प्रतियोगिता हुयी। 100 मीटर दौड़ व खो-खो, कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। 100 मीटर बालक वर्ग जूनियर स्तर दौड़ प्रतियोगिता में लोकेश को प्रथम कन्हैया को द्वितीय, राहुल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में ललिता को प्रथम, सोनिका को द्वितीय तथा रूखसार बानो को तृतीय स्थान मिला। बालिकाओं में खो-खो में हिना, आलिया, प्रिया, विनीता, शिफा, लक्ष्मी, बबिता, महिमा की टीम प्रथम तथा ललिता, जैनब,महक, सीमा, संध्या,अंशिका, हेमा, मानसी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विज्ञान अध्यापक विष्णु देव शुक्ला, खेल अनुदेशक अखिलेश विश्वकर्मा, अनुदेशक कविता त्रिपाठी, अनामिका तिवारी,मुराली, अर्चना, सुषमा आदि मौजूद रहीं।

### अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन

**करनैलगंज, गोंडा:** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं सीडीओ के निर्देश पर समस्त परिषदीय विद्यालयों उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। तमाम विद्यालयों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में अपने हुनर को मंच पर साझा किया। इसके अलावा रंगोली, खेलकूद, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, रस्सी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज में करीब 400 से अधिक अभिभावकों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। पूरे ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम की देखरेख खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल एवं बीडीओ करनैलगंज ने किया। कंपोजिट विद्यालय के कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह और कार्यक्रम का संचालन सानिया सिद्दीकी ने किया। इस मौके पर गौसिया समसी, चितरंजन त्रिपाठी, आरती निषाद, नीतू सिंह, रागिनी सिंह, शिल्पी मौर्य, प्रदीप कुमार मौर्य सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# बहन की शादी के लिए पैसे जोड़ने में लगा था बृजकिशोर, शव देखते ही मचा कोहराम

## परिवार का इकलौता सहारा था दिल्ली हादसे में जान गंवाने वाला युवक, दो साल से गांव नहीं लौटा था, गमगीन माहौल में गांव में ही किया गया अंतिम संस्कार


हादसे की जानकारी देता प्रत्यक्षदर्शी गौतम कुमार। अमृत विचार


शुभम।


बृजकिशोर।


बेटे को खोने के गम में बिलखती मां। अमृत विचार

**उमानाथ तिवारी, गोंडा**

**अमृत विचारः** दिल्ली हादसे में अपनी जान गंवाने वाला बृजकिशोर अपने बहनों की शादी के लिए पैसे जोड़ने की धुन में लगा था। वह दो साल से गांव नहीं आया था। परिवार वालों से कहा था कि बहन की शादी के लिए पैसा इकट्ठा कर रहा है। लेकिन ईश्वर को शायद यह मंजूर नहीं था। वह जिस फैक्ट्री में काम करता था उसमें तीन दिन पहले आग लग गयी और बृजकिशोर की जान चली गयी। शनिवार को जब उसका शव उसके घर पहुंचा तो पूरा गांव परिजनों के करुण क्रंदन से गूंज उठा। बूढ़ी मां और बहनों की चीत्कार सुन लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। गमगीन माहौल में शनिवार को गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया।

जवान बेटे की चिता को आग देने वाले पिता ने कहा कि बृजकिशोर की कमाई से ही परिवार चल रहा था। भगवान ने उनके परिवार का सहारा छीन लिया।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुल्लापुर तरहर गांव के मजरे टेंढवा के रहने वाले देवता प्रसाद का बेटा बृजकिशोर (20) दिल्ली के अलीपुर इलाके में स्थित एक पेंट और केमिकल की फैक्ट्री में काम करता था। दो दिन पहले फैक्ट्री में आग लग गयी थी जिसमें फैक्ट्री के मालिक समेत आठ श्रमिकों की झुलसकर कर मौत हो गयी थी। इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों में बृजकिशोर के साथ बगल के गांव का रहने वाला शुभम भी शामिल था। शनिवार को बृजकिशोर का शव उसके गांव पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया। मृतक की मां गीता देवी बेटे का शव देख बेसुध हो गयीं तो उसकी दोनों बहने पुष्पा व ममता भी भाई के शव से लिपटकर चीख उठीं। बेटे का शव और परिवार की चीत्कार सुन पिता देवता प्रसाद को आंख से आंसू की धारा बह उठी। देवता प्रसाद ने बताया कि बृजकिशोर उनके तीन बेटों में दूसरे नंबर पर था। दो बेटियां ममता व पुष्पा हैं। बड़ा बेटा राजकिशोर व छोटा मोहन घर पर ही रहते हैं। बृजकिशोर ही घर का कमाऊ सदस्य था। बचपन से ही उसने परिवार को संभालने की जिम्मेदारी उठा ली थी। वह 6 साल से दिल्ली रह रहा था। दो साल पहले गांव आया था तब कहा था कि अब बहनों की शादी के लिए पैसा इकट्ठा करने के बाद ही गांव लौटेगा लेकिन उन्हे क्या पता था कि अब वह कभी नहीं लौटेगा। इतना कहकर देवता प्रसाद फफक पड़े। थोड़ी देर बाद शांत हुए तो बताया कि वह मजदूरी करते हैं। बृजकिशोर की कमाई से ही परिवार का खर्च चलता था। अब जवान बेटा नहीं रहा। उनके लिए इससे बड़ा कष्ट और क्या हो सकता है।

### प्रत्यक्षदर्शी रिश्तेदार ने बताई हादसे की कहानी

बृजकिशोर की अंत्येष्टि में शामिल उसके एक रिश्तेदार गौतम ने इस हृदयविदारक हादसे की आंखों देखी दास्तान बताई। गौतम ने बताया कि वह भी बृजकिशोर के साथ ही रहता था। घटना वाले दिन उसकी छुट्टी थी। बृजकिशोर की तबीयत भी खराब थी। उसने बृजकिशोर को ड्यूटी जाने से रोका था लेकीन उसने कहा कि घर पर पैसा भेजना है। आज मालिक ने रूपये देने के लिये कहा है और वह काम पर चला गया। शाम करीब पांच बजे पड़ोस की एक महिला ने बृजकिशोर की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना दी तो वह कमरे से निकलकर फैक्ट्री की तरफ भागा। देखा तो पूरी फैक्ट्री आग को गोले में तब्दील हो चुकी थी। उसने फैक्ट्री को भीतर जाने की कोशिश की तो पुलिस ने रोक दिया। वह बृजकिशोर को तलाश करता रहा लेकिन वह बाहर नहीं निकल सका। आग बुझी तो सबकुछ जलकर राख हो चुका था। गौतम ने कहा कि हादसे के वक्त फैक्ट्री के बड़े गेट पर ताला लगा था और भीतर का गेट बेहद छोटा था। इसलिए आग लगने पर श्रमिक बाहर नहीं आ सके और बृजकिशोर के साथ सभी की जलकर मौत हो गयी।

### केजरीवाल सरकार देगी 10 लाख का मुआवजा

हादसे में मारे गए बृजकिशोर के चचेरे भाई रामबाबू ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री घटनास्थल पर आए थे। उन्होंने मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये की सहायता देने की बात कही है। अगर यह सहायता मिल जाती है तो किसी तरह बृजकिशोर के बहनों की शादी हो जायेगी और उसका सपना पूरा हो जायेगा। रामबाबू ने कहा कि अगर यूपी सरकार की तरफ से भी पीड़ित परिवार को कुछ सहयोग मिल जाए तो किसी तरह उनके परिवार क जीवन यापन का सहारा हो जायेगा।

### गोडियनपुरवा के शुभम ने भी गंवाई जान

हादसे में बृजकिशोर के साथ उसके साख काम करने वाले शुभम(19) की भी मौत हो गयी है। शुभम भी दुल्लापुर तरहर को मजरे गोडियनपुरवा का रहने वाला था। वह अपने माता पिता के साथ ही दिल्ली में रहता था और इसी पेंट फैक्ट्री में काम करता था। शुभम को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही कर दिया है। शनिवार को उसके गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

# पहले दिन 21874 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## पुलिस भर्ती परीक्षाः 25 केंद्रों पर अनुपस्थित रहे 932 अभ्यर्थी, आयुक्त, एसपी व सीडीओ ने किया निरीक्षण

**गोंडा कार्यालय**


पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के बाहर तैनात पुलिस बल।


सीसीटीवी से परीक्षा का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस भर्ती की पहले दिन की परीक्षा की दो पालियों में 21874 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जिले भर के 25 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। आयुक्त, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पहले दिन की दोनों पालियों में 932 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया की परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण रही।

यूपी पुलिस की भर्ती के लिए 17 व 18 फरवरी को चार पालियों में परीक्षा कराई जानी है। शनिवार को पहले दिन दो पालियों में परीक्षा कराई गई। प्रत्येक पाली में 11403 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। सुबह की पाली में 441 से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में भी 491 से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

परीक्षा के लिए जिले के 25 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे और पूरी परीक्षा की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी में करायी गयी। शनिवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई।

परीक्षा के लिये सुबह से ही अभ्यर्थी केंद्रों के बाहर पहुंच गए थे। सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रारंभ हो गया। सभी को 9.30 बजे तक केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया। प्रवेश के लिये केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतार नजर आई। केंद्र व्यवस्थापक के साथ ड्यूटी पर लगाए गए अध्यापकों ने अभ्यर्थियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। सेक्टर मजिस्ट्रेट भी भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। नकल मुक्त परीक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से चाक चौबंद व्यवस्था रही। देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि परीक्षा के नोडल अफसर व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

करनैलगंज के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में दोनों पाली में कुल 915 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम विशाल कुमार, सीओ चंद्रपाल शर्मा परीक्षा केंद्र पर मौजूद रहे। मनकापुर के एपी इंटर कालेज व आरपी उंचर कालेज में भी पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण रही। उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुल मिलाकर पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

### परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थियों ने साझा किए अनुभव

**करनैलगंज :** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देकर वापस लौटे परीक्षार्थियों ने अमृत विचार से अपने अनुभव साझा किए। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थी एवं तिवारी ने बताया कि जीएस के पेपर में प्रश्न काफी उलझे हुए थे। गणित, विज्ञान के साथ ही रिजनिंग के प्रश्न काफी कठिन लगे। किताबों की भूमिका काफी अधिक रही। कुल मिलाकर इस बार यूपी पुलिस भर्ती का प्रश्नपत्र लेखपाल भर्ती से कठिन लगा। पंकज वर्मा ने कहा कि इस बार सामान्य अध्ययन का पेपर काफी कठिन रहा। हिंदी के प्रश्नों को आसानी से हल किया गया। रीजनिंग के प्रश्न आसान लगे। गणित के प्रश्न मानक स्तर से कठिन पूछे गए थे। इन्हें समझने में वक्त लगा। कुल मिलाकर पेपर अच्छा रहा। नजरीन ने बताया कि इस बार पेपर थोड़ा कठिन था। पर निरंतर पढ़ाई के साथ ही अभ्यास करने के चलते पेपर अच्छा हुआ। कथन आधारित पूछे गए प्रश्नों में संशय की स्थिति रही। हिंदी का पेपर काफी अच्छा रहा। अमित शुक्ला ने कहा हिंदी में व्याकरण अहम रहा। हिंदी का पेपर कठिन रहा। विलोम, पर्यायवाची, तत्सम व तद्भव समेत सवाल पूछे गए थे। सामान्य अध्ययन का पेपर सामान्य स्तर से अच्छा था। इतिहास, भूगोल और विज्ञान से प्रश्न पूछे गए थे। अनामिका यादव व शबनम ने कहा कि यूपी पुलिस का पेपर इस बार काफी कठिन था। फिर भी लगभग सभी प्रश्न हल करने का प्रयास किया गया। हम लोगों ने सेल्फ स्टडी किया था। पुराना अध्ययन काफी काम आया।

### परिजनों को सपा ने दी आर्थिक सहायता

**गोंडा कार्यालय :** सदर के खिराभा ग्रामसभा के नकछेद (30) सडक हादसे में मौत हो गयी थी। मृतक नकछेद सपा कार्यकर्ता था। इसकी जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मृतक की पत्नी को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेजी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने परिजनों से फोन पर बात कर उन्हें सांत्वना दी और संवेदना प्रकट की। सपा नेता सूरज सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रधान रामनारायण यादव के निधन पर भी पूर्व मुख्यमंत्री ने शोक जताया और और उनके परिजनों को भी एक लाख रुपये की सहायता भेजी है।

# रिजेंट खत्म, नहीं हो रही खून की जांच

**बेलसर, गोंडाः**सीएचसी पर एक पखवारे से रिजेंट खत्म होने से ब्लड की जांच ठप स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगों की खून की जांच प्रभावित यू डायस में बिना ब्लड ग्रुप के अपलोड हो रही है सूचनाएं। मामला सीएचसी बेलसर का है यह पर 15 दिन से रिजेंट खतम है। जिससे सीएचसी आने वाले मरीजों की ब्लड जांच नही हो पा रही है। मरीज मजबूर होकर निजी लैब में जांच कराने पर मजबूर है। अचानक बच्चों की संख्या से खत्म हो गया रिजेंट सीएचसी बेलसर पर तैनात लैब सहायक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया की अचानक बच्चो की संख्या बढ़ने से रिजेंट खत्म हो गया है। बताया 15 दिनों से स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगो को वापस जाना पड़ता है। अधिकांश विद्यालयों में बिना ब्लड जांच के ही फीड कर दिया गया यू डायस शिक्षक नेता राजेश कुमार शुक्ल ने बताया की यू डायस की रिपोर्ट में ब्लड ग्रुप की भरना होता है लेकिन अनिवार्य नहीं है छात्र छात्राओं के अन्य विवरण अनिवार्य है। बेलसर में 219 परिषदीय जबकि तीन एडेड स्कूल हैं इनमें तीस हजार से ऊपर बच्चे पंजीकृत है। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया रिजेंट के लिए जिले पर पत्र भेजा गया है।

# किसान पशुपालन कर बढ़ाएं आय


पशु मेले का उद्‌घाटन करते मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल व अन्य।

**कटरा बाजार, गोंडाः** पशु पालन विभाग द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय आरोग्य पशु मेले का आयोजन शनिवार को विकास खंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत पैड़ीबरा में किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने गौ पूजन कर किया।

भाजपा नेता भवानी भीख शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ पशु के दूध के सेवन इंसान भी स्वस्थ रहेगा। पशुओं का समय-समय पर डॉक्टरों से जाँच करवाते रहना चाहिए। प्रधान संघ जिला अध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ अच्छे नस्ल के पशुओं को पालने से आय में वृद्धि कर सकते हैं। मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी कटरा बाजार डॉ शिव प्रकाश मौर्या सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना, पशु टीकाकरण योजना, वर्गीकृत वीर्य के बारे में पशुपालकों को जानकारी दी। डॉ श्याम किशन ने एनएडीसीपी योजना के अंतर्गत खुरपका, मुंहपका पशुओं की बिमारी के टीकाकरण व पशुओं में बांझपन के कारण व उसके निवारण के बारे में जानकारी दी गयी। पशुओं के आकस्मिक चिकित्सा के लिए विभाग द्वारा गांवों में चलाये जा रहे टोलफ्री नं 1962 में बारे में बताया।

# नियमों पर लापरवाही भारी, जारी है ट्रैक्टर-ट्राली पर सवारी

**रमेश पाण्डेय, करनैलगंज**


नियमों को धता बताकर कुछ इस तरीके से ट्राली पर बैठकर जाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** वर्ष 2022 में कानपुर में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमें बैठे 26 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद सीएम योगी ने ट्राली पर सवारी करने पर दस हजार रूपये जुर्माने की बात कही थी। कुछ समय तक पुलिस प्रशासन नियमों का पालन कराने में सजग दिखा उसके बाद शांत पड़ गया। नतीजा अब सड़कों पर फिर ट्रैक्टर ट्राली में यात्रियों को बैठा कर यात्रा शुरू हो गई। जिससे दुर्घटनाओं में इजाफा देखने को मिल रहा है। बृहस्पतिवार की रात बहराइच से कोटवा धाम जा रही ट्रैक्टर ट्राली में एक ट्रक ने ठोकर मार दिया जिससे ट्राली में सवार करीब तीन दर्जन यात्रियों में करीब 15 लोग जख़्मी हो गए। गनीमत रही ट्राली पलटी नहीं वरना बड़ी घटना हो सकती थी। इन घटनाओं से सबक लेने के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली पर लोगों को बैठा कर यात्रा कराया जा रहा है और पुलिस प्रशासन मौन है। शुक्रवार को करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रासिंग के समीप एक ट्रैक्टर ट्राली दिखी जिस पर मचान बनाकर दर्जनों यात्री बैठे थे। उसमें महिलाओं, बच्चों समेत 30 लोग सवार थे। सवाल पूछने पर ड्राइवर ने बताया कि हमें किसी नियम की जानकारी नहीं है। हम लोग रामनगर कोटवन मेला में जा रहे हैं। वहीं नगर से होकर ऐसे कई ट्रैक्टर ट्राली निकली जिस पर यात्री सवार थे जिन्हें टोकने वाला कोई नहीं था। लोग जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर ट्राली पर यात्रा करते नजर आ रहे हैं। तो वहीं लोगों की लापरवाही के साथ प्रशासन की निष्क्रियता भी दिख रही है।

# दो घरों की शान होती हैं बेटियांःसत्येंद्र


वार्षिकोत्सव में विधायक प्रतिनिधि व चेयरमैन का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

**नवाबगंज/गोंडाः**शिक्षित बेटियां समाज के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। साथ ही शिक्षा रूपी ज्ञान के प्रकाश से दो घरों में फैली अज्ञानता को मिटा देती है। उक्त विचार शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के जफरापुर में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि नवाबगंज पालिका अध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने व्यक्त किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री के प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे ने वार्षिकोत्सव में बच्चों को अपना अमूल्य आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा सभी प्रकार के धनों में सर्वश्रेष्ठ धन है। इसलिए परिजनों को अपनी बच्चियों को शिक्षित अवश्य बनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आशा पांडे के साथ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। आनंद सिंह, जैनब फातिमा ने अतिथियों का माल्यार्पण व बैच लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रतिभा से भरपूर छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का दिल जीत लिया।

विद्यालय की अध्यापिका दीपक विश्वकर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में अपनी पसंदीदा गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शमा बांध दिया। कार्यक्रम समापन में संबोधन देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा पांडे ने अभिभावकों के समक्ष विद्यालय के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया कि विद्यालय में अपने बच्चों का पंजीकरण करा कर भविष्य को संवारने का अवसर प्रदान करें।

कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों में काजल, भावना, रीता, अंशिका, भावना, नेहा, आंचल, अर्पिता, नंदिनी, मुस्कान, रवीना, पुष्पा, सलोनी, कुसुम, निधि, श्रद्धा, अवंतिका मुख्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ नंदिनी मांझी, अपर्णा अवस्थी, सुष्मिता मौर्या, सविता सिंह, जैनब फातिमा, दीपा विश्वकर्मा, आनंद सिंह का प्रयास सराहनीय रहा।

**लापरवाही** 40 हजार पंजीकृत ट्रैक्टर के सापेक्ष सिर्फ 90 ट्रालियां ही रजिस्टर्ड, ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण

# खेती छोड़ बाजार में माल ढो रहीं ट्रॉलियां

**गोंडा कार्यालय**


मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली। (फाइल फोटो)

**अमृत विचारः** कृषि उपयोग में रियासतों के नाम पर ट्रैक्टर के साथ लगने वाली ट्रॉलियों को आरटीओ पंजीकरण में छूट दिया गया था। अब उसका बेजा इस्तेमाल बढ़ा तो इनका पंजीकरण पुनः अनिवार्य कर दिया गया लेकिन आलम ये है कि बीते वर्ष जिले भर में पंजीकृत ट्रॉलियों की संख्या सौ का आंकड़ा भी पार नही कर सकी है। ईंट, बालू, मोरंग और सीमेंट-सरिया से लेकर गन्ना और मिट्टी तक की धड़ल्ले से ढुलाई की जा रही है। ये अपंजीकृत ट्रालियां शहर की सड़कों पर अक्सर जाम और दुर्घटना का कारण भी बन रही हैं। उधर, इस मामले में एआरटीओ बबिता वर्मा के अनुसार अब तक कृषि कार्यों के नाम पर ट्रॉली को पंजीकरण से छूट थी लेकिन इधर कमर्शियल उपभोग बढ़ा है। इसलिए कृषि से इतर कमर्शियल कार्य लेने वाले ट्रैक्टर ट्राली संचालकों को रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। कमर्शियल कार्यों वाली ट्रॉलियों और ट्रैक्टर दोनों में अलग अलग नंबर प्लेट लगे होने चाहिए। ऐसे सभी ट्रैक्टर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी जिनके ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर नहीं लगा है और पंजीकरण नहीं है।

### क्या है प्रावधान

ट्रैक्टर के साथ लगने वाली ट्राली की रजिस्ट्रेशन में छूट गुजरे जमाने की बात हो चुकी है। उन ट्रॉलियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया जा चुका है जिनसे कमर्शियल कार्य लिया जा रहा है। कृषि कार्यों में लगाई गई ट्रॉलियों के लिए आरटीओ पंजीकरण में छूट पूर्ववत है। ईंट भट्ठों, चीनी मिलों, बिल्डिंग मटेरियल ढुलाई आदि कार्यों में लगाई गई ट्रॉलियों का कमर्शियल श्रेणी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इस प्रकार अब ट्रैक्टर और ट्राली दोनों की अलग अलग नंबर प्लेट लगी होनी चाहिए अन्यथा आरटीओ ट्रैक्टर और ट्रॉली का चालान कर सकते हैं।

### इस तरह होता है ट्रॉली का पंजीकरण

ट्रॉली किसी कंपनी में नहीं बनती बल्कि लोकल कारीगरों की वर्कशॉप में बनाई जाती है। इसलिए कमर्शियल उपभोग वाली ट्रॉली के रजिस्ट्रेशन का आवेदन करने पर विभाग हर ट्रॉली के लिए स्वामी की आईडी पर अलग अलग चेसिस नम्बर अलॉट करता है जिसके आधार पर पंजीकरण किया जाता है।

### जंगली जानवर ने भैंस को बनाया निवाला, दहशत

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत गौसिहा निवासी गिरधर गोपाल चतुर्वेदी के दरवाजे पर बंधी भैंस की रात में तेंदुआ के काटने से हुई मौत की खबर से गांव में दहशत का माहौल है। इस घटना की सूचना पशुपालक द्वारा पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त को दी गई। उनके सूचना पर चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार ने अपने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी हासिल की। चौकी प्रभारी ने बताया कि इसकी सूचना कटरा बाजार वन क्षेत्र के रेंजर को दी गई। उनके सूचना पर कटरा बाजार वन क्षेत्र के डिप्टी रेंजर दुर्गेश कुमार मिश्र भी अपने वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी हासिल की। डिप्टी रेंजर ने बताया कि गांव में दहशत का माहौल को देखते हुए तेंदुए की निगरानी के लिए वन कर्मियों की टीम गांव के चारों लगा दी गई है।

# धर्म की विजय और अधर्म का सर्वनाश होता है : वीरेंद्र

**करनैलगंज, गोंडाः** तहसील क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। कथावाचक पंडित वीरेंद्र गोपाल महाराज ने विदुर के चरित्र, विदुर नीति और भगवान वाराह के द्वारा हृण्याक्ष के उद्धार की कथा बड़े ही रोचक ढंग से रखी गई। कथावाचक ने कहा कि यह आदिकाल से सभी पुराणों एवं वेदों में मिल रहा है कि अत्याचार की पराकाष्ठा होने पर भगवान का अवतरण होता है और भगवान अपने भक्तों का उद्धार करते हुए अत्याचारियों का सर्वनाश करते हैं और उसके पीछे धर्म की जय जयकार होती है।कथावाचक ने कहा की हमेशा धर्म की विजय हुई है और अधर्म का सर्वनाश हुआ है। जब-जब भगवान ने अवतार लिया है तब तब अधर्म के मार्ग पर चलने वाले का नाश हुआ है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के प्रति सजग होकर धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर श्रीनाथ रस्तोगी, अनिल श्रीवास्तव, गणेश रस्तोगी, राम तीरथ मौर्य, ज्वाला प्रसाद मिश्रा, धनेश गोस्वामी, राकेश वैश्य, विकास मौर्य, अमन शुक्ला, शुभम सोनी, रवि श्रीवास्तव, आशीष सोनी, सहदेव शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, रामानुज शुक्ला आदि रहे।

### प्रधान पुत्र को पीटा, शिकायत

**मनकापुर गोंडा :** दबंगों ने ग्राम सभा मे बने चकमार्ग को काट दिया। प्रधान पुत्र के मना करने पर दबंगो ने जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली।पीड़ित ने उपजिलाधिकारी व पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला विकासखंड के ग्राम कुड़वा जंगली का है जहाँ की महिला ग्राम प्रधान रेखा देवी के पुत्र शिववचन गांव के विकास कार्य को देखते है उन्होंने उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना व पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव के राजू, जग प्रशाद, अवधकुमार, रामदेव, मिश्रीलाल व रामावतार ने गांव में बने चकमार्ग को काट दिया है जिसकी सूचना पर उक्त लोगों को ऐसा करने से रोका तो पांचों लोगो एक राय होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे व जान से मारने की धमकी दी है।पीड़ित ने दबंगों पर कार्यवाही के लिए उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि मामला संज्ञान में एसएचओ को जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया है।

# एसडीओ पर हुई कार्रवाई कार्यालय से हुए संबद्ध

**बहराइच**

**अमृत विचार :** शासन की ओर से कतर्निया घाट के एसडीओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें वानिकी संस्थान कानपुर से संबद्ध कर दिया गया है।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग में इस समय मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए तार फेंसिंग का कार्य चल रहा है। लेकिन तार फेंसिंग में मानक बिहार कार्य हो रहे हैं। इसका निरीक्षण पिछले दिनों दौरे पर आए मंत्री ने किया था। इतना ही नहीं बाघ और तेंदुओं की निरंतर मौत भी हो रही है। जिसका कारण भी स्पष्ट नहीं हो रहा है। इसके देखते हुए जंगल के पहले अधिकारी पर गाज गिर गया है।

एसडीओ रमेश चौहान को उत्तर प्रदेश शासन के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग ने उनके पद से हटाते हुए कानपुर में स्थित वानिकी प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। इसको लेकर वन विभाग के अन्य अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में अन्य लोगों पर भी गाज गिर सकती है। मालूम हो कि शासन के संयुक्त सचिव रवि शंकर मिश्र ने एसडीओ को कार्यालय से संबद्ध किया है।

# राज्य चैंपियन बनी कंजेभरिया की टीम

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कंजेभरिया की बालक/बालिका टीम ने दोनो संवर्ग के कब्बडी मुकाबले में स्टेट चैंपियन का खिताब हासिल किया।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया लखनऊ के खेल मैदान पर चल रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिवस बालक/बालिका कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय कंजेभरिया की बालिका टीम ने जहाँ अयोध्या व बालक वर्ग की टीम ने आजमगढ़ मण्डल को पराजित कर स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।टीम की तरफ बालिका संवर्ग से जहाँ लक्ष्मी, रेवती, मुस्कान, रिया, पल्लवी, वन्दना, और राधा



कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

वहीं बालक वर्ग में आलोक सिंह, गगन, निगम, रमाशंकर ने बेहतर रेडर का प्रदर्शन करते हुए अयोध्या को 26-12 व आजमगढ़ को 23-8 के भारी अंतरों से परास्त करते हुए प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखाया।राज्य स्तर पर कंजेभरिया के बच्चों द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट प्रदर्शन से समूचे बेसिक शिक्षा क्षेत्र में खुशी की लहर है। बीईओ वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने बच्चों के इस उम्दा प्रदर्शन का श्रेय बच्चों के साथ ही उनके कोच, व विद्यालय के शिक्षकों को दिया।

कंजेभरिया की टीम को स्टेट चैंपियन बनने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया द्वारा क्षेत्र के शिक्षकों को मिली। टीम के शिक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव, संजय सिंह भदौरिया, अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह आदि को बधाई व शुभकामनाएं देने लगे।

## डीएम ने कन्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु जनपद में दो-दो पालियों में सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को शुचिता पूर्ण ढंग से नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कक्ष में स्थापित किये गये कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कन्ट्रोल रूम में की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से सभी परीक्षा केन्द्रों का कन्ट्रोल रूम से मानीटरिंग करते रहे।

# एसडीएम व सीओ का गायत्री परिवार ने किया सम्मान

**कैसरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार :** कैसरगंज के माता भगवती कुंज आश्रम की ओर एसडीएम पंकज दीक्षित व सीओ रूपेन्द्र गौड को सामाजिक व प्रशासनिक क्षेत्रो मे किये जा रहे बेहतर कार्यो के लिए उन्हे अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आश्रम व्यवस्थापक लाडली प्रसाद वर्मा ने कहा कि एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित व रूपेश गौड का गायत्री परिवार के प्रति जो लगाव है उससे गायत्री परिवार बेहद गौरवान्वित महसूस करता है। एसडीएम दीक्षित ने कहा कि आश्रम की रचनात्मक गतिविधियो से



एसडीएम को अंग वस्त्र से सम्मानित करते गायत्री परिवार के सदस्य।

समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है। तथा सामाजिक कुरीतियो पर भी अंकुश लगता है। उन्होंने कहा गायत्री परिवार सदैव समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस मौके पर खुशहाल चौधरी, राजमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग 11 मकान जलकर हुए राख

## अग्निकांड में पीड़ित ग्रामीणों को लाखों का हुआ नुकसान

**मिहीपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम पंचायत मझरा में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से 11 ग्रामीणों के मकान जलकर राख हो गए। लाखों का नुकसान हुआ है।

मिहींपुरवा तहसील के मुर्तिहा कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मंझरा के इमलियापुरवा मजरे मे शनिवार को शाम चार बजे अज्ञात कारणो से आग लग गई। जिसमें सात फूस के आवासीय मकान व चार गैर आवासीय मकान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि पैकरमा यादव को सूचना दी। प्रधान



आग लगने से जले मकान। अमृत विचार

की सूचना पर नायब तहसीलदार राजदीप यादव, मुर्तिहा थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शिवशंकर पुत्र जगदीश, शिवप्रसाद पुत्र जगदीश, लायकराम पुत्र जगदीश, प्रदीप पुत्र जगदीश, बांके लाल पुत्र रामदीन, बाली पुत्र रामदीन, तथा सुरेश पुत्र श्रीराम का आगजनी में गृहस्थी के समान जलकर राख हो गया है। तहसील प्रशासन ने आगजनी में नुकसान हुए परिवार को तत्काल तिरपाल, कम्बल, तथा भोजन की व्यवस्था कराया है। क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देश दिया है कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट दे, जिससे मुआवजा दिया जा सके। नकोटेदार को खाद्यान्न देने के निर्देश दिया।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए शुरू हुई विशेष ट्रेन

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है पुलिस भर्ती परीक्षा में पूर्वांचल के जनपदों के लोगों का सेंटर अधिक संख्या में आया है। इसको देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए गोरखपुर से बहराइच के मध्य विशेष गाड़ी का संचालन शुरू किया गया है। विशेष परीक्षा गाड़ी संख्या 05127 गोरखपुर से चलकर शाम को बहराइच पहुंचेगी। वही बहराइच से विशेष गाड़ी शाम 5 बजे से गोरखपुर के लिए रवाना हुई। 18 फरवरी को 05128 गाड़ी बहराइच से गोरखपुर के लिए रवाना होगी। मुख्य जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि विशेष परीक्षा वहां का संचालन शुरू होने से अभ्यर्थियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# युधिष्ठिर भी सच बोलने से डर रहा है...

**जरवलरोड, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के ठाकुर भगौती सिंह किसान इण्टर कालेज जरवलरोड के त्वावधान में अखिल भारतीय कविसम्मेलन का आयोजन शुक्रवार रात में हुआ। देश के कोने कोने से आए प्रतिष्ठ कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर एवं लोटपोट कर दिया।

जरवल रोड में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मंत्री ठा.भगौती सिंह जी की पुण्यतिथि पर कालेज परिसर में विराट कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कवि सम्मेलन का शुभारंभ करने से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि एवं क्षेत्रीय विधायक आनन्द यादव के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता अवधेश कुमार सिंह एवं संचालन



कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करती कवयित्री और मौजूद लोग। अमृत विचार

प्रलयंकर एवं संयोजन अवधेश कुमार सिंह समीर द्वारा किया गया। बाराबंकी के ओज कवि दुष्यंत सिंह नदी ने पढ़ा बुझदिल है वो मानव जिसमें देश प्रेम का ज्वार नहीं, वह कायर है जिसको अपनी मातृभूमि से प्यार नहीं। डॉ सतीश आर्य मनकापुर ने पढ़ा की जन्म से ही रही स्वाति की आस है, वह मिले ना मिले किंतु विश्वास है पास में है नदी सिंधु भी पास है किंतु भीतर मेरे प्यास ही प्यास है। लखनऊ से आई व्याख्या मिश्रा ने पढ़ा हम तो आकर या जाकर तेरे हो लिए गीत गाकर सुना कर तेरे हो गए, हमने तेरी अमानत तुझे सौंप दी अब तू हां कर या ना कर तेरे हो लिए। प्रयागराज के राधे श्याम भारती ने पढ़ा की घर में महाभारत मेरे बेटों ने रच दिया, मैं जिंदगी भर राम कथा बांचता रहा। अमेठी के रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ने पढ़ा की स्वतंत्रता सेनानी उप मंत्री पद धन्य किये, विधायक अध्यक्ष जिला परिषद कीर्तमान थे। इस अवसर पर टीएस राना, सीपी सिंह, भूपेंद्र प्रताप सिंह, विनोद मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह आजाद, शेषनारायण यादव, अल्ताफ हुसैन, अवधेश शर्मा, ओमप्रकाश अवस्थी दिनेश सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**नानपारा, बहराइचः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक साल की बच्ची के साथ गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किया गया है। पीडित के पिता ने घटना की तहरीर कोतवाली नानपारा में दी है। कोतवाली नानपारा के ग्राम निबिया शाह मोहम्मदपुर निवासी एक ग्रामीण ने थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि उनकी एक साल की बेटी को गांव के ही भोदू रहमान पुत्र कललू रहमान बेटी को घर से खिलाने के लिए लेकर दोपहर लगभग 3:30 ले गया था। उसने घर से दूर एक खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय घटनास्थल पर पहुंच गये। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया पिता की तहरीर पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। लड़की का मेडिकल परीक्षण करने के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को किया जागरूक, बताईं योजनाएं



**श्रावस्ती ,अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान -04 के तहत महिला सशक्तीकरण/साइबर जागरूकता के लिए महिला बीट पुलिस अधिकारियों /मिशन शक्ति /शक्ति मोबाइल टीम( शक्ति दीदी ) ने महिलाओं/बालिकाओं को लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के बारे मे जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक धनश्याम चौरसिया के निर्देशन में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं जैसें वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की भी जानकारी दी। शक्ति दीदी ने 06 से 08 वर्ष के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में बताते देते हुए बाल यौन हिंसा व बाल यौन शोषण के बारे में जानकारी दी। साथ ही साथ आत्मरक्षा व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, साइबर अपराध -1930 के साथ साथ यातायात नियमों आदि के बारे में भी जानकारी दी। व पिंक कार्ड भी वितरित किये तथा यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है, फोन करने वाली महिलाओं/बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। शक्ति मोबाइल टीम में तैनात महिला आरक्षी सुषमा सिंह व अर्जिता यादव ने थाना क्षेत्र इकौना के अन्तर्गत ग्राम चिचड़ी, इकौना कस्बा व टीचर्स कालोनी में महिलाओं/बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों, साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई।

## भाभी व भतीजी पर चाकू से हमला कर युवक ने खाया जहर

**श्रावस्ती ,अमृत विचार :** जिले मे एक सनसनीखेज वारदात सामने आया है। जहां पर एक युवक ने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर गम्भीर रूप से घायल करके खुद जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। जानकारी के मुताबिक थाना हरदत्त नगर गिरन्ट क्षेत्र अंतर्गत रामपुर निवासी वारिस खान अपनी पत्नी के साथ मुंबई बेटे के पास गए हुए हैं। गांव स्थित घर पर छोटा बेटा मारूफ ( 27वर्ष ) अपनी भाभी हसरून पत्नी इमाम खां एवं भीतीजी सनम उर्फ़ रुकईया पुत्री सज्जाद खान के साथ रह रहा था। सनम उर्फ रुकईया का चार वर्ष पूर्व विवाह हो चुका है, मगर ससुराल मे विवाद होने के चलते वह पिछले तीन वर्षो से अपने मायके रामपुर मे चाची हसरुन के साथ हीं रह रही है। बुधवार देर रात मारूफ ने अपनी भाभी से घर का बंद दरवाजा खोलने को कहा, हसरुन ने दरवाजा खोला तो किसी बात को लेकर मारूफ से कहासुनी हो गई। इतने में हीं मारूफ ने भाभी हसरुन पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर चाची को बचाने दौड़ी भतीजी सनम को भी मारूफ ने चाकुओं से गोद डाला। जिससे चाची भतीजी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद मारूफ ने खुद जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी भी हालत बिगड़ने लगी। ग्राम प्रधान की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों सहित आरोपी युवक को सीएचसी मल्हीपुर ले जाकर भर्ती कराया। जहां पर हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों घायलों सहित आरोपी युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरन्तर भ्रमण कर चल रही परीक्षा का जायजा लेते रहे।

इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र क्रमशः विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा एवं शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा एवं गिलौला अंतर्गत श्री काशी विश्वनाथ इंटर कॉलेज खैराकला का भ्रमण किया तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेटों की टेम्परिंग का भी परीक्षण किया तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बनाए गए कंट्रोलरूम में जाकर सीसीटीवी कैमरों की भी जांच किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को प्रत्येक दशा में नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जाए, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसका पूर्णयतः ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने वहीं पर उपस्थित स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि वे डबल लॉक की सुरक्षा मानक अनुरूप सुनिश्चित कराएं । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए, इसके लिए खुफिया पुलिस को भी सक्रीय किया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। जिससे परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल, तहसीलदार भिनगा जागृति सिंह, सम्बन्धित स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकगण उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।




### वर्ग पहेली - 345 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | ग | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | रु | | न |
| 4 अ | ति | दु | सा | ह | |
| | | | रु | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पु | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

## सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.15 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 09.23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** – आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष** – आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन** – आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क** – आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह** – आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या** – आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला** – आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।

**धनु** – आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर** – आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दरार – सुबह : 10.00
अनाड़ी – रात : 07.00


SONY PIX
ए मैन कॉल्ड ओटो – सुबह : 10.10
2012 – रात : 09.00

SONY MAX
चक दे इंडिया – सुबह : 08.37
तारा वर्सेज बिलाल – रात : 09.40

ZEE CINEMA
क्यों! हो गया न – सुबह : 10.30
फ्लाइट – रात : 07.30

colors CINEPLEX
हम तुम्हारे हैं सनम – सुबह : 11.36
यह जवानी है दीवानी – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा ( वेटर से ) – एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू– आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी ( पति से )– पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट ..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति– ( कमेंटरी के अंदाज में )
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# पहले दिन 791 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा


कंट्रोल रूम से निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार


केंद्र पर पुलिस भर्ती परीक्षा का निरीक्षण करतीं एसपी। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद में शनिवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा शुरू हुई। पहले और द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों की जांच कर उन्हें उनके कक्ष रूप में प्रवेश दिया गया। जैमर और सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा हुई।

जिले के 14 परीक्षा केन्द्रों पर शनिवार की सुबह 10 बजे पहली पाली की परीक्षा शुरु हुई। 28000 अभ्यर्थियों में से पहले दिन 14208 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन पहले दिन 791 अभ्यर्थी नदारद रहे। प्रथम पाली में जिले के 14 केन्द्रों पर संपन्न हुई परीक्षा में 7104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 6734 अभ्यर्थी शमिल हुए। विभिन्न सेंटरो से पहली पाली में 370 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत 94.79 रहा। वहीं दूसरी पाली में 7104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 6683 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 421 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 94.07 रहा। डीएम व एसपी भ्रमण कर केन्द्र व्यवस्थापकों को दिये निर्देश परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रथम पाली में किसान पीजी कॉलेज व महात्मा बुद्ध विद्या पीठ इंटर कालेज तथा द्वितीय पाली में पाली टेक्निक, सेठ एमआर जयपुरिया इंटर कालेज तथा आजाद इंटर कालेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों को सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा कराने का निर्देश दिया।

## गनियापुर की टीम ने मैच जीता

**तेजवापुर, बहराइचः** जिले के रमपुरवा स्थित चहलारी पैराडाइज क्रिकेट ग्राउंड में रमपुरवा सुपर प्रीमियर लीग सीजन-2 का क्रिकेट टूर्नामेंट गनियापुर टीम बनाम एरिया टीम के बीच खेला गया। एरिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गनियापुर की टीम ने 14 ओवर में 148 रन बनाएं। जवाब में एरिया की टीम ने 12 ओवर में 66 रन बनाकर आलआउट हो गई। 82 रन से गनियापुर की टीम ने मैच जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच गनियापुर टीम के मंगल को मिला। इस मौके पर हर्षित अवस्थी, नितेश अवस्थी , पंकज पाठक, रामबाबू अवस्थी ,प्रमेश अवस्थी,त्रिलोचन अवस्थी, अचल अवस्थी, नित्यानंद अवस्थी, विष्णुकांत अवस्थी मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किसान को किया सम्मानित

जरवल बहराइच

**अमृत विचार :** राजभवन मे जरवल निवासी प्रगतिशील किसान को शनिवार को मुख्यमंत्री व गवर्नर ने अच्छी खेती करने पर अंगवस्त्र व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

जिले के नगर पंचायत जरवल के निवासी प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद् को टिश्यू कल्चर केला एवं एप्पल् बेर की यूपी में बेहतर खेती, अच्छी पैदावार के लिए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यहाँ से शुक्रवार को राजभवन मे शनिवार को सम्मानित करने का बुलवा आया शनिवार को प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद् राजभवन पहुंचे वहाँ पर उत्तर प्रदेश के मात्र दस किसान विभिन्न प्रकार की खेती की अच्छी पैदावार के लिए बुलावा था दस किसानो मे जरवल के प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद् को टिश्यू कल्चर केला एवं एप्पल् बेर का किंग मानते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र एवं यूपी की गवर्नर आनंदीबेन पटेल ने प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया वहाँ पर मौजूद तमाम अधिकारियो ने श्री गुलाम का हौसला अफजाई किया।


जरवल के किसान को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

**स्वयं पकाते हैं केला**

जरवल के प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद् अपने फार्म हाउस पर रेपनिंग चैम्बर है उसी मे केले को पकाया जाता है और कई जिलों में रोजाना केला जाता है।

## एक नजर

### बाल मेला आज

**बहराइच,अमृत विचार :** शहर के वजीर बाग निकट कोठी राजा हीरा सिंह में केयर इंग्लिश स्कूल का संचालन होता है। इस स्कूल में रविवार को सुबह 11:00 बजे से बाल मेले का आयोजन होगा जिसमें खेल पुरस्कार और भोजन का कार्यक्रम होगा। इसके लिए छात्र और छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी बुलाया गया है।

### एनबीडब्ल्यू के पांच वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच,अमृत विचार :** हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौला निवासी याकूब अली पुत्र बाली मोहम्मद, शहादत अली पुत्र बाली मोहम्मद, असगर अली, साहिबान अली और अजमत अली के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने समय तंत्र धाराओं में केस दर्ज है। इनके विरुद्ध कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी किया है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शुक्ला ने बताया कि शनिवार को उप निरीक्षक वीर बहादुर यादव, दीवान हनुमान यादव, राहुल सिंह, कपिल देव और सत्यदेव की टीम ने सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चीनी मिल कर्मचारी की हादसे में मौत

**बहराइच,अमृत विचार :** कोतवाली नानपारा के हीरा सिंहपुरवा गांव निवासी 35 वर्ष राजदेव सिंह की सड़क हादसे में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बताते चले राजदेव सिंह चीनी मिल में बिल्डिंग करने का कार्य करते हैं बिल्डिंग करके वह अपने घर लौट रहे थे। तभी रसिया थाना क्षेत्र के फुलवरिया के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में राजदेव सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत, छह घायल

## मोतीपुर और फखरपुर थाना क्षेत्रो में हुई दुर्घटनाएं

बहराइच/मोतीपुर

**अमृत विचार :** जिले के मोतीपुर और फखरपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हुए हैं। इन घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फखरपुर थाने के महमूदपुर गांव निवासी बृजेश इसी थाने के भकला निवासी लाइट टेंट कारोबारी रिंकू सिंह के यहां काम करता था। वह शुक्रवार रात लगभग 11 बजे काम निपटाकर बाइक से अपने घर आ रहा था। बहराइच लखनऊ हाईवे पर स्थित गीता पेट्रोल पंप के निकट बसंता मोड़ के पास सड़क की पटरी पर खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली के पीछे बाइक जा भिड़ी। जिसके चलते उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे एसएचओ करुणाकरन पांडे ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर वन बैरियर के पास देर शाम को ई रिक्शा और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में ई रिक्शा चालक वलीम पुत्र मुस्तकीम निवासी गुजरहना, नसीमुन जहां पत्नी मोहर्रम अली मोतीपुर, तालीम पुत्र समीम, रुखसाना पत्नी मोहम्मद शमी, आरजू पुत्री शाकिर और ताहा पुत्र समी घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान नसीमुन की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।


घायलों का सीएचसी में हाल जानते एसडीएम। अमृत विचार

**परिवार की हालत दयनीय**

ग्रामीणों के मुताबिक मृतक के पिता अरसे से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान करीब 3 वर्ष पहले उनकी मौत हो गई थी। युवक का विवाह अभी एक वर्ष पहले हुआ था। युवक की मां के पास मात्र एक बीघे खेती है। मृतक का एक छोटा भाई मुकेश है। जो अभी नाबालिक है। मां का कहना है कि पूरे परिवार का एक ही सहारा था। जिसे ईश्वर ने छीन लिया। इसके सिवाय परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है।

## ट्रेन सेवा बंद होने के बाद बसों की संख्या में वृद्धि

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार :** नेपालगंज रोड –बहराइच रेल प्रखंड के मीटर गेज लाइन आमान परिवर्तन के चलते ट्रेन सेवा बंद होने पर बहराइच–रुपईडीहा नानपारा यूनियन ने बसों के नम्बरों की वृद्धि की है। नवाबगंज से मटेरा होते हुए बहराइच बस सेवा की शुरुआत होने से यात्रियों ने राहत की महसूस की है। इस रूट पर डग्गामार आटो, ई रिक्शा व मैजिक वाहनों की बाढ़ आ गई थी। प्राइवेट बस यूनियन बहराइच– नवाबगंज मटेरा मार्ग के सचिव नसरत ने बताया कि नानपारा– बहराइच के बीच ट्रेन की सेवा बंद होने व शादी बारातों के चलते सवारियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जिससे नवाबगंज मटेरा से बहराइच मार्ग पर यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए इस मार्ग पर पांच प्राइवेट बसों की बढ़ोतरी की गई है। ये बसें सुबह 7:30, 8:10, 9:30, 10 व 11 बजे नवाबगंज से मटेरा होते हुए बहराइच के लिए चलेंगी, और बहराइच से मटेरा होते हुए नवाबगंज पहुंचेंगी।

# भागवत सुनने से होता है मानव को कर्तव्यबोध

नानपारा, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के ग्राम सभा चौगोंई विलासपुर के ग्राम विलासपुर में मुख्य यजमान राम जानकी शर्मा एवं कथा सहयोगी आचार्य अजय कुमार शर्मा के आवास पर हो रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा वाचक विद्या वारिधि आचार्य पंडित बेचू दयाल पाठक श्रीमद् भागवत कथा का रस पान करते हुये श्रद्धालुओं को कथा सुनाया। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शो आह्वान करें।

आचार्य ने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। श्रीमद् भागवत के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा की जितने प्यार से भोजन करते हो उतने ही प्यार से भगवान का भजन करना चाहिए और भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है, भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया की पाप के बाद कोई व्यक्ति नरक गामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित्त बताया गया है। कथा का वर्णन करते हुये कहा कि जब तक जीव माता के गर्भ में रहता है तब तक वह बाहर निकलने के लिये छटपटाता रहता है। उस समय वह जीव बाहर निकलने के लिये ईश्वर से अनेक प्रकार के वादे करता है, मगर जन्म लेने के पश्चात सांसारिक मोह माया में फंस कर वह भगवान से किए गये वादों को भूल जाता है। जिसके परिणामस्वरूप उसे चौरासी लाख योनी भोगनी पड़ती है, व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है।कथा व्यास ने कहा की प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है,जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। केशव राम शर्मा,पवन कुमारी मिश्रा, राघवराम शर्मा, शोभा राम शर्मा,मुरारी नाथ शर्मा,संगीत मिश्रा, वैष्नवी मिश्रा , दिनेश शर्मा , किशोरी लाल यादव,सजन कुमार भार्गव, मनसा राम, मालती राम गौतम, गुरदीन यादव,किरन कुमारी शर्मा, शान्ति देवी सहित सोता उपस्थित रहे।


राजा परीक्षित की कथा सुनाते कथावाचक।

# जाली नोटों के साथ दो व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**मिहीपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर सुजौली थाना क्षेत्र में दो लोगों को जाली नोट के साथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद उनकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। सुजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के निकट जनजातीय बाहुल्य गांव बर्दिया व फ़क़ीरपुरी में दो अज्ञात व्यक्ति जाली नोट के साथ पकड़े गए हैं। जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़कर बंधक बनाया है। शनिवार को जनजातीय गांवों में छोटे दुकानदारों से जाली नोटों से खरीददारी करते हुए दो अज्ञात व्यक्तियों को बर्दिया गांव में लोगों ने पकड़ा है। ग्रामीणों को पकड़े गए अज्ञात व्यक्तियों के पास से फ़ोटो कॉपी किए हुए 200, 100, 50, 10 आदि के जाली नोट मिले हैं। जानकारी के मुताबिक जाली नोटों को चला रहे व्यक्तियों को पकड़ने के बाद लोगों ने उन्हें बंधक बना लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान बर्दिया श्यामलाल ने आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ को शांत कराया और दोनों अज्ञात व्यक्तियों को कमरे में बंद कर सूचना पुलिस को दे दी। पकड़े गए। दोनों व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से थे जो अपने आप को लखीमपुर जिले के गजियापुर ननकार के बता रहे हैं। जिनके पास से 5 हजारे से अधिक रुपए लोगों ने पकड़े हैं। वहीं घटना के कई घण्टे बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नही पहुची। वहीं सीमा क्षेत्र में इस तरह की घटना व बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिलों का फर्राटा भरना पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

## सार-संक्षेप

### अयोध्या में मुख्य अतिथि बने बहराइच के पीठाधीश्वर

**बहराइच, अमृत विचार :** महाराष्ट्र के नागपुर में लोगों द्वारा नेचुरल तरीके से तैयार की गई 1008किलो की धूपबत्ती अयोध्या पहुंची। समाजिक संगठन सनातन रक्षक सेना द्वारा एक भव्य कार्यक्रम कर इस धूपबत्ती का प्रज्वलन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद बहराइच के नगरौर स्थित श्री सनातन धाम मंदिर के पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि स्वामी विष्णुदेवाचार्य के द्वारा इस धूपबत्ती को प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नया घाट सरयू तट से कलश यात्रा निकालकर की गई स्वामी जी ने कहा कि अयोध्या में भक्तों का जो सैलाब उमड़ा है अब ए रुकने वाला नहीं है राम लला के विराजमान होने के बाद सनातन धर्म का ध्वज अब पूरे विश्व पटल पर लहर रहा है भारत ही नहीं पूरे विश्व में सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था तेजी से बढ़ रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन रक्षक सेना की राष्ट्रीय अध्यक्षा महाराष्ट्र से आयी अरूणिमा सिंह ने की इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों सहित महाराष्ट्र , राजस्थान, मध्यप्रदेश से आये रामभक्तों सहित संत महात्मा और अयोध्यावासी भी मौजूद रहे।


अयोध्या में पूजा अर्चना करते बहराइच के महंत।

### मेकिंग इंडिया ग्लोबल लीडर पर हुई भाषण प्रतियोगिता


नेहरू युवा केंद्र में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मौजूद पदाधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र बहराइच द्वारा राष्ट्रीय युवा ससद महोत्सव 2024 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद महोत्सव कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया गया। जिसका विषय मेकिंग इंडिया ए ग्लोबल लीड चाहेर आत्मनिर्भर विकसित भारत इंपोवरनिग फ्यूचर रहा। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नोडल केंद्र बहराइच पर किया गया। भाषण प्रतियोगिता में नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर तथा सीतापुर के युवकों तथा युवतियों ने प्रतिभाग किया। यह भाषण प्रतियोगिता जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक समिति पांच अनुभवी सदस्य द्वारा प्रतिभागी युवाओं को निर्धारित समय के अनुसार प्रथम द्वितीय स्थान दिया गया। सभी प्रतिभागी युवाओं के विजेताओं को जिला युवाअधिकारी ने यह बताया कि जनपद स्तर के प्रथम व द्वितीय विजेताओं को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा करने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागी में सहयोगी एनवाईवी संतोष कुमार, अनुभव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### इजराइल जाने के लिए श्रमिकों का हुआ मेडिकल

**बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ आईटीआई में प्रशिक्षण के बाद इसराइल जाने के लिए चयनित हुए मजदूरों का शनिवार को मेडिकल कॉलेज में मेडिकल जांच हुई। जिसमें सभी के ब्लड की जांच कर रिपोर्ट बनाई गई। इसराइल सरकार की अनुरोध पर केंद्र सरकार की ओर से श्रमिकों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत बहराइच जिले के 120 श्रमिकों का लखनऊ आईटीआई में प्रशिक्षण हुआ है। श्रम अधिकारी सिद्धार्थ मोदयानी ने बताया कि जिन 120 श्रमिकों का चयन हुआ है, उन श्रमिकों की जांच शुरू हुई है। श्रम अधिकारी ने बताया कि शनिवार को सभी का मेडिकल जांच हुआ जिसमें इसराइल जाने वाले श्रमिकों के ब्लड ग्रुप हार्ट उम्र और बीमारी की जांच हुई। इसके बाद उनके मेडिकल रिपोर्ट को तैयार कर उन्हे दिया गया। उन्होंने बताया कि यह सभी अपने कागजात पहले ही विभाग में जमा कर चुके हैं।


मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट बनवाते श्रमिक।

### कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**तेजवापुर, बहराइच,अमृत विचार :** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार आज शनिवार को विकास खण्ड तेजवापुर के राज माता रेहुआ कन्या इंटर कॉलेज ऋषि नगर बेडनापुर मे जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे युवा मंडल व महिला मंडल के सदस्यो ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य वीके सिंह, शिक्षक रवि मिश्रा, चचरीक शुक्ला, स्नेह मिश्रा, रमेश मौर्या आदि अतिथि उपस्थित रहे।

# दोगुने से अधिक उम्र के युवक से नाबालिग का रुकवाया विवाह

**बहराइच, अमृत विचार :** राम गांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी का विवाह उसके माता पिता 35 वर्षीय युवक के साथ तय हुआ था, लेकिन इसकी सूचना किशोरी ने पुलिस को दे दी। रामगांव थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी का विवाह उसकी सौतेली मां और पिता ने 35 वर्षीय युवक के साथ तय किया है। जिसके तहत रविवार को तिलक कार्यक्रम होना था। इसकी भनक किशोरी को लगी तो उसने कोतवाली देहात के दोनक्का स्थित वृद्ध आश्रम पहुंचकर 1098 पर फोन किया। शनिवार को किशोरी की सूचना पर वन स्टाफ केंद्र की प्रबंधक रचना कटियार और आनंद चौधरी मौके पर पहुंचे। सभी ने किशोरी को कब्जे में लेकर काउंसलिंग की। इसके बाद बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। कोतवाली देहात में जीडी एंट्री करने के बाद बाल कल्याण समिति की टीम ने सुनवाई की प्रभारी निरीक्षक राम गांव से वार्ता की। इसके बाद किशोरी के माता–पिता को बुलाया गया। पुलिस और बाल कल्याण समिति की टीम के सामने लिखा पढ़ी के बाद किशोरी को उसके परिवार के सौंप दिया साथ ही बाल विवाह रुकवा दिया गया। रचना कटियार ने बताया कि किशोरी का विवाह 28 फरवरी को होना तय है। लेकिन अब बाल विवाह नहीं होगा।

**साहब! रुपए लेकर कर रहे शादी**

बेगमपुर गांव निवासी किशोरी ने बताया कि उसके माता की मौत हो चुकी है पिता शराब का सेवन करते हैं सौतेली मां रुपए लेकर अधिक उम्र के युवक के साथ विवाह करना चाहती है उसका कहना है कि वह अभी पढ़ना चाहती है।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे सरकार

बहराइच

**अमृत विचार :** जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू न करने, सनातनी मंदिर-मठों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने आदि दावों के लागू न होने के विरोध में शनिवार को राष्ट्रधारक दल ने बैठक की। इस दौरान लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने व विभिन्न वादों को लागू करने पर सहमति बनी।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रधारक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने, मतांतरण विरोधी कानून, सीएए, यूसीसी, एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने आदि के वादे किए। लेकिन उन पर अभी तक अमल नहीं हुआ। जिससे सनातनियों में भारी रोष है। जिसको लेकर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी की गई है। जिसके तहत विभिन्न लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी खड़े कर चुनाव लड़ा जाएगा। साथ ही सनातन हितैषी सभी 30 कार्यों को लागू करवाया जाएगा। जिलाध्यक्ष राहुल पांडेय ने कहा कि न्यायालयों की समय सीमा छह माह, सांसद व विधायक को मिलने वाली एक से अधिक पेंशन बंद करवाना एक देश एक टैक्स के वादे लागू करवाए जाएंगे। बैठक में विवेक त्रिपाठी, मांशू दीक्षित, रवि जायसवाल, हरि ओम पाठक, संतोष जायसवाल, दिव्यांशु तिवारी आदि मौजूद रहे।


शहर में आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के अरकापुर गांव निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर ग्राम अरकापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 35 वर्षीया विवाहिता शाहजहां का शव फंदे से लटकता मिला है। घटना की सूचना पाकर मां मौके पर पहुंची। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की। वहीं परिजनों द्वारा इस मामले में हत्या का आरोप लगाया गया है। महिला की शादी के 18 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और दो बच्चे भी हैं। उसका मायका बड़ा गांव पोस्ट धरसवा देहात कोतवाली में है। मृतक विवाहिता के पिता फिरोज का कहना है कि उसकी बेटी की हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि इस घटना की जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**नाराजगी** थारू समाज ने बदहाल नेटवर्क व्यवस्था को लेकर मतदान बहिष्कार की दी धमकी

# पहले टावर फिर पावर के नारे से गूंजा गांव

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** जिले जंगल से सटे न्याय पंचायत आंबा के लोगों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है। सभी का कहना है कि यदि नेताओं को पावर चाहिए तो पहले टावर लगवाना होगा। वरना सभी मतदान का बहिष्कार कर देंगे।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग जंगल से आंबा न्याय पंचायत सटा हुआ है। इस न्याय पंचायत के तहत एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत आते हैं। लेकिन थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में नेटवर्क को लेकर काफी समस्या है। इसको लेकर ग्रामीणों का आंदोलन अब गांव गांव में शुरू हो गया है। थारू जनजाति समाज जो स्थान समिति के बैनर तले गांव के लोगों ने शनिवार को बैठक की। जिला अध्यक्ष बेचन चौधरी ने कहा कि नेटवर्क के काफी दिक्कत है जिसके चलते गांव के लोग अपने रिश्तेदार के लोगों से वार्ता नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा गया, लेकिन जिला प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते आंदोलन अब गांव में पहुंच गया है सभी ने कहा कि हम सभी मतदान का बहिष्कार करेंगे थारू जन जन की यही पुकार नेटवर्क है पहला अधिकार नेटवर्क नहीं तो वोट नहीं पहले टावर फिर पावर के नारे लगाए। सभी ने कहा कि वह सभी नेटवर्क की समस्या दूर न होने तक मतदान नहीं करेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान बसंत लाल, राधेश्याम, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, दिलीप प्रसाद, रामकिशन समेत सैकड़ो की संख्या में थारू समाज के लोग मौजूद रहे।


विशुनापुर गांव में आयोजित चौपाल में वार्ता करते ग्रामीण। अमृत विचार

# जो किसानों से टकराएगा चूर- चूर हो जायेगा

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** केन्द्र की अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार के इशारे पर राहुल गाँधी के भारत जोडो न्याय यात्रा व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कोष में 115 करोड रुपये फ्रीज कर दिए जाने तथा अपने हक और अधिकार को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज व आंशूगैस, गोले छोड़कर उनका ब्यापक उत्पीड़न व दमन करने जैसे काले करतूतों पर आज हुजूरपुर कुण्डा सर मार्ग पर स्थित लौदा महोली में कांग्रेस नेता विनय सिंह के नेतृत्व में चेतावनी सत्याग्रह किया गया। मौके पर मौजूद कांग्रेस व किसान नेताओं ने केंद्र की जनविरोधी मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि जो किसानों से टकराएगा, वह चूर चूर हो जाएगा। मोदी हटाओ, लोकतंत्र बचाओ जैसे गर्मजोशी से आवाज बुलंद किया। कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि मोदी ने कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करते समय शायद ये भूल गए कि हम धन की ताकत से नहीं बल्कि जन की ताकत से चुनाव लडते है और किसान, मजदूर निर्बल जन ही हमारी असली ताकत है।


प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# पुस्तक समाजः एक नया और जीवंत समाज

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। ये संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।''

मेला मिलन है और खरीदें बेचें तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नहीं। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। ये प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद है। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनपाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नहीं। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्साती। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया है। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मर्त्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमर्त्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नव गतिशीलता का उपकरण है। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है, लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था, यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे, जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है, पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं, जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है, उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया, परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती, परंतु आप ये बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी, लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा, पुरस्कार पाने लगा, अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं, नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था, वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है, शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

"ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी, तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं, जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं, मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं, बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं, लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर, ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी, जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है, वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना, बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

## एक नजर

### अमन को जेई में सफलता

सुलतानपुर, अमृत विचार। कादीपुर के सराय कल्याण प्रधान व अधिवक्ता मंगला प्रसाद तिवारी के पुत्र अमन तिवारी ने प्रथम प्रयास में ही जेई मेंस की परीक्षा में 93 .23 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है। अमन ने इंटर की परीक्षा रेडियंत कालेज जलालपुर अंबेडकरनगर से उत्तीर्ण किया है। इनके परीक्षा पास होने पर संतोष मिश्र एड, राकेश राय, पूर्व प्रधान गौरा बीबीपुर राजीव कुमार, कोटेदार गोरेलाल मिश्र, अमर देव तिवारी, कृष्ण कुमार पांडेय, सुनील पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भाजपा घबरायी

सुलतानपुर, अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने बयान जारी करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबराए हुए है। बैंक खाते तो बीजेपी के फ्रीज होने चाहिए, क्योंकि जो असंवैधानिक कॉर्पोरेट बांड उन्होंने अपने खातों में डाल रखे हैं, सुप्रीम कोर्ट के अनुसार असंवैधानिक हैं। बीजेपी नेताओं की हताशा और डर का परिणाम दिखने लागा है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की लोकप्रियता से प्रधानमंत्री घबराएं हैं। जनशक्ति पर कैसे प्रतिबंध लगायेंगे।

### विद्यालय से सामान चोरी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। विद्यालय के प्रबंधक जयशंकर तिवारी की दी गई तहरीर के अनुसार 16 फरवरी की रात कस्बे के चंदौली रोड पर स्थित होली होम कान्वेंट स्कूल की बाउंड्रीवॉल की दीवाल फादकर चोरों ने कमरे के अंदर रखे कमानी, सिलिंडर, फावड़ा सहित हजारों रुपए के समान उठा ले गए। इसके पूर्व भी चोरों ने विद्यालय से जनरेटर एवं अल्टीनेटर चुरा ले गए थे। जिस पर भी लिखित सूचना देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे चोरों का हौसला बुलंद हो गया है।

# गणित के प्रश्नों ने उलझाया, तो जीके ने भी छुड़ाया पसीना

## पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन 2541 ने किया परीक्षा से किनारा, डीएम व एसपी लगातार रहे भ्रमणशील, केंद्रों के साथ कंट्रोल रूम से भी करते रहे निगरानी


गोपी कुमार अंशिका दुबे शालिनी मिश्र वर्तिका

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। जिले के 29 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को हुई पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने कहा कि गणित के प्रश्नों ने खूब उलझाया। सामान्य ज्ञान के भी प्रश्न काफी टफ रहे। कई केंद्रों से बच्चे खुशी से झूमते हुए निकले। दोनों पालियों में 2541 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि, परीक्षा में 30,963 अभ्यर्थी शामिल हुए है।

शनिवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से शुरु होनी थी। लेकिन निर्देश के मुताबिक अभ्यर्थी लगभग आठ बजे ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे। जांच पड़ताल व निगरानी के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश मिला। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला व पुरुष कांस्टेबल के साथ डायल 112 भी परीक्षा केंद्रों पर मौजूद थी। वही जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। डीएम ने कहा कि दोनों पालियों में जिले में शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा हुई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पूरे जनपद स्तर पर पुलिस लाइन में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार प्रथम दिन के प्रथम पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों 16,752 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 15,471 रही। 1281 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों 16,752 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 15,492 रहे। अनुपस्थित अभ्यर्थी 1260 रहे।


पुलिस भर्ती परीक्षा का निरीक्षण करतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

### अभ्यर्थियों में दिखा पुलिसकर्मी बनने का हौसला

पुलिस परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से निकले बिहार के गोपी कुमार ने बताया कि पेपर ठीक आया था। गणित के कुछ सवाल उलझा रहे थे। बाकी अन्य विषयों के प्रश्न कठिन जरूर थे। लेकिन हल हो गए कोई दिक्कत नहीं आई। चंदनपुर अठैसी जयसिंहपुर की छात्रा अंशिका दूबे ने बताया कि पेपर ठीक था। गणित के कुछ सवाल छूट गए समय नहीं मिल पाया। अन्य विषयों में जनरल नालेज भी घूमाकर पूछा गया था। मझना अलीगंज की छात्रा शालिनी मिश्रा ने बताया कि गणित के साथ जनरल नॉलेज के प्रश्न कुछ कठिन थे बाकी पेपर ठीक गया है। उम्मीद है परिणाम अच्छा आयेगा। नगर कोतवाली की छात्रा वर्तिका ने बताया कि पुलिस परीक्षा का पेपर ठीक था। सवाल जरूर कुछ घुमाए गए थे, लेकिन हल करने में सफल रही। उम्मीद है परीक्षा परिणाम अच्छा आयेगा। 300 में से कम से कम 250 से 275 अंक जरूर मिलेगा।

### आज भी 29 केंद्रों पर होगी परीक्षा

पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा रविवार को भी जिले के 29 केंद्रों पर आयोजित होगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। प्रत्येक पाली में सभी केंद्रों को कुल 16,752 परीक्षार्थी आवंटित है। प्रथम पाली की परीक्षा 10 से 12 तो द्वितीय पाली तीन से पांच बजे तक आयोजित होगी। हालांकि, अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले ही केंद्रों पर पहुंचना होगा।

# पूर्व विधायक के मामले में गवाह तलब

- सड़क जाम कर प्रदर्शन और पथराव करने का मामला

सुलतानपुर

अमृत विचार। कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत अन्य आरोपियों के सड़क जामकर प्रदर्शन व पथराव के मामले में दर्ज केस में अभियोजन साक्षी को कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने तलब किया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख नियत की है।

लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 अक्टूबर 2002 को सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, सर्वेश सिंह , जितेन्द्र सिंह, लाल बहादुर, शिवभूषण सिंह, पंकज, बृजेश, विपिन, वेद प्रकाश समेत 14 लोगों ने कादीपुर कोतवाली में पहुंचकर बलवा, नारेबाजी, पथराव और लूटपाट की थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।

### अधिवक्ता हत्याकांड में आरोपी इकराम की जमानत खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर। अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में जेल में बंद थाना गोसाईगंज भौएं कटार निवासी आरोपी इकराम उर्फ इकरामुद्दीन उर्फ पहलवान की जमानत अर्जी प्रभारी सेशन जज अभय श्रीवास्तव ने मामले को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। वादी पक्ष के निजी वकील रणजीत सिंह त्रिसुंडी और शेख नजर अहमद ने मामला अत्यंत गम्भीर बताया और कोर्ट से याचिका खारिज करने की मांग की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने आरोपी की रिहाई की मांग की लेकिन कोर्ट ने उसे राहत देने से इंकार कर दिया। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई थी जबकि मुनव्वर घायल हो गया था। हत्याकांड में लोलेपुर निवासी मुख्य आरोपी सिराज अहमद उर्फ पप्पू कुर्की की कार्रवाई के बाद भी हाजिर नहीं हुआ और पुलिस ने उस पर मफरूरी में चार्जशीट दाखिल की है।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### दहेज हत्या के आरोपी सास की रिहाई का आदेश

सुलतानपुर। दो माह पूर्व कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के कुछमुछ में दहेज उत्पीड़न और बहू की हत्या करने की आरोपी सास गुड्डा उर्फ नजमा खातून की जमानत अर्जी सेशन जज जय प्रकाश पांडेय ने मंजूर कर जेल से रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील मो. आरिफ हाशमी के मुताबिक नकराही निवासी मो. इमरान ने बहन सबा बानो का निकाह कुछमुछ निवासी सबरे आलम से पांच मार्च 2022 को किया था। आरोप है कि दहेज की मांग कर परिवार वाले उसे प्रताड़ित करते रहे। बीते 11 नवम्बर को सबा का हाल लेने गए भाई ने उसकी हालत खराब देख जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि ससुराल वालों ने सबा बानो को दहेज के लिए जहर देकर मार दिया। आरोपी सास व देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अधिवक्ता ने बताया कि बिसरा रिपोर्ट नहीं आने से मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने और आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत नहीं होने के आधार पर आरोपी सास गुड्डा को जमानत मिली है।

### धम्मौर थानाध्यक्ष से रिपोर्ट तलब

सुलतानपुर। धम्मौर थानाक्षेत्र के लौहर पश्चिम गांव निवासी अनीता यादव ने गांव के ही गोविंद प्रसाद, शिवराम, संदीप, सीतापती, मालती व साधना के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। आरोप लगाया है कि 14 जनवरी को आरोपियों ने उन्हे गाली दी और सामान उठा ले गए थे। अधिवक्ता प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि दरोगा श्रवण कुमार ने विपक्षी के अनुचित दबाव में कोर्ट में अधूरी रिपोर्ट भेज दी है। एसओ को तलब करने की मांग पर एसीजेएम साइमा सिद्दीकी जर्रार आलम ने धम्मौर एसओ से रिपोर्ट तलब करते हुए मामले में अगली सुनवाई 29 फरवरी को होगी।

# सीसीटीवी से फंसा पूर्व राज्यमंत्री का बेटा

- चालक पर दूसरे द्वारा गोली चलाने की बात कह दर्ज करवाया मुकदमा, हुई जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। राजनीतिक वर्चस्व के लिए राजनेता अलग-अलग चाल चलते रहते हैं। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री के बेटे के रिवाल्वर से घायल हुए चालक को दूसरे द्वारा गोली चलाने की बात कह मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने भी केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। लेकिन सीसीटीवी फुटेज ने पूर्व राज्य मंत्री के बेटे के सारे किए धरे पर पानी फेर दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पूर्व राज्यमंत्री के बेटे सहित चार पर जानलेवा हमला सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अखंडनगर थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राणा अजीत सिंह के पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह ने तहरीर दी थी। तहरीर के मुताबिक गाड़ी ओवरटेक करने के चलते बीते 10 फरवरी की शाम दादूपुर गांव निवासी विजय प्रताप दूबे ने उन्हे गोली मारी थी। गोली मुझे न लगकर चालक सुदीप सिंह को लग गई थी। पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी विजय को जेल भेज दिया था। शुक्रवार को जेल गए विजय प्रताप दूबे ने एसपी सोमेन वर्मा को शिकायती पत्र भेजवाया। विजय ने बताया कि आठ दिन पहले वह दोस्तपुर से लौट रहे थे। रास्ते में वीरेंद्र प्रताप सिंह स्मारक महाविद्यालय के पास पूर्व मंत्री राणा अजीत सिंह के पुत्र अभिजीत सिंह, चालक सुदीप सिंह व दो अन्य अज्ञात लोगों ने गाड़ी ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि जबरदस्ती विजय को गाड़ी से उतार रिवाल्वर लूटने का प्रयास करते हुए अभिजीत ने फायर कर दिया। झीनाझपटी के चलते गोली मुझे न लग सुदीप को लग गई। जिसका रिकार्ड कालेज के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में क़ैद है। एसपी सोमेन वर्मा ने सीसीटीवी फुटेज जांच कर विधिक कार्यवाही के निर्देश अखण्डनगर कोतवाल रवि कुमार सिंह को दिया था। कोतवाल रवि कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व मंत्री के पुत्र, चालक व दो अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कोर्ट की पिता-पुत्रों की गिरफ्तारी पर रोक

सुलतानपुर, अमृत विचार। कादीपुर थाना क्षेत्र के कमरावां में राजस्व कर्मियों से अभद्रता, और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने के आरोपी पिता व पुत्रों की गिरफ्तारी पर न्यायाधीश जेपी पांडेय ने रोक लगा दी है। आरोपियों के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि 8 दिसंबर 2014 को चकरोड की पैमाइश के दौरान राजस्व कर्मियों ने आरोपी लालता प्रसाद मिश्र तथा उनके पुत्रों भी विनीत और अंकित पर मुकदमा दर्ज कराया था। मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट के परीक्षण होने के आधार पर कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

# ई-रिक्शा चालकों से वसूली पर रेल मंत्रालय हुआ सख्त

- डीआरएम लखनऊ को दिया जांच कर कार्रवाई का निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग के ठेकेदार द्वारा ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली का मामला सामने आने पर मंत्रालय सख्त हो गया है। डीआरएम लखनऊ को जांच कर कार्यवाही का निर्देश दे दिया है।

सुलतानपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे कार पार्किंग के वसूली का ठेका गुजरात के सूरत की दाना इंटरप्राइजेज के पास है। ठेकेदार मुंशी से वसूली का कार्य करवा रही है। आरोप है कि मुंशी द्वारा रेलवे स्टेशन पर सवारियों के लिए खड़े ई रिक्शा चालकों से प्रति चक्कर अवैध वसूली कर रहा है। जिसकी शिकायत हुई थी। शिकायत पर सख्त हुआ रेलवे मंत्रालय ने डीआरएम लखनऊ को जांचकर कार्यवाही का निर्देश दिया। जिस पर डीआरएम लखनऊ ने जिला स्तरीय अधिकारियो से से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। डीआरएम के जांच कर रिपोर्ट मागते ही रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मचा हुआ है। सुलतानपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक बीएस मीणा ने बताया कि डीआरएम लखनऊ के निर्देश पर जांच कराकर रिपोर्ट भेजी गई है।

## सार-संक्षेप

### ये गुलशन तो हम छोड़ चले, ये यादें तड़पायेंगी: दीक्षा


विदाई समारोह में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। ये गुलशन तो हम छोड़ चले, ये यादें तड़पायेंगी... गीत से कक्षा 12 की छात्रा दीक्षा यादव ने सबको भावुक कर दिया। कक्षा 12 की छात्राओं के आशीर्वाद समारोह का आयोजन नगर के रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पा अर्जन एवं दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि एवं पूर्व प्रधानाचार्य कुसुम सिंह व हीरावती सिंह ने करके किया। कुसुम सिंह ने कहा कि बेटियां आज किसी से कम नहीं है। ये बेटियां दो परिवारों को जोड़ती हैं। विद्यालय के आचार्य सुप्रिया श्रीवास्तव ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए सुझाव दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रबन्ध समिति की वरिष्ठ सदस्य हीरावती सिंह ने कहा कि अपने बेहतर कल के लिए कठिन परिश्रम की जरूरत है। प्रधानाचार्य रेखा सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मौके चंद्रकांति तिवारी, नौरंगीलाल सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शुक्ला, संगीताचार्य रोली श्रीवास्तव, कुसुम श्रीवास्तव, रंजना मिश्रा, चित्रा मिश्रा, कीर्ति सिंह मीना तिवारी आदि रही।

### कोटे की दुकान को लेकर एसडीएम को दिया मांग पत्र

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। ग्राम पंचायत सरैया कमौरा में चल रहे उचित दर विक्रेता के चयन की कार्यवाही के संबंध में एसडीएम कादीपुर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की नियुक्ति न किए जाने की मांग की गई है। गांव के विश्वनाथ ने एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उचित दर विक्रेता नियुक्त के लिए गांव की एक महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से प्रयास कर रही है। उक्त महिला एवं उनके पति एवं सांस के विरुद्ध पुलिस में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली के कटसारी गांव के अंश 14 फरवरी को कादीपुर कस्बे के यूको बैंक में आए थे। आरोप है कि बैंक परिसर में पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने उन्हें लात घुसों से जमकर मारा। वह किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग गए। पीड़ित की मां बिंदु की शनिवार को दी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही बैकुंठ नाथ एवं कालिका प्रसाद के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


छात्र-छात्राओं ने गृह विज्ञान संकाय का शैक्षणिक भ्रमण किया। अमृत विचार

### राजकीय हाई स्कूल सलाहपुर के विद्यार्थियों ने किया गृह विज्ञान संकाय का भ्रमण

सुलतानपुर, अमृत विचार। राजकीय हाईस्कूल सलाहपुर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को कमला नेहरू संस्थान में प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह की अनुमति से गृह विज्ञान संकाय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य कुसुमलता वर्मा, सहायक अध्यापक प्रिया त्रिपाठी, शीलम पाठक, रिंकू यादव के साथ साथ स्कूल के 40 छात्राओं ने गृह विज्ञान संकाय की विभागीय प्रयोगशाला का भ्रमण किया। इस अवसर पर संकाय की प्राध्यापिकाओं द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं में किए जाने वाले प्रयोगात्मक कार्यों की जानकारी दी गई। यहां संकायाध्यक्ष डॉ ममता जायसवाल, डॉ सीमा दुबे , अन्विता सिंह, डॉ वीणा सिंह आदि रहे।

### फाइनल में पहुंची नार्दन रेलवे की टीम

सुलतानपुर, अमृत विचार। लखनऊ के कामरेड टीएन वाजपेयी स्टेडियम में रेलवे क्रिकेट लीग में सेमीफाइनल का मुकाबला ओपीटीजी व नार्दन मेंस रेलवे यूनियन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नार्दन मेंस रेलवे यूनियन की टीम ने 12 ओवर में 2 विकेट खोकर 122 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में ओपीटीजी की टीम 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 98 रन बना सकी। नार्दन मेन्स रेलवे यूनियन ने 24 रनों से मैच जीत फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कामरेड सतीश यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। कोच असद अहमद, शाखा मंत्री एससी द्विवेदी, केशव गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा के दिशा निर्देश पर ओबीसी मोर्चा सुलतानपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की हैं। जिला कार्यकारिणी के सदस्य रामशंकर मौर्या को जिला उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हजारीलाल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, कटका मंडल के अध्यक्ष मनोज सोनी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर अशोक यादव, राम प्रवेश वर्मा, मानस वर्मा को यथावत बनाये रखा गया है। जिलाध्यक्ष डॉ गुप्ता ने वीरेन्द्र भार्गव और अयोध्या प्रसाद वर्मा को पुन: जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, भोला नाथ निषाद, रामचंद्र यादव, दिनेश चौरसिया, महेश जायसवाल, रामसुख साहू और डॉ. अरविंद पाल को जिला मंत्री और पंकज गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यालय प्रभारी अजय सोनी, मीडिया प्रभारी रामू निषाद व जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय शर्मा को बनाया गया है। जिला कार्यसमिति सदस्य पद पर विजय जायसवाल, बजरंगी चौहान, बृजेश मौर्य, रामशिरोमणि यादव, अमित वर्मा, अरुण यादव, अनिल मौर्या, जितेंद्र जायसवाल, आलोक सागर, राहुल गुप्ता, विकास वर्मा और मुकेश जायसवाल को बनाया गया है। 10 मण्डलों के दायित्व में भी फेरबदल किया गया है।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मिशन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए 31 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अज़ादर हुसैन ने भाजपा जिलध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की संस्तुति के बाद कई निष्क्रिय जिला पदाधिकारी को कार्यमुक्त कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि मोहम्मद कलीम खान, मोहम्मद कासिम रिजवी खान, अब्दुल हक, आफाक अहमद, जामिन रजा को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। जिला महामंत्री की जिम्मेदारी मो दावर खान व सलीम फौजी को दी है। जिला मंत्री की जिम्मेदारी मोहम्मद सकलैन, शाहिद प्रधान, अशफाक अहमद, बाबा सत्तार, शमीम अहमद, मो .आबाद व मो . आमिर खान को दी गई है। कार्यालय प्रभारी मो . दिलशाद कादरी, सोशल मीडिया प्रभारी इरफान व मजकूरुल हसन को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अतीक अहमद को दी है। मिर्जा बेग, सैय्यद रिजवान मो .रशीद, मो . नौशाद, मो . जुबेर मो . खादिम, आले नबी, डॉ हैदर, डॉ अख्तर, डॉ मेहंदी व यासीन खान को जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया है।

**शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई)**
सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228172
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

**आवश्यकता है**

**स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है–**
प्रवक्ता (बी0एड्0)– 02 पद, शा0 शिक्षा (बी0एड्0)– 01 पद, संगीत (बी0एड्0)– 01 पद, **स्नातक विज्ञान संकाय–** वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित प्रत्येक में एक–एक पद, **स्नातक कला संकाय–** अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, हिन्दी, संस्कृत प्रत्येक में दो–दो पद, **परास्नातक कला संकाय–** हिन्दी, गृहविज्ञान व समाजशास्त्र प्रत्येक में दो–दो पद। योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्ते यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0 राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें।

**प्रबन्धक – सीताराम वर्मा, मो0–9415137463, 9415393096**

बदलाव — डाक विभाग डिजिटल इण्डिया और वित्तीय समावेशन संकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

# सेवाओं को व्यापक बना रहा डाक विभाग : पोस्टमास्टर जनरल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने प्रधान डाकघर का निरीक्षण किया। उन्होंने डाक सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया। कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है।


प्रधान डाकघर का निरीक्षण करते पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव।

उन्होंने कहा कि डाक विभाग डिजिटल इण्डिया और वित्तीय समावेशन संकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। डाक अधीक्षक एमएम हुसैन ने डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं मंडल में विभिन्न डाक सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार द्वारा लक्ष्य प्राप्ति के प्रति पोस्टमास्टर जनरल को आश्वस्त किया। पोस्टमास्टर जनरल ने डाक अधीक्षक कार्यालय में बैठक कर चालू वित्तीय वर्ष में सुलतानपुर में डाक सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। सुलतानपुर मंडल में वर्तमान में कुल 5.28 लाख बचत खाते, 1.80 लाख इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते, 82 हज़ार सुकन्या समृद्धि खाते एवं 1,144 महिला सम्मान बचत पत्र खाते खोले गए हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए सुलतानपुर में अभी तक 22 गांवों को सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया जा चुका है। 43 गांवों को सम्पूर्ण बीमा ग्राम और 27 गांवों को फाइव स्टार विलेज भी बनाया जा चुका है। प्रधान डाकघर में संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से सुलतानपुर में इस वित्तीय वर्ष में 7,865 लोगों ने पासपोर्ट बनवाया। 40 हजार लोगों ने डाकघर के माध्यम से नया आधार बनवाया या अपडेट किया, वहीं 1.45 लाख लोगों ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से सीईएलसी के अंतर्गत इसका लाभ उठाया। 26 हजार से ज्यादा लोगों को घर बैठे आधार पेमेंट सिस्टम के माध्यम से 9.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस मौके पर आईपीबी मैनेजर शाखा सुलतानपुर पंकज तिवारी, सहायक डाक अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार, परिवाद निरीक्षक शैलेश शर्मा आदि रहे।

### इंजीनियरिंग छात्रों को सिखाया गया वित्तीय प्रबंधन का गुर

संवाददाता, सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में फाइनेंसियल एजुकेशन फार यूथ पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मूल उद्देश्य इंजीनियरिंग संकाय के छात्र-छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाना है। इस कार्यशाला के संयोजक एवं ट्रेनिंग और प्लेसमेंट प्रमुख राघवेंद्र त्रिपाठी ने अतिथि वक्ताओं और कार्यशाला के विषय का परिचय कराया। अतिथि वक्ताओं दुर्गेश शुक्ला स्मार्ट ट्रेनर सेबी, एनएसई मितुज पांडेय, ट्रेनिंग संयोजक सेबी एवं एनएसई तथा अनुष्का वर्मा ट्रेनिंग संयोजक सेबी ने बड़े ही ज्ञानवर्धक तरीके से इस कार्यशाला को सम्बोधित किया। इंजीनियरिंग संस्थान अधिष्ठाता रत्नेश सिंह ने अतिथि वक्ताओं को धन्यवाद दिया। कार्यशाला में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट विभाग के जेपी मिश्रा, डॉ कविता श्रीवास्तव और जयचंद, ग्रीष्मा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हांसापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–17.02.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हांसापुर , विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर एसएलडब्ल्यूएम योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–18.02.2024 से 22.02.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत हांसापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–22.02.2024 को सायं 04: 00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजना अंतर्गत आरआरसी निर्माण कार्य कराये जाने हेतु। | 3,15,700 रुपये। | बालू, मोरंग, पत्थर (20mm), ईट गिट्टी, सीमेन्ट, ईट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चद्दर शेड, मिट्टी आदि सामग्री। | 100 |

**नोट–** शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**
ग्राम पंचायत हांसापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर

# गोरखपुर से आएंगे करीब 14 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

गोरखपुर

**जीबीसी-4.0**

**अमृत विचार।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) में गोरखपुर करीब 14 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के किए तैयार है। इसके जरिये करीब 50 हजार लोगों को नौकरी व रोजगार की गारंटी भी सुनिश्चित होगी। जीबीसी में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) सर्वाधिक, 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जीबीसी में जिले से 15 विभागों को प्राप्त 290 प्रस्तावों के जरिये 13776 करोड़ रुपये का निवेश मूर्तमान होगा। इनसे 49979 लोगों को रोजगार मिलना सुनिश्चित होगा। इसमें सर्वाधिक भागीदारी गीडा की होगी। गीडा में 153 निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इन प्रस्तावों से 8751 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 28068 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएसएमई विभाग इसे मिले 1174 करोड़ रुपये के 1174 निवेश प्रस्तावों को साकार कर 5864 लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करेगा। जबकि हाउसिंग सेक्टर में 2030 करोड़ रुपये के निवेश से 5552 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इसी तरह पर्यटन क्षेत्र के लिए 713 करोड़ रुपये, हैंडलूम उद्योग के क्षेत्र में 507 करोड़ रुपये, मेडिकल एंड हेल्थ सेक्टर के लिए 200 करोड़ रुपये का निवेश जीबीसी में क्रियाशील होने को तैयार है।

19 फरवरी को प्रदेश की राजधानी में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले 129 निवेशक/उद्यमी लखनऊ के मुख्य समारोह में आमंत्रित हैं। जबकि जिले स्तर पर समारोह में 160 उद्यमी शामिल होंगे।

**गोरखपुर में जीबीसी की ऐसी है तैयारी**

| क्षेत्र/विभाग | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|
| गीडा | 8751 | 28068 |
| हाउसिंग | 2030 | 5552 |
| एमएसएमई | 1174 | 5864 |
| पर्यटन | 713 | 1568 |
| हैंडलूम | 507 | 4270 |
| मेडिकल व हेल्थ | 200 | 1200 |
| हॉर्टिकल्चर | 113 | 691 |
| सहकारिता | 71 | 960 |
| डेयरी | 65 | 67 |
| वन विभाग | 55 | 400 |
| चिकित्सा शिक्षा | 33 | 225 |
| यूपीसीडा | 30 | 900 |
| तकनीकी शिक्षा | 30 | 199 |
| मत्स्य पालन | 02 | 15 |
| पशुपालन | 02 | – |
| कुल | 13776 | 49979 |


68वें रेल सप्ताह समारोह के आयोजन पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सीपी चौहान को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। गोरखपुर, अमृत विचार

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी लाभार्थी बच्चों व महिलाओं का सूची तैयार कर लें। टीकाकरण सत्र पर उपस्थित रहकर एएनएम का सहयोग करें। टीकाकरण सत्र पर आए दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उपस्थित ना रहने की शिकायतें मिल रही है, जो बहुत ही गलत है। माह के पहले व तीसरे बृहस्पतिवार को होने वाले ट्रिपल ए बैठक में लाभार्थी बच्चों व गर्भवती महिलाओं का सूची के साथ ही धात्री महिलाओं, कुपोषित बच्चों की सूची तैयार कर समय पर उपलब्ध कराएं। जिससे उनको लाभ मिल सके। आगे से किसी भी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान संजय कुमार गुप्ता, सूर्यदेव सिंह, सुषमा द्विवेदी, शकुंतला, शिखा, मंजू, नीता, अंजनी उपस्थित रहे।

### सांसद के बेटे ने जरूरतमंदों को वितरिए किए कंबल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बांसी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम भवारी में सांसद पुत्र अभिषेक पाल के द्वारा गरीब एवं असहाय में कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परमात्मा पांडेय, वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिंकर मिश्रा, बूथ अध्यक्ष प्रेम सागर त्रिपाठी, प्रधान रामकुमार पासवान, प्रधान पिंटू यादव, सुभाष त्रिपाठी, अनूप शुक्ला, प्रधान राघवेंद्र, दिनेश त्रिपाठी, रामदास प्रजापति सहित जनता की उपस्तिथि रही।

### जिले के 347 परिषदीय विद्यालय फिसड्डी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल निपुण भारत के आंकलन में जिले के 347 परिषदीय विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं। अब तक इन स्कूलों की ओर से 20 प्रतिशत से भी कम आंकलन किया जा सका है। लिहाजा इनकी वजह से प्रदेश में जनपद की रैंकिंग भी प्रभावित हुई है। बीएसए ने ऐसे विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिस देकर शत-प्रतिशत आंकलन करने का निर्देश दिया है। निपुण आंकलन परीक्षा में एक कक्षा एक, दो, तीन में ए प्लस, ए, बी ग्रेड प्राप्त किए हुए बच्चे का प्रतिशत जिन विद्यालयों में 20 प्रतिशत से कम है, उन्हें सुधारने के लिए बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने 347 स्कूलों को नोटिस दिया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन पकड़े गए नौ साल्वर

## पकड़े गए लोगों में अधिकतर बिहार के निवासी, डीएम व एसपी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर लेते रहे जायजा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को जिले के विभिन्न केन्द्रों पर कुल नौ साल्वर पकड़े गए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बताया कि पकड़े गए साल्वर ज्यादातर बिहार के निवासी हैं। जो दूसरे की जगह पर परीक्षा दे रहे थे। इटवा तहसील के दो परीक्षा केन्द्रों, बासी तहसील के दो, सिद्धार्थनगर तहसील के एक परीक्षा केन्द्र सहित कुल नौ साल्वर पकड़े गए। सभी से पूछताछ की जा रही है, इनके पास से विभिन्न कागजात बरामदी भी हुई है। बाकी जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा पहले दिन शनिवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए रतनसेन इण्टर कालेज, तिलक इंटरमीडिएट कालेज व डा. दशरथ चौधरी पॉलिटेक्निक बांसी इत्यादि परीक्षा सेंटरो का निरीक्षण किया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने द्वितीय पाली की परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के लिए परीक्षा केंन्द्रों का निरीक्षण किया। पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में परीक्षा केंद्र का भ्रमण किये। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव उत्तरी सर्कल के परीक्षा केंद्र की निगरानी पहुंचकर कर रहे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


परीक्षा केन्द्रों पर अधिकारियों को निर्देश देते डीएम व एसपी।



### पकड़ा गया एक साल्वर बिहार में है स्टेशन मास्टर

एसपी के अनुसार परीक्षा की प्रथम पाली में केन्द्र इस्लामिया कालेज आफ कामर्स बख्शीपुर में गोरखपुर निवासी अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए साल्वर पकड़ा गया। उसकी पहचान अंजनी कुमार उर्फ मनीष कुमार सिंह निवासी ग्राम व थाना नेवादा, जनपद नेवादा, बिहार के रूप में हुई। यह बिहार में रेलवे में स्टेशन मास्टर है। इसके पास से 5 आधार कार्ड जिसमें तीन कूटरचित हैं बरामद किए गए हैं। पुलिस रिक्रूटमेन्ट सिक्योरिटी एजेन्सी का परिचय पत्र, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक रेवले का पहचान कार्ड, दो मोबाइल और मोटर साइकिल बरामद की गई है।


परीक्षा केन्द्र के बाहर चेकिंग करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### दो परीक्षा केन्द्रों पर गैरहाजिर रहे 56 अभ्यर्थी

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार में परीक्षा के लिए दो केंद्र बने हैं। कस्बा के बाबा हरिदास इंटर कालेज पर बने परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक मनोज गौतम ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 432 परीक्षार्थियों में से 408 उपस्थित रहे। जबकि शाम की पाली में 432 में से 400 उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर दोनो पालियों में कुल 864 में से कुल 56 बच्चे अनुपस्थित रहे। इस केंद्र पर बीईओ अखिलेश सिंह स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहे। जबकि अजय कुमार इनके सहायक के रूप में रहे। इस केंद्र पर 27 कक्ष निरीक्षक परिषदीय स्कूलों के शिक्षक रहे। इसी तरह मूर्ति देवी स्मारक महाविद्यालय पकड़ी में प्रथम पाली में 408 में से 37 अनुपस्थित तथा द्वितीय पाली में 408 में से 21 अनुपस्थित रहे।

### बिस्कोहर से बसों के संचालन की मांग

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बिस्कोहर से सिद्धार्थनगर मुख्यालय आने के लिए चार जगहों पर साधन बदलना पड़ता है। जिससे लोगों को कई गुना किराया देना पड़ता है। जबकि रोडवेज की बस चलाने के लिए लोग लंबे समय से मांग कर रहे हैं। बिस्कोहर क्षेत्र के लोगों को कई कार्यों से मुख्यालय आना-जाना रहता है। जबकि कोर्ट व मेडिकल कॉलेज में दवा करवाने जाने के लिए लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। ऐसे में लोगों को आने जाने में ही समय बीत जाता है। और कार्य भी पूरा नहीं हो पाता है। बिस्कोहर से चलने वाले यात्रियों को सबसे पहले इटवा आना पड़ता है। उसके बाद रानीगंज तक ऑटो से जाना पड़ता है। इससे वहां से बस मिलने की उम्मीद रहती है। लेकिन सुबह व शाम में बस का संचालन नहीं होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। वहीं देर शाम होने पर लोगों को यात्रा करने में सबसे अधिक परेशानी होती है। एआरएम विजय कुमार गंगवार ने कहा कि सभी बंद रूटों पर बस संचालन के लिए सर्वे कराया जा रहा है। जल्द ही बंद रूटों पर बस का संचालन किया जाएगा।

# खरीद में अनियमितता की पुष्टि, ग्राम सचिव को नोटिस

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बर्डपुर ब्लॉक के बर्डपुर नंबर 11 में तैनात ग्राम सचिव एवं प्रधान प्रतिनिधि के बीच सरकारी खरीद में अनियमितता को लेकर मोबाइल पर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। ऑडियो की जांच के बाद सचिव को नोटिस भेजा गया है। जांच में पंचायत सहायक के त्यागपत्र देने के बाद प्राइवेट व्यक्ति से झूला सप्लाई फर्म को 1.26 लाख रुपये भुगतान की पुष्टि हुई। मामले में एडीपीआरओ की जांच रिपोर्ट डीपीआरओ ने डीडीओ को भेजी थी। जिस पर डीडीओ जीपी कुशवाहा ने बर्डपुर ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी राजदीप मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

डीपीआरओ ने डीडीओ को भेजी जांच रिपोर्ट में बताया कि वॉयरल ऑडियो संबंधित सचिव एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के बीच का ही है। जांच में यह भी पाया गया कि झूला लगाए जाने संबंधी परियोजना के संबंध में जांच अधिकारी को अवगत कराया गया था। उसी परियोजना पर 126000 रुपये का भुगतान दूसरे फर्म पर किया गया। पंचायत सहायक के त्यागपत्र दिए जाने के कारण प्राइवेट व्यक्ति द्वारा भुगतान किया जाता है। जबकि पंचायत सहायक के न रहने पर इसके भुगतान की कार्रवाई सचिव द्वारा ही की जानी चाहिए, प्राइवेट व्यक्ति से भुगतान कराए जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। डीडीओ ने ग्राम सचिव को भेजे नोटिस में मोबाइल पर कथित रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से अवैध धनराशि से संबंधित वार्तालाप करने एवं पंचायत सहायक के त्यागपत्र दिए जाने के कारण स्वयं भुगतान संबंधी कार्य न कर प्राइवेट व्यक्ति से कार्य कराए जाने का जिम्मेदार बताया गया है। इसलिए इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया जाता है कि अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि तक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर यह समझ जाएगा कि सचिव को कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर दी जाएगी।

**▸▸ बातचीत वायरल ऑडियो की जांच में हुई पुष्टि**

### मजदूरी के पैसे मांगने पर जान माल की दी धमकी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला बुध बाजार निवासी युवक पर मजदूरी के पैसे न देकर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए मजदूर की मां ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। मोहल्ला महुआ टोला निवासी सन्नो पत्नी मतलूफ ने बताया उसके पुत्र अरबाज को हैदराबाद काम कराने के लिए मोहल्ला बुध बाजार निवासी राजू 15 हजार रुपए महीने पर तय करके ले गया था। पीड़िता के अनुसार दो हजार रुपए किराए के लिए उसके द्वारा दिए गए। 13 हजार रुपए विपक्षी ने दे रहा है।


## सार-संक्षेप

### खुले में शौच से फैलती हैं बीमारियां : बीडीओ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के अंतर्गत विकासखंड मिठवल में एजेंसी न्यू जेनेसिस दिल्ली की तरफ से ओडीएफ से ओडीएफ प्लस की ओर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) चंद्रभान उपाध्याय, न्यू जेनेसिस टीम से जिला समन्वयक तौकीर आजम, सहायक गोविंद सिंह, शिखा वर्मा, अनिल निषाद उपस्थित रहे। विभिन्न कार्यक्रम जैसे नुक्कड़ नाटक स्वच्छता मेला ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक आई ई सी मटेरियल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से खुले में शौच मुक्त भारत बनाने एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि हमे खुले में शौच नहीं करना चाहिए। खुले में शौच करने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है और अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम के पश्चात खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा टीमों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

### विद्यालय में संकल्प दिवस का किया गया आयोजन

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी के आर्यकन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के व्यवस्था प्रभारी बीपी त्रिपाठी ने कहा कि हाईस्कूल की परीक्षा आपके जीवन सबसे महत्त्वपूर्ण समय है। सीसी कैमरों व वॉयस रिकॉर्डर के निगरानी में परीक्षा देनी है, ध्यान पूर्वक प्रश्नों को पढ़ते हुए उत्तर दें जिससे परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त हो सकें। कहा कि संस्कारों और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए हम सभी शिक्षक प्रतिबद्ध हैं। आज आधुनिकता की दौर में हमे अधिक से अधिक जानकारी रखने की आवश्यकता है, तभी हमारी अलग पहचान बनती है। इस दौरान कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दस के छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाचार्य शीला पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षक विनोद द्विवेदी, जुग्गीराम राही, वीपी शुक्ला, अरविन्द झा, गणेश पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य एसपी निगम, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, लवहर राम, राजेश कुमार, जैसराम प्रजापति, जनार्दन, प्रभू दयाल, शिक्षिका रेणुका श्रीवास्तव, कृष्णा सैनी, सोनिया यादव, वर्षा, नीलम, शिवानी, प्रतिभा आदि लोग मौजूद रहे।


जयंती पर कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण करते सपा कार्यकर्ता।

### सपा ने पीडीए पंचायत का किया आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ विधानसभा में सिसवा चौराहे पर शनिवार को सपा ने पीडीए पंचायत का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र मशाल ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाएगा। समाजवादी पार्टी ही समाज में कमजोर तबके के अन्याय और शोषण की लड़ाई ईमानदारी से लड़ती है। समाजवादी सरकार में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना कर तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सिद्धार्थनगर के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। समाजवादी विचारधारा से ही लोकतंत्र और संविधान बचेगा। इसलिए समाजवादी पार्टी को मजबूत कर देश को पूंजीपतियों के हाथों में बिकने से बचाया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने किया। पीडीए पंचायत को छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अजय चौरसिया, यूथ बिग्रेड के जिला महासचिव अमित यादव, वंशीधर शर्मा ने संबोधित किया। पीडीए पंचायत का आयोजन पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव डॉ अमित शर्मा ने किया। इस अवसर पर सूरज, जसपाल, लाल जी, महंत, विनोद प्रसाद, सेशराम, रामवृक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश तेजी से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी स्थान पर

गोरखपुर,

**अमृत विचार।** प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत में तेजी से विकास करने वाले राज्यों में अग्रणी स्थान रखता है। बैंकों द्वारा भारत में सबसे ज्यादा कर्ज आज बदले और नए उत्तर प्रदेश की दिया जा रहा है। प्रदेश की आर्थिक विकास दर अभूतपूर्व रूप से 9 प्रतिशत से भी ज्यादा है। आज प्रदेश में विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना तकनीकी से लेकर नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र तक में व्यापक निवेश हो रहा है।

श्री सिंह जीआईएस (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023) और जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0) के विविध आयामों से युवाओं को परिचित कराने के सिलसिले में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) गोरखपुर में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम (एंटरप्रेन्योर ओरिएंटेशन प्रोग्राम) को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वीडियो प्रसारण के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा आध्यात्मिक विकास से लेकर औद्योगिक विकास तक के लिए किए गए कार्यों को दिखाया गया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में निवेश का सबसे बड़ा क्षेत्र विनिर्माण क्षेत्र है जिसमे कुल निवेश का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा उपयोग हो रहा है। पहले के उत्तर प्रदेश और आज के उत्तर प्रदेश में बहुत अंतर है। आज पूर्वांचल में हजारों बच्चों की जान लेने वाले इंसेफलाइटिस का उन्मूलन हो चुका है। जलाभाव से ग्रस्त बुंदेलखंड में आज पेयजल के साथ सिंचाई जल भी उपलब्ध है। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। नोएडा में फिल्मसिटी बन रही है। प्रदेश आज एथेनाल उत्पादन में भी अग्रणी है। आज प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है, यह देश के ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य कर रहा है।

छात्रों को शासन द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में हुए एमओयू के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बारे अवगत कराते हुए बताया कि समिट में हुए निवेश को धरातल पर लाया जा रहा है। इसमें प्राप्त निवेश प्रस्ताव प्रत्येक जनपद के लिए है इसलिए सभी के लिए इसमें असीम संभावनाएं हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश जमीनी धरातल पर उतरेंगे। इससे 35 लाख नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने छात्रों से कहा यह आपके लिए भी एक बेहतर अवसर है की उद्योग के मांग के अनुसार स्किल पैदा कर खुद को उसमे स्थापित करें। जिस पूर्वांचल को पहले हेय दृष्टि से देखा जाता था आज वह इंडस्ट्री का हब बन रहा है। नए-नए स्टार्टअप लग रहे हैं। श्री सिंह ने छात्रों को बताया कि सरकार इंडस्ट्री के मांग के अनुसार छात्रों को स्किल देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से कई विभिन्न कार्य कर रही है। संस्थानों को चाहिए कि वे स्थानीय उद्योग के मांग के अनुसार छात्रों को कौशल शिक्षा प्रदान करें। शासन द्वारा युवाओं को उद्यम स्थापना को आसान बनाने के लिए निवेश मित्र एवं निवेश सारथी जैसे पार्टल शुरू किए हैं। इसके मदद से छात्र स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

**खेल** | 43वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा अंतर समवाय कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : कमांडेंट

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी एसएसबी, द्वारा अंतर समवाय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए उज्जल दत्ता, कमांडेंट, 43वी वाहिनी ने बताया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। इसके साथ ही, खेल हमें अनुशासन और नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है।

कहा कि खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं होता बल्कि यह हमारे मनोविज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। खेल खेलने से हमारा मन ताजगी और सक्रियता से भर जाता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है और हमें खुश और स्वस्थ रखता है। खेल से संगटन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। खेल हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है।

इसी क्रम में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा अंतर समवाय कबड्डी प्रतियोगिता के तहत सीमा चौकी बजहा में सीमा चौकी बजहा और खुनवा के बीच कबड्डी मैच का आयोजन किया गया । इस रोमांचक खेल में सीमा चौकी खुनवा ने सीमा चौकी बजहा से 6 पॉइंट से विजयी हुयी । इस प्रतियोगिता के दौरान निरीक्षक अशोक कुमार मीना और अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।


कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते एसएसबी के जवान। अमृत विचार

### गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी एकल यात्रा के लिए चलेगी



**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05090 गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी गोमतीनगर से 22 फरवरी को एकल यात्रा हेतु चलाई जायेगी। 05090 गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी गोमतीनगर से 22 फरवरी, 2024 को 10 बजे प्रस्थान कर गोण्डा से 11.58 बजे, बस्ती से 13.11 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, देवरिया सदर से 16.05 बजे, सीवान से 17.00 बजे, छपरा से 18.35 बजे, हाजीपुर से 20.05 बजे, बरौनी से 22.25 बजे तथा दूसरे दिन मुंगेर से 00.17 बजे छूटकर भागलपुर 04.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## एक नजर

### फूलों की खेती करने वाले किसानों का होगा चयन

**श्रीदतगज, बलरामपुर।** देश में फूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए उतरौला के किसानों को फूलों की खेती कराने के योजना बनाई है। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में फूलों की खेती करने वाले किसानों का चयन किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला संजय कुमार ने सभी ग्राम पंचायतों में किसानों का चयन करने के लिए सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक विकास खण्ड उतरौला कार्यालय पर की। बैठक में एपीओ गुलाम रसूल ने योजना को मूर्त रूप देने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर फूलों की खेती करने वाले किसानों का चयन करे। उसके बाद चयनित किसानों की सूची विकास खण्ड उतरौला कार्यालय पर उपलब्ध करा दे। खण्ड विकास अधिकारी उतरौला ने बताया कि फूलों की मांग बढ़ती जा रही है। किसान फूलों की खेती करके उसे देश विदेश के मंदिरों में आपूर्ति कर सकते हैं। किसानों के उत्पादित फूलों की सबसे अधिक खपत अयोध्या जिले में है। फूलों की खेती करके किसानों अच्छी आय कमा सकते हैं। किसानों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत हैं। इस खेती के लिए सरकार अनुदान भी दे सकती है।

### कर्मचारियों की मिली भगत से हरे पेड़ों की हो रहीं कटान

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** सरकार एक तरफ हरियाली को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की बात कर रही है।वहीं वन विभाग के अधिकारी हरे पेड़ों पर आरा चलवा रही है। चर्चा का विषय कि क्षेत्र में हल्का दरोगा व वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से हरे पेड़ों पर कटान जमकर हो रहा है।थाना क्षेत्र के ग्राम मनोहरापुर मे हरे आम के पेड़ जो बौर से लदा दिख रहा है। वही पेड़ों का कटान करके हरियाली पर आरा चलाकर मोटी रकम कमाई कर रहे हैं। हरे पेड़ों के कटान का परमिट भी वन विभाग नहीं देता है। लोगों का कहना है कि वन विभाग व पुलिस के मिलीभगत से पेड़ों का कटान बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। हरे पेड़ ठंड के मौसम में एक-एक करके गायब होने लगे हैं। बनकटवा रेंज के रेंजर सत्रोहन लाल ने बताया कि चार पेड़ का परमिट है। इससे अधिक पेड़ों का कटान गया होगा तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# संतकबीरनगर में 21 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

▸▸ पल-पल की खबर लेते रहे डीएम और एसपी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित कराई गई। कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित इस परीक्षा में हजारों अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षार्थियों की सर्वाधिक संख्या हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज पर रही। परीक्षार्थियों को कई चक्र की जांच से गुजरना पड़ा। प्रवेश द्वार पर उनके प्रवेश पत्र और उनके शरीर की तलाशी ली गई। इसके बाद उन्हें डिजिटल मशीन से आंखों की जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षा कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे उनकी हर गतिविधियों पर निगाह रख रहे थे तो चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी से डटे रहे। बताते चलें कि परीक्षा केंद्रों को पांच जोन और नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया था। सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरे दिन भ्रमण करते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने में जुटे रहे। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता पल-पल की अपडेट लेने में जुटे थे।

### परीक्षा छूटने के बाद शहर की सड़कों पर लगा भीषण जाम

पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा जैसे ही सम्पन्न हुई एक साथ हजारों अभ्यर्थी अपने घरों को रवाना होने लगे। एक साथ हजारों वाहनों के हुजूम के चलते जनपद मुख्यालय की, भी सड़कों पर भीषण जाम लग गया। सर्वाधिक बुरा हाल त्रिपाठी मार्केट और तितौवा रेलवे क्रासिंग पर देखा गया। रेलवे फाटक बंद रहने के चलते दोनों क्रासिंगों पर हजारों वाहनों की भीड़ जमा हो गई। आलम यह रहा कि लगभग एक घंटे तक जाम रहा और इस दौरान रेलवे फाटक तीन बार बंद हुए और आधा दर्जन ट्रेनें गुजर गईं। बेहद बुरा हाल मुखलिसपुर रोड रेलवे फ्लाईओवर पर भी दिखा। फ्लाईओवर भी आधे घंटे तक जाम की आगोश में रहा। यातायात प्रभारी परमहंस अपनी टीम के साथ जाम समाप्त कराने की जद्दोजहद करते दिखे। लगभग एक घंटे बाद जब सभी अभ्यर्थी जनपद मुख्यालय से अपने घरों को रवाना हो गए तो यातायात पुलिस ने राहत की सांस लिया।

# फुलवरिया बायपास चौराहे का होगा सौंदर्यीकरण

**लिया जायजा**

▸▸ डीएम ने फुलवरिया बाईपास चौराहा का निरीक्षण कर चौड़ीकरण व हाईमास्ट लाइट लगाए जाने का दिया निर्देश



फुलवरिया बाईपास चौराहे का निरीक्षण करते डीएम अरविंद सिंह व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम अरविंद सिंह की पहल पर फुलवरिया बायपास चौराहे का सीएसआर फंड से 8 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण व चौड़ीकरण होगा। डीएम अरविंद सिंह द्वारा चौराहे का निरीक्षण करते हुए दोनों ओर हाईटमास्ट लाइट लगाए जाने का निर्देश दिया।

चौराहे पर भरी ट्रकों के आवागमन का भार ज्यादा होने के कारण चौराहे का और चौड़ीकरण किए जाने जाने व सड़क के दोनों तीव्र मोड़ को सही किए जाने का निर्देश दिया। फुलवरिया बाईपास चौराहे का चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था और सुगम व सुदृण होगी तथा दुर्घटना की संभावना भी कम होगी। इससे यातायात सुरक्षित होगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, प्रबंधक चीनी मिल राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी और एसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## खलीलाबाद स्थित एचआरपीजी कालेज में स्थापित है स्ट्रांग रूम

**निर्देश**

▸▸ लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटें अधिकारी

संवाददाता, संतकबीरनगर



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता व अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश ने शनिवार को हीरालाल पीजी कॉलेज पहुंच कर तीनों विधानसभाओं मेहदावल, खलीलाबाद और धनघटा के लिए बनाए गए स्ट्रांगरूमका स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्ट्रांगरूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन शुचिता पूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जो भी अधिकारी निर्वाचन सम्बन्धी कार्य में लगाए गए हैं वे समय रहते सारी तैयारियां पूर्ण करा लें। दायित्वों में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे, डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट डॉ. सुनील कुमार, तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# 136 अभियोगों में 226 अभियुक्तों को मिली सजा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पुलिस महानिदेशक महोदय उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन और अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने और अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने के सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिन्हित कराते हुए मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप शनिवार को न्यायालय जनपद सन्तकबीरनगर ने विभिन्न प्रकरणों में माह जनवरी में संतकबीरनगर पुलिस व अभियोजन के संयुक्त प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप 136 अभियोगों में 226 अभियुक्तों को सजा और 7 लाख 30 हजार 150 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## सार-संक्षेप

### वार्षिकोत्सव में बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील



प्राथमिक विद्यालय रमईडीह प्रथम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**बलरामपुर।** तुलसीपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रमईडीह प्रथम में वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही साथ अभिभावक व शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व कम्पोजिट विद्यालय रमईडीह की प्रधानाध्यापिका सुशीला व उच्च प्राथमिक विद्यालय मुडिला की प्रधानाध्यापिका सुनीता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम वर्मा ने करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी व उपस्थित सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। सहायक अध्यापिका सुमन व शिक्षा मित्र ओम प्रकाश ने उपस्थित अतिथियों को बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया। सर्व प्रथम विद्यालय युनिफोर्म में बच्चों ने परेड प्रदर्शन किया व उपस्थित अभिभावकों व लोगों से बच्चों को फुल युनिफोर्म में नियमित स्कूल आने की प्रेरणा दी। छात्रा महक, रोली व महक वर्मा ने मां सरस्वती सारदे गीत से सरस्वती वन्दना व छात्रा आंचल, रोली, साधना, सुमन, शिवानी ने स्वागत करते आज तुम्हारा गीत से अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। नन्हे मुन्ने बच्चों की विभिन्न रूपों की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शंकर जी का डमरू बाजे, पापा मेरे पापा, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, कान्हा तुझको मजा चखाऊ आदि गीत पर विद्यालय के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर खुब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सहायक अध्यापिका प्रीती, उपमा, मारूती व बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### जीपीए ने स्थाई समिति की बैठक कराने की उठाई मांग

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि लम्बे समय से जिले में स्थाई समिति की बैठक नहीं कराई जा सकी है। जिसके चलते पत्रकारों की तमाम समस्याएं लम्बित पड़ी हैं। उन्होंने स्थाई समिति का गठन कराकर शीघ्र बैठक कराने की मांग किया है। इसके अलावा धनघटा तहसील मुख्यालय पर पत्रकारों के लिए सामूहिक भवन निर्माण के लिए जिलाधिकारी से नि:शुल्क जमीन उपलब्ध कराए जाने की मांग किया है। जिससे धनघटा तहसील के पत्रकारों को बैठकर काम करने और मीटिंग आदि के लिए उपयुक्त जगह मिल सके। तीसरी मांग में महीने में एक दिन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पत्रकारों की बैठक कराने की मांग की गई। जिससे पत्रकारों और जिले की समस्याओं से एक दूसरे को अवगत कराया जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी के साथ ही मो. परवेज अख्तर, अतुल सिंह, अतहरुल बारी, महबूब पठान, सत्यप्रकाश वर्मा, कमर आलम अंसारी समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी पीडीए पदयात्रा का किया गया स्वागत

**सीतापुर, अमृत विचार।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में चल रही समाजवादी पीडीए पद यात्रा चौथे दिन वरुण यशपाल चौधरी के दरेली पट्टी स्थित फार्म हाउस से शुरू होकर हरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पट्टी पहुंची, जहां हरगांव क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ताओं ने श्याम सुंदर भार्गव के आवास पर स्वागत किया। समाजवादी पीडीए पदयात्रा दहेली, रमपुरवा, बेलवा बाजार, सुजाबाद, कुसेपा बाजार, गदियाना, शेखनापुर, शाहपुर, चौरा मोड़, ठकुरनपुरवा, चनिया, किशुनपुर होते हुए बिलरिया पहुंची, जगह-जगह लोगों ने पद यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया, दहेली में उत्तम भार्गव, रमपुरवा में संदीप वर्मा, बेलवा बाजार में दिनेश मौर्य, आजम खान, सुजाबाद में संदीप भार्गव, कुसेपा बाजार में अंबुज यादव, डॉक्टर कासिम, सुफियान गाजी, गदियाना में डॉक्टर अशोक, दिलीप यादव, शेखनापुर में इश्तियाक हाजी, शाहपुर में कपिल मिश्रा, अनीश प्रधान, चंद्र किशोर मिश्रा, राजकुमार मौर्य, मानसिंह चौहान प्रधान ने स्वागत किया व कपिल मिश्रा की माता जी ने आनंद भदौरिया की आरती उतार कर विजय होने का आशीर्वाद दिया। आनंद भदौरिया ने किसान भाईयों को सम्बोधित करते हुये कहाकि इलेक्टोरल बॉन्ड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है, क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके खेती-किसानी से जुड़े कारोबारों पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ साधना चाहते थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे। जिस तरह से देश का किसान, व्यापारी, नौजवान, महिलाएं महंगाई को लेकर परेशान हैं, भाजपा सरकार किसी का भी ध्यान नहीं दे रहे हैं तथा सरकार विपक्षी नेताओं को तोड़ने व जेल भेजने का काम कर रहे हैं।

# लोकसभा प्रभारी बनने पर अंसार अहमद को दी बधाई



अंसार अहमद खां को गुलदस्ता देकर बधाई देते सपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता विपक्ष अखिलेश यादव निर्देशानुसार मोहम्मद शकील अहमद नदवी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा व पूर्व मंत्री के द्वारा अन्सार अहमद खां प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा को जनपद गोंडा लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

अंसार अहमद खां के लोकसभा प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश यादव, जिलाध्यक्ष माणिकलाल कश्यप, विधानसभा प्रभारी एजाज़ मलिक, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यकसभा बहलोल नियाजी,अतीक खान गन्ना चेयरमेन उतरौला,अवकात अनस जिला उपाध्यक्ष, नेहाल खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद हनीफ खां, मोहम्मद इजहार खां पप्पू, नूरूउल्लाह खां,मोहम्मद असलम उर्फ बब्बू नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील इदरीशी, मोहम्मद समीम खान, नगर अध्यक्ष राकेश यादव,अजीत यादव, अब्दुल रहमान सिद्दीकी,नसीम अहमद अंसारी,कलीम सिद्दीक़ी,मोहम्मद शरीफ व हाजी जहूर खान उर्फ छन्नन ने बधाई दिया।

# 110 मदरसा शिक्षकों के अभिलेखों की होगी जांच

**बलरामपुर।** शासन से सहायता प्राप्त 25 अनुदानित मदरसा के शिक्षकों की अभिलेखों का जांच होना निश्चित है इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की अलग-अलग दृष्टि में गठित की गई हैं। 110 शिक्षकों के अभिलेखों की जांच होना है। इससे छात्रों की वास्तविक स्थिति व शिक्षकों व छात्रों के अनुपात में तैनाती मामला उजागर हो सकता है।जिले के मदरसा में शिक्षकों की तैनाती को लेकर आए दिन शिकायतें आम बात रही है। दिसंबर 2023 से ही अनुदानित व गैर अनुदानित 202 मदरसा के भौतिक संसाधन व छात्रों की संख्या आदि की जांच चल रही है। जांच टीम मान्यता प्रमाण पत्र में दर्ज मान्यता के स्तर,मदरसे में स्वीकृत पदों की संख्या, मदरसे में मान्यता के दौरान कमरों की स्थिति सहित वित्तीय व भौतिक संसाधन की जांच टीम द्वारा किया जा रहा है। जिले में शिक्षकों का पद स्वीकृत है लेकिन 3 पद्धति चल रहे है। 110 मदरसा शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के लिए गठित टीम में एक खंड शिक्षा अधिकारी व जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी के साथ एक जिला स्तरीय अधिकारी भी शामिल है। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत कुमार मौर्य ने बताया है कि मदरसा के भौतिक संस्थाओं की जांच का कार्य जारी है शीघ्र जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# किताबी ज्ञान के साथ ही सामाजिक व सामान्य ज्ञान भी जरूरी : जय चौबे

**वार्षिकोत्सव**

▸▸ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी और सविता चतुर्वेदी




समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले के दक्षिणांचल में स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एसआर इंटरनेशनल एकेडमी नाथनगर में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह और गुडलक पार्टी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खलीलाबाद सदर के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले में समाजसेवा के स्तंभ सूर्या ग्रुप के चेयरमैन डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी और सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल खलीलाबाद की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सविता चतुर्वेदी भी मौजूद रहीं।

संस्थान के नौनिहालों के अभिभावक भी अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ते हुए नजर आए। सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन संस्थान के एमडी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश चतुर्वेदी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शिखा चतुर्वेदी द्वारा किया गया। अतीत के रूप में बोलते हुए पूर्व सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान व सामान्य ज्ञान होना जरूरी है। अच्छे संस्कार में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं ही भविष्य के कर्णधार होते हैं। मेरे तरफ से उन सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद है कि बोर्ड की परीक्षा हाईस्कूल और इंटर में बैठने वाले छात्र अच्छे तैयारी के साथ बैठे और अच्छे पूर्ण लेकर अगले क्लास में दाखिला लें। जिनके द्वारा समाज को एक नई दिशा प्रदान होता है।

एसआर इंटरनेशनल एकेडमी गुड लक और फेयरवेल पार्टी में 10वीं और 12वीं के नौनिहालों को बोर्ड परीक्षा के लिए अतिथियों और उनके जूनियर्स द्वारा शुभकामनाएं दीं गई। नौनिहालों द्वारा अलौकिक और अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। प्रस्तुतियों को देख मौजूद अतिथि और अभिभावक भाव विभोर हो गए। इस मौके पर उप प्रबंध निदेशक मनोज पाण्डेय, जिलापंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, अभयानंद सिंह, महेंद्र पासवान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**मुहिम** संवैधानिक अधिकारों का ज्ञान हर नागरिक के लिए जरूरी : महेंद्र सिंह

# कैदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराएगा विधिक सेवा प्राधिकरण

संवाददाता, संतकबीरनगर



कैदियों को जागरूक करती न्यायिक अधिकारियों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायिक अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कारागार में निरूद्ध बन्दियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी बंदी को अपने मुकदमे की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध न हो या वह प्राइवेट अधिवक्ता रखने में असमर्थ हो, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके लिए उन्हें जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में देना होगा। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो भी बंदी निःशुल्क अधिवक्ता के लिए प्रार्थना पत्र, प्रस्तुत करना चाहते हों उसे अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अग्रसारित करें। जिससे उन्हें नियमानुसार पैनल अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

इसके अतिरिक्त निरूद्ध बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उनके रहन-सहन, खान-पान और स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी लिया। इस अवसर पर अधिवक्ता अंजय कुमार श्रीवास्तव, राम मिलन चौधरी समेत जेल के सभी अधिकारी, कर्मचारी और बंदी मौजूद रहे।

# छात्रों की मोहक प्रस्तुति ने मोहा मन

**बलरामपुर, अमृत विचार।** शनिवार गतिविधि के तहत कंपोजिट विद्यालय मुजहनी में मीना की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा शाहीन ने मुर्गियों की गिनती कहानी पढ़कर सुनाई व कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। सेल्फ स्टीम कार्यक्रम में बदलीपुर के चीते कहानी पढ़ कर सुनाई गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोकगीत व लोक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। कक्षा 5 के छात्र अमरजीत शर्मा के ढोलक की थाप पर मीना मंच के बच्चों अमृता, सनम, गजल, मधु, मालती, गुड़िया, मीरा, सोनल, अर्पिता के द्वारा अशिक्षा, बेटी बचाओ, दहेज प्रथा पर लोक गीत व नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक महमूद उल हक़ ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में अभिव्यक्ति की क्षमता के विकास के साथ स्वयं की आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

इसीलिए सप्ताह के अंतिम दिवस में इस प्रकार के आयोजन बच्चों में मनोरजन के साथ उनमें भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के प्रति जागरूक करने का काम भी करते हैं। शिक्षिका नंदनी शुक्ला ने बच्चों से स्थानीय और घरों में मांगलिक कार्य में गाए जाने वाले लोकगीत के प्रकार और उनकी महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ अंशू, नंदिनी, माहेश्वरी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।



कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में शनिवार को गतिविधि आधारित कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## एक नजर

### केजीएमयू में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में मरीजों को जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। इसके लिए जल्द ही रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षण के लिए डॉक्टरों को भेजा जायेगा।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ.सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग बढ़ी है, इसमें जटिल सर्जरी भी सटीक संपन्न होती है। अन्य तकनीक की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी सस्ती भी होती है। केजीएमयू में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप( पीपीपी) मॉडल पर रोबोट यूनिट संचालित होगी। इसमें लंबा चीरा न लगने की वजह से खून का श्राव कम होता है और मरीज कम दवाओं का सेवन कर जल्द ही घर पहुंच जाता है और अपेँक्षाकृत शीघ्र ही दैनिक दिनचर्या शुरू कर सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक यूनिट में गेस्ट्रो, एंडोक्राइन , यूरो व जनरल सर्जरी विभाग के मरीजों की सर्जरी संपन्न होंगी।

### चौधरी चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अमृत विचार, लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली हापुड के नूरपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की ख़ुशी मनाई। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब की जन्मस्थली में भारत रत्न मिलने के बाद से दिवाली जैसा माहौल है।

# परंपरागत खेती के साथ औद्यानिक फसलों को भी बढ़ाना आवश्यक

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने की 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत



प्रदर्शनी में फल को देखते राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी।



प्रदर्शित की गई सब्जियों को देखती महिला व बच्चा। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर अपने राज्य का है। उप्र. के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत की। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। योगी ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### किसानों का किया गया सम्मान

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

# 16विभागों ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

**4.5 लाख करोड़ का निवेशः** जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

### जीबीसी के तहत प्रस्तावित निवेश व रोजगार सृजन

| रोजगार सृजन | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|
| आवास-535 | 3409 करोड़ |
| पर्यटन-6396 | 3129 करोड़ |
| पशुपालन-93 | 14 करोड़ |
| आयुष-100 | 15 करोड़ |
| सहकारिता-100 | 57 .37 करोड़ |
| दुग्ध विकास-285 | 150 करोड़ |
| ऊर्जा के अ .स्रोत विभाग-50 | 107 करोड़ |
| चि .शिक्षा विभाग-327 | 48 .15 करोड़ |
| एमएसएमई-1775 | 189 करोड़ |
| वन विभाग-67 | 575 करोड़ |
| उच्च शिक्षा विभाग-630 | 505 करोड़ |
| उद्यान विभाग-6200 | 445 करोड़ |
| आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग-500 | 100 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा-598 | 113 करोड़ |
| यूपीसीडा-1320 | 1230 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा-200 | 70 करोड़ |

### बुंदेलखंड में भी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू

**लखनऊ :** जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा, जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# देश 5वीं अर्थव्यवस्था के पायदान पर तो क्यों दे रहे हैं मुफ्त में राशन



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल यादव को असमी गमछा पहनाते असम सपा प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाए सवाल
- पार्टी मुख्यालय में एकत्र कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया?

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### अखिलेश से मिला सपा असम का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से शनिवार को सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमडंल ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में सपा असम के प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल और कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव का असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

# नव स्थापित चार ट्रामा सेंटर में जल्द ही मिलेगा इलाज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 200 कर्मियों के पद सृजित
- गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में हुआ है निर्माण

**अमृत विचारः** जल्द ही गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में नवनिर्मित ट्रामा सेंटर मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज देने लगेंगे। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक ट्रामा सेंटर में नौ डॉक्टर समेत 50 कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज मिलना शुरू हो जाएगा तो मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल में धक्के खाने से छुटकारा मिल जायेगा।

प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त करने के लिए हर जिले में जहां मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं, वहीं ट्रामा सेंटर भी खोले जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशाम्बी के नर्सिंगपुर अजुआ, औरैया में भगौतीपुर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नवस्थापित ट्रामा सेंटरों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

ट्रामा सेंटरों में गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एक ट्रामा सेंटर में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर(ईएमओ) के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन, जनरल सर्जन और एनेस्थेटिक के दो-दो पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन और नौ नर्सिंग अटेंडेंट के पद रखे गये हैं। साथ ही नौ पद मल्टी टास्क वर्कर के हैं जो कि सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे। इस प्रकार चार ट्रामा सेंटरों में कुल 200 पद सृजित किये गये हैं। पद सृजन के यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि इन चार ट्रामा सेंटर में केवल हापुड का ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं, शेष तीन जिलों के जिला अस्पताल चिकित्सा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर हो चुके हैं, इसलिए ये ट्रामा सेंटर भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ही संचालित किये जाएंगे।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संचालित 37 ट्रामा सेंटरों में पांच चिकित्सा शिक्षा विभाग में जाने के बाद 32 ट्रामा सेंटर चल रहे थे, अब हापुड़ शुरू होने के बाद संचालित ट्रामा सेंटरों की कुल संख्या 33 हो जायेगी। जल्द ही हापुड़ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जायेगी।

# धान बिक्री करने वाले 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिये कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा कर रहें थे। बैठक में उन्हें अवगत कराया गया कि बीती 14 फरवरी तक राज्य सरकार को 52 .47 लाख मीट्रिक टन धान बिक्री करने वाले सात लाख 82 हजार किसानों में 11हजार171 करोड़ रूपयों का भुगतान किया गया है। जबकि निर्धारित लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय किया जाना है। इसके लिए 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल और उच्च ग्रेड-ए धान का मूल्य 2203 प्रति कुंतल रुपये निर्धारित है। पश्चिमी प्रदेश के जिलों में पहली अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 खरीद हो चुकी है वहीं पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से 29 फरवरी तक धान खरीद जारी है। बैठक में बताया गया कि धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। धान ब्रिकी करने वाले किसानों के बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। पहली बार 40 जिलों में क्रय केंद्रों से राइस मिलों तक धान जीपीएस युक्त वाहनों से पहुंचाया गया है, प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी बनाने के लिए किया गया है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में बिहार के मधुबनी निवासी मुन्ना भाई पकड़ा गया

बहराइच, अमृत विचार

- देवरिया निवासी अभ्यर्थी के स्थान पर दे रहा था परीक्षा
- आधार प्रमाणीकरण न होने पर पुलिस ने की गहन जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** सिपाही भर्ती परीक्षा के पहले दिन जिले के सिटी मोंटेसरी परीक्षा केंद्र पर द्वितीय पाली में परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया। बिहार के मधुबनी निवासी मुन्ना भाई देवरिया जिले के एक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। आधार प्रमाणीकरण न होने पर पुलिस ने उसके अभिलेख की गहन जांच पड़ताल की तो मुन्ना भाई की करतूत की पोल खुल गई।

पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि देवरिया जिले के गौरव कुमार ने सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। आवेदन में सभी अभिलेख उसी के लगे है, लेकिन उसके स्थान पर बिहार का मधुबनी निवासी अजय कुमार द्वितीय पाली में सिटी मोंटेसरी केंद्र पर परीक्षा देता पकड़ा गया। आधार ऑथेंटिफिकेशन न होने पर इसका खुलासा हुआ। एसपी ने बताया कि सभी अभिलेखों की जांच की जा रही है। देवरिया और मधुबनी के एसपी से संपर्क कर जांच कराई जा रही है। पकड़े गए मुन्ना भाई अजय कुमार को हिरासत में ले लिया गया है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# दरियाबाद में ट्रेनों के ठहराव संशय बरकरार

**दरियाबाद, बाराबंकीः** अमृत विचारः अयोध्या-लखनऊ रेल खंड पर पड़ने वाले दरियाबाद रेलवे स्टेशन से लखनऊ की तरफ जाने वाली ट्रेनों के स्टेशन पर ठहराव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अभी तक रेलवे के उच्चाधिकारियों से ट्रेनों के ठहराव को लेकर हरी झंडी नहीं मिली है।

ऐसे में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर जहां सर्वाधिक ट्रेनें रुकती थीं। वहीं सर्वाधिक यात्री रोजाना स्टेशन से दूर दराज इलाकों से आवागमन करते थे। अयोध्या-बाराबंकी रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कोहरे को देखते हुए एक एक कर सभी ट्रेनें या तो निरस्त कर दी गयीं या फिर रेलवे लाइन के दोहरीकरण सहित दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो को तोड़कर नया प्लेटफार्म बनाने की कवायद ने दरियाबाद में ट्रेनों का ठहराव ठप कर दिया। अभी तक इस स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर संशय बरकरार है। दरियाबाद से लखनऊ की ओर रेल यात्रा करने की उम्मीद लगाए यात्रियों की प्रतीक्षा को लेकर विभाग की तरफ से लाल झंडी नहीं दिखाई गई है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म के अधूरे कार्य पर काम किया जा रहा है। स्टेशन अधीक्षक वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों के रुकने से पहले विभाग के उच्च अधिकारी जांच करेंगे। किसी प्रकार का आदेश रात्रि 12 बजे के बाद आएगा।

### एक्स-रे रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु को खतरा नहीं

**अमृत विचार,लखनऊ :** अक्सर देखा गया है कि रेडियो डायग्नोसिस के क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारी यदि गर्भवती हैं तो वह एक्स-रे का कार्य नहीं करती, उन्हें डर लगता है कि इससे निकलने वाले रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु पर दुष्प्रभाव पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह कहना है अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम महेश का। उन्होंने यह बात केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में शनिवार को एमआरआई और सीटी स्कैन में नई सीमाओं की खोज विषय पर आयोजित कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि एक्स-रे करते समय रेडिएशन को लेकर घबराना नहीं चाहिए। इसको लेकर शोध हो चुके हैं।

# मोहनलालगंज से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी



**अमृत विचार,लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

# तीन को जिले में आयोजित किया जाएगा व्यापारी महा सम्मेलनः अनूप

**श्रावस्ती।** भारतीय जनता पार्टी जिला इनकी द्वारा मार्च माह में जिले में एक बहुत बड़ा व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसके सम्बंध में भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में योजना बैठक की गयी। बैठक में मुख्यतिथि के रूप में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनूप गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ पुरुषोत्तम पूरी, विधायक रामफेरन पाण्डेय, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे।



शुक्रवार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारी वर्ग की भूमिका को सदृढ़ करने हेतु भाजपा व्यापारी महा सम्मेलन कराने जा रही है। 03 मार्च को प्रस्तावित व्यापारी महासम्मेलन जिले की श्रावस्ती विधानसभा में होना तय हुआ है। योजना बैठक में मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनूप गुप्ता ने कहाकि जिले के छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों को एक मंच पर लाया जाएगा।

व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक पुरषोत्तम पुरी ने कहाकि भाजपा सदैव व्यापारी वर्ग के हितों की चिंता करते हुए उन्हें व्यापार क्षेत्र में कई सुविधाए उपलब्ध कराती है इसीलिए आज देश के व्यापार का ग्राफ बढ़ा है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता ने कहाकि व्यापारी अपने आपको भाजपा शासनकाल में सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि भाजपा के आने के बाद से बिचौलियों, कमिश्खोरी,भ्रष्टाचार मुक्त, भयमुक्त और गुंडाराज समाप्त करके व्यापार के लिए सुरक्षित वातावरण दिया है। योजना बैठक में दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह, सुभाष सत्या, अरुण पाण्डेय, दिलीप कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मारपीट के चार दोषियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी, अमृत विचारः** न्यायालय ने शनिवार को मारपीट के आरोप में दोषी पाए गए चार लोगों को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सभी अभियुक्तों को 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।

दरियाबाद थाने में वर्ष 2013 में मारपीट का एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें प्रधान रावत पुत्र छोटी रावत, हरिकेश पुत्र प्रधान, सुखराम उर्फ खोखली पुत्र प्रधान तथा लालजी पुत्र प्रधान निवासी ग्राम पेमई का पुरवा मजरे सैदखानपुर थाना दरियाबाद को नामजद किया गया था। शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषसिद्ध करते हुए अभियुक्तों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास व 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पांचाल से निकाला गया ब्रह्म सत्संग का मंत्र

## पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन को रिटायर्ड आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है, उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है। दुनिया के साथ चलने के लिए अपनी सोच को वैज्ञानिक करना पड़ेगा।

कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी। श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं।



सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह।

इसे और अधिक बढ़ाना है। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके शैलेन्द्र

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश-विदेश में घूम- घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का दौरा करके कहा...

# हम उत्पीड़ित बच्चे की मां से करेंगे बात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि


डब्ल्यूबीसीपीसीआर की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए वहां का दौरा किया। ● एजेंसी

उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे।

आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। दास ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें पता चला कि कोई व्यक्ति एक घर में घुस आया और बच्चे को मां की गोद से फेंक दिया। उन्होंने कहा, ''हमने खुद ही परिवार से मिलने का फैसला लिया। हम बच्चे की मां से मिले...वे भोजन, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा चाहते हैं। हमने उन्हें वह सब प्रदान किया है।

बता दें कि एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था।

### केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले उत्तर 24 परगना के अशांत संदेशखाली में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## बिलकीस बानो मामला: दोषी ने पैरोल के लिए न्यायालय का किया रुख

**अहमदाबाद।** वर्ष 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या से संबंधित मामले के एक दोषी ने अपने परिवार में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने का अनुरोध करते हुए गुजरात उच्च न्यायालय का रुख किया है। रमेशभाई चंदना ने अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर रिहा किये जाने के अनुरोध को लेकर शुक्रवार को उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। चंदना और 10 अन्य को पिछले महीने तब वापस जेल भेज दिया गया था जब उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार द्वारा उन्हें दी गई छूट को रद कर दिया था। इससे पहले, मामले के एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका सात से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था।

# हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता

● भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। नरेंद्र मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें। विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है - कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें।


नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई। इस दौरान अमित शाह और जेपी नड्डा भी रहे। ● एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में 10 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है।

### गुरुग्राम में 1.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम(हरियाणा)।** गुरुग्राम में साइबर अपराधियों ने पहले एक व्यक्ति को यह बताया कि उसके द्वारा भेजे गए पार्सल में मादक पदार्थ है और फिर उसे गिरफ्तारी की धमकी देकर उससे एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 83 निवासी आशीष सरीन ने साइबर अपराध दक्षिण पुलिस थान में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें एक व्यक्ति ने कूरियर कंपनी का कार्यकारी बताकर फोन किया और बताया कि उनके द्वारा भेजे गए पैकेट में मादक पदार्थ मिला है जिससे उसे जमानत करानी पड़ेगी। इसके बाद उसने जमानत के नाम पर उससे 1.28 करोड़ रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

विरुधुनगर (तमिलनाडु), एजेंसी

● मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।



जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा-शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया कि यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर-विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।

## गुजरात में 5 पुलिसकर्मियों समेत 19 लोगों पर मामला दर्ज

भुज, एजेंसी

गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### अपहरण, जबरन वसूली का मामला

## राजद के साथ सत्ता साझा करने के दौरान गड़बड़ियां हुईं, की जा रही जांच : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि जब राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) सत्ता में थे उस वक्त कई गड़बड़ियां हुईं और अब उनकी जांच की जा रही है। दरअसल बिहार सरकार ने उन विभागों द्वारा लिये गये सभी फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया है जिनका प्रभार राज्य की पूर्व 'महागठबंधन' सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और राजद के दो मंत्रियों ललित यादव व रामानंद यादव पास था। कुमार ने इसी संबंध में मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर यह बात कही।

## दिल्ली विस में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा लाया गया विश्वास प्रस्ताव शनिवार को ध्वनिमत से पारित हो गया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन में आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी चुनौती है और यही वजह है कि उस पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए आप विधायकों को तोड़ने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भले ही भाजपा इस साल का लोकसभा चुनाव जीत जाए लेकिन आप 2029 के चुनावों में देश को उससे मुक्त कराएगी।

## सीधे ज्ञापन देने पर कर्मी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए की टिप्पणी की

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को केवल इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता क्योंकि उसने उचित माध्यम को दरकिनार कर सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी थी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ ने जिला न्यायपालिका के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए यह टिप्पणी की।

छत्रपाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल और मुख्यमंत्री सहित उत्तर प्रदेश सरकार के अन्य अधिकारियों को सीधे अभ्यावेदन भेजने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जब आर्थिक तंगी में होता है तो वह



सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख सकता है, लेकिन यह अपने आप में बड़े कदाचार की श्रेणी में नहीं आता है जिसके लिए उसे सेवा से बर्खास्त किये जाने की सजा दी जाये। अपीलकर्ता ने बरेली जिला अदालत के अन्य कर्मचारियों के उदाहरणों का हवाला दिया है जिन्होंने सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को अभ्यावेदन भेजा था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्रपाल को बहाल करने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने 2019 में बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका को खारिज कर दिया था। छत्रपाल को बरेली जिला न्यायालय में अर्दली, चतुर्थ श्रेणी के पद पर स्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। बाद में उनका तबादला कर दिया गया और उन्हें बरेली की एक बाहरी अदालत नजारत शाखा में 'प्रोसेस सर्वर' के रूप में तैनात कर दिया गया। हालांकि वह नजारत शाखा में काम करने लगे, लेकिन उन्हें एक अर्दली का पारिश्रमिक दिया जा रहा था। नजारत शाखा जिम्मेदार प्रक्रिया सेवा एजेंसी है। वरिष्ठ अधिकारियों को कई अभ्यावेदन देने के बाद, उन्हें जून 2003 में निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी।

## सड़क दुर्घटना में आप विधायक समेत पांच घायल

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के घोगरा गांव में शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक करमबीर सिंह घुमन और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करमबीर सिंह घुमन होशियारपुर जिले के दसुया से विधायक हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब घुमन कुछ कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कार में तलवाड़ा शहर की ओर जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार में उनके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। दुर्घटना में घुमन के अलावा, उनके निजी सहायक शुभम, सुरक्षाकर्मी अमृतदीप सिंह, कार चालक जस्सा सिंह और दलजीत सिंह नामक एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |


# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाई

## 21,000 करोड़ रुपये की वृद्धि से ब्याज का बोझ होगा कम, सब्सिडी पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपये कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा-अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा



करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।

### कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 12 प्रतिशत बढ़ा

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की देख-रेख में भारत से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात साल दर साल 12 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह जानकारी एपीडा के 38वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शनिवार को बयान जारी करके की गई है। जानकारी के अनुसार एपीडा की स्थापना 13 फरवरी 1986 को प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। वर्ष 1987-88 में इन उत्पादों का निर्यात मात्र 60 करोड़ डॉलर के बराबर था, जो 2022-23 में कृषि निर्यात 26.7 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह इस क्षेत्र के निर्यात में 12 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से विस्तार दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत का कुल कृषि निर्यात 53.1 अरब डॉलर रहा जिसमें एपीडा के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का योगदान 51 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा वर्ग में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 समूहों की वस्तुओं निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा था। इस अवधि में ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत तथा प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात का निर्यात भी अच्छा खासा बढ़ा है।

## एरिच ग्रुप (जर्मनी) ने पुणे में नए संयंत्र का किया उद्घाटन

**पुणे।** एरिच ग्रुप ने शनिवार को पुणे के चाकन औद्योगिक क्षेत्र में नए उत्कृष्ट विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया, यह संयंत्र कंपनी की वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस संयंत्र में कंपनी देश और विश्वभर के लिये गहन मिश्रक, संबंधित संयंत्र उपकरण और नियंत्रण प्रणालियों का उत्पादन करेगी। पुणे का संयंत्र तीन एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है और यह एरिच इंडिया के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एरिच समूह को धातुकर्म, रेफ्रेक्ट्रीज, सिरेमिक, एग्रोकेमिकल्स, फाउंड्री, बैटरी, कार्बन उत्पाद और कई अन्य उद्योग क्षेत्रों में अपनी अनूठी मिश्रण और प्रसंस्करण तकनीक के लिये दुनिया भर में एक मजबूत बाजार स्थिति प्राप्त की है। चाकन संयंत्र के उत्पादन के साथ, एरिच इंडिया अपनी क्षमता बढ़ाने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिये तैयार है।

## हिमाचल बजट: सुक्खू ने दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की

शिमला, एजेंसी

● मुख्यमंत्री ने 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया।

सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी



समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमशः 42,153 करोड़ रुपये और 46,667 करोड़ अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,550 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,350-47,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,700 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,900 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## बंधन बैंक पश्चिम बंगाल सरकार के राजस्व संग्रह के लिए अधिकृत

कोलकाता, एजेंसी

● बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक

बंधन बैंक को पश्चिम बंगाल की कर और गैर-कर प्राप्तियों के संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। निजी ऋणदाता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अधिदेश बैंक को सरकारी रसीद पोर्टल तंत्र (ग्रिप्स) के माध्यम से राजस्व इकट्ठा करने में सक्षम बनाएगा।

बैंक ने कहा कि इस अधिदेश के आधार पर लोग इस पोर्टल का उपयोग करके संपत्ति कर, मोटर वाहन कर और व्यावसायिक कर जैसे विभिन्न करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान संग्रह प्रक्रिया को संचालित करने के लिए बैंक जल्द ही पश्चिम बंगाल सरकार के साथ खुद को एकीकृत करेगा। बंधन बैंक के सरकारी मामलों के प्रमुख देबराज साहा ने कहा कि बंधन बैंक के लिए पश्चिम बंगाल शीर्ष तीन बाजारों में से एक है। राज्य में बैंक की 1,700 से अधिक लेनदेन शाखा हैं। 'ग्रिप्स' पश्चिम बंगाल सरकार को विभिन्न कर और गैर-कर भुगतान करने के लिए एक ऑनलाइन इंटरनेट-आधारित मंच है।

## पेरनोड रिकार्ड की भारत में बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्पिरिट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पेरनोड रिकार्ड की भारतीय बाजार में बिक्री चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गई है। कंपनी जुलाई से जून के वित्त वर्ष का अनुपालन करती है। पेरनोड रिकार्ड ने घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय बाजार में उसकी मांग मजबूत रही है। इसके अलावा, भारत में दूसरी छमाही (जनवरी से 24 जून) में 'मजबूत वृद्धि' की उम्मीद है। भारत पेरनोड रिकार्ड के लिए वैश्विक स्तर पर अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। कहा कि उसके अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड जेम्सन, एब्सोल्यूट और द ग्लेनलिवेट ने मजबूत वृद्धि की।

## ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को दी क्लीन चिट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ट्रांजैक्शंस की जांच में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला है। द हिंदू की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) नॉन-कंप्लायंस के कुछ अन्य मामलों के चलते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की थी।

● लेनदेन की जांच में फेमा के तहत कोई उल्लंघन नहीं मिला

ईडी की यह कार्रवाई आरबीआई के पेटीएम की सब्सिडियरी कंपनी को 29 फरवरी से नए डिपॉजिट्स स्वीकार करने से रोक लगाने के कुछ दिनों बाद हुई है। हालांकि, अब आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट और अन्य ट्रांजैक्शंस की डेडलाइन को 15 मार्च तक बढ़ा दिया है।

31 जनवरी को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा नहीं डाला जा सकेगा।

### ईडी ने पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से की थी पूछताछ

ईडी को कंपनी के फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस की जांच करने का काम सौंपा गया था। ईडी फेमा और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत वॉयलेशन या क्राइम की जांच करता है। इससे पहले, ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ आबीआई की कार्रवाई के बाद पेटीएम के सीनियर ऑफिसर्स से पूछताछ की थी और उनसे डॉक्यूमेंट्स हासिल किए थे।

